CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C

मुरादाबाद, बुधवार 3 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 109 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 11 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायर : खड़गे पेज 2



आईपीएल 2026 की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल और मोइन अली खेल टाइम्स



अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा! सम्पादकीय





पाक के लिए भारत ने इंसानियत के नाते एयरस्पेस खोला पेज 12

## योगी कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों को हरी झंडी

# उप्र में विकास के एजेंडे को मिलेगी रफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली मंजूर, अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को भी स्वीकृति
- प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर डीडीआरसी की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े 20 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई। इस बैठक में जहां पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली को मंजूरी दी गई, वहीं अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को हरी झंडी मिल गई है।

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली, 2025 को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। श्री खन्ना ने बताया कि इस निर्णय से पर्यटन विभाग की प्रशासनिक संरचना मजबूत होगी और राज्य में पर्यटन गतिविधियों को तेजी से बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर 'जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र' (डीडीआरसी) की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। श्री खन्ना ने बताया कि कैबिनेट में 20 प्रस्ताव लाए गए थे। इनमें से स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक प्रस्ताव को छोड़कर सभी पास हो गए। एक प्रस्ताव अलग से बैठक में शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि अयोध्या में एक अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत, सरकारी नौकरी कर रहे खिलाड़ियों के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में -शेष पृष्ठ दो पर





नई दिल्ली: एसआईआर के विरोध में संसद भवन में प्रदर्शन करते सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी व अन्य।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी की 900 करोड़ के हवाला नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और कथित हवाला ऑपरेटर, उसके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से जुड़े कई ठिकानों पर रांची, मुंबई और सूरत में एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन से संबंधित 900 करोड़ से अधिक के संदिग्ध हवाला नेटवर्क से जुड़ा एक मामले का हिस्सा है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फेमा की धारा 37 के तहत अधिकृत यह तलाशी अभियान रांची स्थित सीए और इस नेटवर्क का कथित सरगना नरेश कुमार केजरीवाल के यहां और उसके रिश्तेदारों और सहयोगियों के ठिकानों पर चलाया जा रहा है। ईडी का यह मामला आयकर विभाग की जांच पर आधारित है। अधिकारी ने कहा कि जांच तब शुरू हुई जब आयकर विभाग के जानकारी मिली कि केजरीवाल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नाइजीरिया और अमेरिका में अघोषित विदेशी शेल संस्थाओं को नियंत्रित करता है।

### प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम अब सेवा तीर्थ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। पीएमओ के अफसरों ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। इससे पहले केंद्र सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी रेस कोर्स रोड कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) अब 78 साल पुराने साउथ ब्लाक से निकलकर सेवा तीर्थ नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है।

# क्या रोहिंग्या शरणार्थी घोषित हुए हैं उनके लिए रेड कार्पेट लगाई जाए

## सुप्रीम कोर्ट ने किया तीखा सवाल: अगर कोई घुसपैठी है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट तीखे सवाल किए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने पूछा कि क्या भारत सरकार ने कोई ऐसा आदेश जारी किया है, जिसमें रोहिंग्याओं को 'शरणार्थी' घोषित किया गया हो? अगर कोई घुसपैठी है तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? अगर कोई घुसपैठिया आता है तो क्या हम उनके लिए लाल कॉर्पेट बिछाकर स्वागत करें? हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? याची का कहना था कि रोहिंग्या को हिरासत से गायब किया गया है, जबकि उनका डिपोर्टेशन तय प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच के सामने एक हैबियस कॉर्पस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट दाखिल की गई थी। इस रिट में रोहिंग्या लोगों की कथित हिरासत से गायब होने की बात कही गई है और अदालत से गुहार लगाई गई है कि किसी भी डिपोर्टेशन की कार्रवाई कानून द्वारा तय प्रक्रिया के मुताबिक होना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि मई में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्याओं को उठा लिया था और उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सवाल किया कि भारत सरकार का वह आदेश कहां है जिसमें उन्हें (रोहिंग्याओं को) शरणार्थी घोषित किया गया है? 'शरणार्थी' एक कानूनी रूप से परिभाषित शब्द है और सरकार द्वारा अधिकृत अथॉरिटी ही इसे घोषित कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति की शरणार्थी के रूप में कोई कानूनी स्थिति नहीं है और वह घुसपैठिया है तथा अवैध रूप से प्रवेश करता है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता रोहिंग्याओं के लिए किसी शरणार्थी दर्जे की मांग नहीं कर रहा है और न ही वह उनके डिपोर्टेशन -शेष पृष्ठ दो पर

### केरल में SIR की डेडलाइन बढ़ाने पर सोचे ईसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल में एसआईआर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि राज्य में चल रहे एसआईआर के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर है। चुनाव आयोग इसे एक हफ्ता बढ़ाने पर विचार करे। क्योंकि राज्य में 9 और 11 दिसम्बर को स्थानीय निकाय चुनाव हैं, वोटों की गिनती 13 दिसम्बर को होगी। 1.76 लाख सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगे हैं, जिनके लिए 11 दिसम्बर तक फार्म जमा करना मुश्किल हो सकता है। कोर्ट ने केरल सरकार और याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे 3 दिसम्बर की शाम 5 बजे तक चुनाव आयोग से औपचारिक अनुरोध करें। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह इन अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक और व्यक्तिगत तरीके से विचार करे और दो दिनों में निर्णय ले।

# एसआईआर पर लोकसभा में नौ दिसम्बर को होगी चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने फौरन बहस के लिए अड़े विपक्ष को मनाया
- आठ दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधार यानी एसआईआर पर लोकसभा में 9 दिसम्बर को चर्चा होगी। संसद में दो दिन से फौरन चर्चा पर अड़ा विपक्ष बहस के लिए मान गया है। मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया, 9 दिसम्बर को इलेक्टोरल रिफार्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी।

साथ ही उन्होंने कहा- एक दिन पहले 8 दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है। शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन हंगामे की वजह से सदन का कामकाज प्रभावित हुआ। विपक्ष एसआईआर और वोट चोरी के आरोप पर फौरन चर्चा की मांग पर अड़ा था।

### विपक्षी दलों ने किया संसद भवन में जोरदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां भवन परिसर के मकर द्वार के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, द्रमुक के टीआर बालू सहित संसद के दोनों सदनों के कई सांसदों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में श्रीमती गांधी व राहुल गांधी, गौरव गोगोई, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी , टीआर बालू सहित कई अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया।

# ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी : नौसेना प्रमुख

- अरब सागर में लगातार ऑपरेशन चल रहे, पाकिस्तान को आर्थिक नुकसान हुआ: दिनेश के. त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। मई 2025 में शुरू हुए इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय नौसेना ने पाकिस्तानी नेवी के खिलाफ मजबूत तैनाती की।

इसके कारण पाकिस्तान नौसेना अपने जहाज बंदरगाहों से बाहर नहीं निकाल सकी और अरब सागर के पास मकरान तट तक ही सीमित होकर रह गई। नेवी चीफ ने कहा कि बीते 7-8 महीने से पश्चिमी अरब सागर में हमारे ऑपरेशन लगातार जारी हैं। इसके चलते पाकिस्तान की ओर जाने वाले व्यापारी जहाजों के रूट कम हुए हैं। उनकी बीमा राशि महंगी हुई है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ सहयोग करेगा रूस: पेस्कोव

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की मदद करेगा। श्री पुतिन की चार दिसम्बर से शुरू होने वाली दो दिवसीय भारत यात्रा से पूर्व श्री पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हमारा मानना है कि आतंकवाद का मुकाबला करने का एक मात्र तरीका अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है।

# संचार साथी सरकार का जासूसी एप: प्रियंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने संचार साथी एप को मोबाइल पर डाउनलोड करने को हास्यास्पद बताते हुए आरोप लगाया कि यह जासूसी एप है, जिसके जरिये सरकार हर मोबाइल पर नजर रखना चाहती है।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के मोबाइल हैंडसेट पर संचार साथी एप प्री-इंस्टॉल करने संबंधी सवाल पर कहा कि संचार साथी एक जासूसी एप है और यह हास्यास्पद है। नागरिकों को निजता का अधिकार है और सभी को निजता का अधिकार होना चाहिए, ताकि वे अपने परिवार और दोस्तों को निजी संदेश भेज सकें, लेकिन सरकार इस निजता को छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ टेलीफ़ोन पर जासूसी नहीं है। वे इस देश को हर तरह से तानाशाही में बदल रहे हैं और संसद इसलिए नहीं चल रही है। सरकार किसी भी विषय पर चर्चा करने से इन्कार कर रही है और किसी भी विषय पर चर्चा नहीं होने दे रही है। यह लोकतंत्र की परंपरा नहीं है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में चर्चा होती है और हर किसी के अलग-अलग विचार होते हैं और आप उनकी बात सुनते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा ष्मोबाइल पर तरह-तरह की धोखाधड़ी हो रही है और इस धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक प्रभावी प्रणाली होनी चाहिए।


### कुवैत-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-1234 को मंगलवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। एयरबस ए321-251 एनएक्स विमान रात 1:56 बजे कुवैत से उड़ा था और सुबह 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

# सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू: राजनाथ

अहमदाबाद, वार्ता

- रक्षा मंत्री ने बड़ा राजनीतिक दावा किया
- बोले: सरदार वल्लभभाई पटेल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को रोका



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों से अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया।

गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की। कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने। रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की।

# एयर इंडिया ने एक्सपायर फिटनेस सर्टिफिकेट वाला प्लेन उड़ाया

- विमान ने आठ रूट्स पर उड़ान भरी, मामले से जुड़े लोगों को ड्यूटी से हटाया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने ए-320 नियो प्लेन को फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर होने के बाद भी 8 रूट्स पर उड़ाया। 26 नवम्बर को एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इसकी जानकारी दी।

मामला सामने आने के बाद डीजीसीए ने प्लेन के उड़ान पर रोक लगा दी है। वहीं एक्सपायर सर्टिफिकेट के साथ प्लेन को उड़ने की परमिशन देने वाले एयरलाइन के स्टाफ को ड्यूटी से हटा दिया है। फिलहाल कौन-कौन लोग इसमें शामिल थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। ए-320 नियो विमान पहले विस्तारा एयरलाइन के बेड़े में था। नवम्बर 2024 में विस्तारा का एयर इंडिया के साथ मर्जर हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे कर्मचारी के आश्रितों को एक करोड़ का बीमा राशि

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलवे सेलरी पैकेज (आरएसपी) स्कीम के अंतर्गत दिवंगत कर्मचारी अनवर अली के आश्रितों को एक करोड़ की बीमा राशि प्रदान की गई। यह राशि स्व- अनवर अली की माता एवं आश्रित कमरून निशा को दी गई। अनवर अली ट्रैक मेंटेनर के पद पर वाराणसी इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत थे। उनकी बीते 25 मार्च को ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मौत हो गई थी। मंडल प्रशासन ने बताया कि आरएसपी योजना के अंतर्गत देय राशि के त्वरित भुगतान के लिए मंडल कार्मिक विभाग एवं बैंक अधिकारियों ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी कीं। कार्यक्रम के दौरान उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने दिवंगत कर्मचारी अनवर अली को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### प्रयागराज में सम्मानित किए गए 19 बीएलओ

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में एसआईआर कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 बूथ लेवल अधिसकारियों को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी चयनित बीएलओ को प्रशस्ति पत्र और दीवार घड़ी भेंट कर उनके कार्य की सराहना की। निर्वाचन कार्य बेहद जिम्मेदारी वाला होता है और इसे निष्ठा और तत्परता के साथ निभाने वाले बीएलओ लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने साथ काम कर रहे अन्य बीएलओ को भी आयोग के निर्देशानुसार 2003 की मतदाता सूची से मैपिग का कार्य शत-प्रतिशत एवं शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित करें।

# गुजरात के नौजवानों को नशे और अपराध की दुनिया में धकेल रही सरकार: राहुल गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुजरात सरकार पर प्रदेश में नशीले पदार्थों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा के कौन से नेता है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

गांधी ने मंगलवार को गुजरात सरकार पर हमला बोलते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि गुजरात में चल रही कांग्रेस की जन आक्रोश यात्राओं के दौरान लोगों ने, खासकर महिलाओं ने बार-बार कहा है कि राज्य में बढ़ते नशे, अवैध शराब और अपराध ने उनके जीवन में असुरक्षा को गहरा दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात महात्मा गांधी और सरदार पटेल



■ भाजपा नेता के संरक्षण में चल रहा धंधा

की वह धरती है, जहां सत्य, नैतिकता और न्याय की परंपरा रही है, मगर पिछले कुछ सालों से प्रदेश के युवाओं का भविष्य ड्रग्स और अपराध की अंधेरी दुनिया की ओर धकेला जा रहा है। गांधी ने गुजरात सरकार से सवाल पूछा- गुजरात पूछ रहा है, भाजपा सरकार चुप क्यों है? प्रदेश सरकार में वह कौन मंत्री है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

### हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायर: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि नेशनल हेराल्ड मामले में उनकी पार्टी को निशाना बनाने के लिए जब भारतीय जनता पार्टी सरकार को कुछ नही मिला, तो कांग्रेस नेताओं के खिलाफ साजिश के तहत पुराने मामले में नई प्राथमिकी दायर की गई है। खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 12 साल बाद अचानक गांधी परिवार पर कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाने वाले पुराने मामले में एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई।

# राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को राहत

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंपों और संबंधित गतिविधियों में शामिल होने की पूरी अवधि, आवागमन के समय सहित 'ड्यूटी' मानी जाएगी।

मंत्रिमंडल के इस फैसले से खिलाड़ियों को अनुमति लेने में होने वाली मुश्किलें खत्म होंगी। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अब तक 'अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022' में ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। सेवा नियमावली में अवकाश संबंधी प्रावधान न होने के कारण खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं



■ सरकार ने साफ किया 'ड्यूटी' मानने का नियम

और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए अनुमति प्रक्रिया में दिक्कतें आती थीं।

उन्होंने कहा कि अब सरकार नई प्रणाली लागू कर रही है, जिसमें साफ व्यवस्था होगी कि नियुक्त खिलाड़ी जब भी किसी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, कैंप या प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लें, वह अवधि सेवा अवधि (ड्यूटी) मानी जाएगी। इसमें आने-जाने का पूरा समय भी शामिल होगा। इससे न केवल खिलाड़ियों को अपने खेल करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, बल्कि राज्य का प्रतिनिधित्व भी और मजबूत होगा, क्योंकि अब उन्हें अनुमति लेने में कोई बाधा नहीं आएगी। मंत्रिमंडल ने वाराणसी में निर्माणाधीन डा. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा के संचालन, प्रबंधन और रखरखाव तथा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ हुए एमओयू को मंजूरी दे दी है। यह वही स्टेडियम है, जहां 'खेलो इंडिया' योजना के तहत आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है। एमओयू के तहत स्टेडियम परिसर में मौजूद खेल सुविधाओं जैसे, भवन, ढांचे, मैदान और अन्य अवसंरचनाओं को साई को सौंपा जाएगा।

### योगी और धर्मेंद्र प्रधान ने किया 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में 2 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नमो घाट पर किया। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कल्याण एवं खेल राज्य मंत्री डा. एल. मुरुगन, पुडुचेरी की उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## योगी मंत्रीमंडल में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए बोले वित्तमंत्री

# यूपी के हर मंडल में बनेगा दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिव्यांगजनों के लिए एक अहम निर्णय लिया गया।

सरकार ने राज्य के सभी 18 मंडलों में नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) खोलने को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में प्रदेश के 38 जिलों में ऐसे केंद्र चल रहे हैं, लेकिन कतिपय समस्याओं के कारण कई जगह संचालन प्रभावित हो रहा था। अब सरकार पूरे ढांचे को नए सिरे से संसाधनों से लैस करते हुए संचालित करने जा रही है, ताकि दिव्यांगजनों को मिलने वाली सेवाओं में कोई बाधा न आए। कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नए डीडीआरसी खुलने से प्रदेश में



**अयोध्या में विश्व स्तरीय संग्रहालय बनेगा, जिसके लिए टाटा को जिम्मेदारी सौंपी गई है**

दिव्यांगजनों को एक ही जगह पर सर्वे, पहचान, शिविर, सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग फिटमेंट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी जैसी नैदानिक सेवाएं भी इन केंद्रों पर दी जाएंगी।

यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांग प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने में भी अब लोगों को ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से मिल सकेगा तथा उनके पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया मजबूत होगी। सरकार ने अयोध्या को विश्व स्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मंत्रिमंडल ने टाटा सन्स के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित विश्व स्तरीय 'मंदिर संग्रहालय' का दायरा और बढ़ा कर दिया है। खन्ना ने बताया कि टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसके लिए कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा, जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। परियोजना हेतु भूमि आवंटन के लिए भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एम्ओयू बीते 3 सितम्बर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी, लेकिन टाटा संस ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी।

### बरेली और कानपुर में दो बड़ी पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी

**लखनऊ।** योगी मंत्रिमंडल ने शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2-0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी। बरेली नगर निगम में पेयजल प्रणाली को नए सिरे से विकसित करने के लिए फेज-1 पुनर्गठन परियोजना को व्यय वित्त समिति से 26,595.46 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 8,530.96 लाख, राज्य सरकार का 14,504.95 लाख और नगर निगम का अंश 2,559.55 लाख रुपये शामिल है।

# बीजेपी जाए, तो निजता बच पाए: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने संचार साथी ऐप को पर जारी किए गए केंद्र सरकार के निर्देशों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सपा मुखिया ने भारतीय जनता पार्टी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश यादव ने लिखा कि बीजेपी जाए , तो निजता बच पाए। कन्नौज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद अखिलेश ने लिखा कि जिनका इतिहास ही मुखबिरी का रहा हो, वो जासूसी करना कैसे छोड़ सकते हैं। भाजपा सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी तो पहले ही छीनी जा रही थी, अब घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, मित्रता-कारोबार की आपसी बातचीत पर भी भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की गिद्ध निगाह लग जाएगी। अब जनता ने फैसला कर लिया है भाजपा सरकार नहीं चाहिए, तो नहीं चाहिए. भाजपा जाए तो निजता बच पाए!



### घोसी उपचुनाव में सुजीत सिंह होंगे सपा प्रत्याशी

**मऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश स्थित जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने मऊ स्थित घोसी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को सुधाकर सिंह के कर्म में मऊ पहुंचे शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि स्व. सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह ही उम्मीदवार होंगे। शिवपाल ने कहा कि हम लोगों को पूरा सहयोग और आशीर्वाद सुजीत को है। हम लोग यहां आकर इनकी मदद करेंगे।



सेंसेक्स 85138.27
निफ्टी 26032.20



सोना रु. 126720
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 173340
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स लुढ़का



मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.63 अंक (0.59 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 143.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूटकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ। औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े कमजोर रहने के बाद मंगलवार को बाजार में शुरू से ही बिकवाली हावी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। एनएसई के सूचकांकों में फार्मा को छोड़कर सभी में गिरावट रही। निजी बैंकों, वित्तीय सेवाओं, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और धातु समूहों में ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटे। एशियन पेंट्स में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, हिदुस्तान यूनीलिवर और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

### लक्जरी हॉस्पिटैलिटी और ग्रीन प्रोजेक्ट्स में रूचि दिखा रहे हैं सिंगापुर के निवेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से चल रही अंतर्राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क ने सोमवार को पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी और संबद्ध क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं को लेकर निवेशकों के साथ कई महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठकें कीं। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि इस रणनीति के अनुरूप, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क का नेतृत्व करते हुए इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने सिंगापुर में ग्रीनफील्ड वेंचर्स के मुख्य संचालन अधिकारी अमृतांशु रॉय के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान, इन्वेस्ट यूपी टीम ने अयोध्या, वाराणसी, मथुरा सहित उत्तर प्रदेश के अन्य उच्च-संभावना वाले पर्यटन क्षेत्रों में स्थित पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया।

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** मंगलवार की सुबह ट्रेडर्स ने पिछले सेशन की तेज रैली के बाद मुनाफा वसूली की। यही वजह रही कि एमसीएक्स पर दोनों धातुएं नीचे खुलीं। दोपहर 3.40 बजे तक सोना 0.47 प्रतिशत गिरकर 1,26,720 प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी 2.73 प्रतिशत फिसलकर 1,73,340 प्रति किलो पर आ गई।

इससे ठीक पहले सोमवार को सोना छह हफ्तों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था, क्योंकि बाजार को फेड की संभावित दर कटौती की उम्मीदें सपोर्ट दे रही थीं। कमजोर रुपया ने भी घरेलू कीमतों को ऊपर धकेला है, जो हाल ही में डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड लो पर गया। चांदी की कीमतों में मुनाफावसूली से पहले की हालिया उछाल की सबसे बड़ी वजह 'सिल्वर स्क्वीज' है। चीन के अक्टूबर में चांदी के निर्यात 660 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। वहीं इन्वेंट्री दस साल के निचले स्तर पर चली गई। यह सप्लाई टाइटनेस लंदन तक फैली दिख रही है। 2025 चांदी बाजार के लिए लगातार पांचवां डेफिसिट वाला साल होगा। इस कमी के चलते लिक्विडिटी पर दबाव पड़ा, लीज़ रेट्स बढ़े और अमेरिकी सीएमई वॉल्ट्स में डिलिवरी भी बढ़ी। इतना ही नहीं अमेरिका ने चांदी को 2025 की 'क्रिटिकल मिनरल' लिस्ट में शामिल किया है। इससे इसकी रणनीतिक अहमियत और बढ़ गई है। च्वाइस ब्रोकिंग के अमीर मकड़ा ने कहा कि चांदी मजबूत अपट्रेंड में है और इसका मोमेंटम अभी भी कायम है। उनके मुताबिक चांदी के लिए अहम सपोर्ट 1,42,285 और 1,21,437 पर है।

# सतत विकास की आधारशिला है पारदर्शिता: सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पारदर्शिता को सतत विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देकर लोगों का सहयोग हासिल किया है और अर्थव्यवस्था को गति दी है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां ग्लोबल फोरम की 18वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए कर मामलों में पारदर्शिता सदैव प्रशासनिक सुधारों से कहीं अधिक रही है। यह उस गहरे सिद्धांत से जुड़ा है कि आर्थिक शासन की नींव निष्पक्षता और उत्तरदायित्व पर आधारित होनी चाहिए। जब आम लोग और कंपनियां अपना उचित कर अदा करती हैं और कर चोरी को प्रभावी रूप से रोका जाता है, तब समाज अधिक सशक्त और समानतापूर्ण बनता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता को केवल अनुपालन के उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि सतत विकास और राजकोषीय सुदृढ़ता की आधारशिला के रूप में देखना आवश्यक है। भारत का अनुभव इस समझ को और मजबूत करता है। मौजूदा सरकार के अनुभवों को साझा करते हुए



वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन में स्पष्ट वृद्धि देखी है। नागरिक तब अधिक सहयोग देते हैं जब उन्हें विश्वास होता है कि प्रणाली ईमानदारी को प्रोत्साहित करती है और कर चोरी के खिलाफ दृढ़तापूर्वक कार्रवाई करती है। यह केवल प्रवर्तन से नहीं बल्कि स्पष्टता, सरलीकरण और करदाताओं के साथ विश्वास निर्माण के निरंतर प्रयासों से भी संभव हुआ है।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता करदाताओं की नैतिकता को बढ़ाती है। जब लोगों को भरोसा होता है कि प्रणाली निष्पक्ष है और नियम निरंतर रूप से लागू होते हैं, तो स्वैच्छिक अनुपालन मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि जो दुनिया कभी गोपनीयता और सीमित जानकारी तक सिमटी थी, वह अब बदलकर ऐसी हो गई है, जहां पारदर्शिता को निष्पक्षता, अनुपालन और उत्तरदाई शासन के लिए अत्यंत आवश्यक माना जाने लगा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र में विकास...** बिताए गए समय को 'ड्यूटी' (कर्तव्यार्थ व्यतीत अवधि) माना जाएगा। कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के चैनेज सं0 45 980 किमी पर स्थित घाघरा पुल के क्षतिग्रस्त भाग के स्थायी सुरक्षात्मक कार्य कराए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। इसके अलावा अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-2.0 (अमृत-2.0) योजनान्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल पाइप लाइन विस्तार से संबंधित प्रायोजना के लिए 316.78 करोड़ की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट की बैठक में अमृत-2.0 योजनान्तर्गत बरेली में पेयजल पुनर्गठन योजना फेज-1 से संबंधित प्रायोजना के लिए 265.95 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया। इसके अलावा अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 और औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के अन्तर्गत गठित इम्पावर्ड कमेटी की 15 मई, 2025 को हुई बैठकों में की गई संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में डा. सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा वाराणसी के संचालन और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा उपलब्ध कराए गए एमओयू के संबंध में फैसला लिया गया है।

**क्या रोहिंग्या...** का विरोध कर रहा है, लेकिन डिपोर्टेशन कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां मामला हिरासत से गायब होने का है। सरकार ने स्वयं डिपोर्टेशन की प्रक्रिया तय की है, जिसका पालन होना चाहिए। उन्हें चुपचाप कहीं भेज देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी हानिकारक है और ऐसा नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रोहिंग्या मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में है और उन्हीं याचिकाओं के साथ इस अर्जी को सुना जाएगा। सीजेआई ने इस दौरान टिप्पणी में कहा कि अगर उन्हें भारत में रहने का कानूनी अधिकार नहीं है और वे घुसपैठिए हैं, उत्तर भारत की सीमा बहुत संवेदनशील है और ऐसे में अगर कोई घुसपैठिया आता है, तो क्या हम उसे रेड कॉर्पेट (लाल कालीन) बिछाकर स्वागत करें और सारी सुविधाएं दें? सीजेआई ने पूछा कि उन्हें वापस भेजने में समस्या क्या है? वकील ने कहा कि उन्हें वापस भेजा जाना चाहिए, परंतु कानून के अनुसार। इसके बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि पहले आप (रोहिंग्या) अवैध रूप से सीमा पार करते हैं। सुरंग खोदकर या बाड़ लांघकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब चूंकि आ गए हैं इसलिए देश की सारी कानून-व्यवस्था उन पर लागू हो और वो भोजन, आश्रय, बच्चों की शिक्षा सबका हकदार हों। क्या हम कानून को इतना खींचना चाहते हैं? याचिकाकर्ता की वकील ने कहा कि वह कानून को खींचने की मांग नहीं कर रही हैं, बल्कि सिर्फ इतना चाहती हैं कि निर्वासन की वर्तमान विधिक प्रक्रिया लागू की जाए। उन्होंने 2020 के सलीमुल्लाह मामले का उल्लेख किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि रोहिंग्याओं का निर्वासन केवल प्रक्रिया के अनुसार ही किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां बहुत से गरीब लोग हैं, और हमें उन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? क्यों न उन पर ध्यान दें? वकील ने स्पष्ट किया कि वह किसी पुनर्वापसी की मांग नहीं कर रही हैं। याचिकाकर्ता पक्ष ने कहा कि उसकी सीमित प्रार्थना यह है कि डिपोर्टेशन का आदेश सरकार के नियम के अनुसार किया जाए। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह याचिका एक पीआईएल याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई है, किसी प्रभावित व्यक्ति द्वारा नहीं।

# यूपी में बदलेगी डीएल अप्रूवल की प्रक्रिया

## तेजी से बनेंगे लाइसेंस, नई एजेंसियों ने संभाला कामकाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रोसेस में बदलाव दिख सकता है। हाल ही में डीएल से जुड़े सारे कामकाज नई एजेंसी को सौंपा गए हैं। कंपनी ने हार्डवेयर इंस्टालेशन का काम भी पूरा कर लिया है। अब डीएल बनाने का काम नई कंपनी के कर्मचारी करेंगे। बता दें कि नई कंपनी को काम स्थानांतरण के चलते 25 से 29 नवंबर तक नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाने संबंधी कामों पर रोक लगी थी।

प्रदेश में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की जिम्मेदारी 3 एजेंसियों को दी गई है। लखनऊ में सिल्वर टच को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। फोकाम नेट व रोजमार्टा के पास अन्य जिलों का काम है। अब तक स्मार्ट चिप नाम की कंपनी के पास डीएल संबंधित कामकाज



की जिम्मेदारी थी, यहां तकरीबन 300 कर्मचारी इस काम में लगे थे। डीएल संबंधी हार्डवेयर इंस्टालेशन के चलते कुछ दिनों तक ड्राइविंग लाइसेंस अप्रूवल का काम बंद था। इस दौरान आवेदकों को काफी असुविधा भी हुई, लेकिन अब नई कंपनियों के काम संभालने के बाद यह काम फिर से शुरू हो गया है। एजेंसी के अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों को ट्रांसफर नई कंपनियों में ट्रांसफर कर दिया गया है। स्मार्ट चिप कंपनी के पास जब डीएल अप्रूवल का काम था, तो कभी चिप की कमी और कभी तकनीक में गड़बड़ी से हजारों डीएल महीनों बाद तक नहीं पहुंचाए जा सके थे। 2023 में एक समय तीन लाख ड्राइविंग लाइसेंस लंबित हो गए थे। ऐसे में सरकार ने दूसरी कंपनियों को इसका काम सौंपने का निर्णय लिया। पिछले हफ्ते नए सिस्टम इंस्टालेशन के कारण 3-4 दिनों तक डीएल अप्रूवल बंद रहा, जिससे हजारों आवेदन अटक गए थे। नई व्यवस्था से ये दिक्कतें दूर होंगी, प्रोसेसिंग में तेजी आएगी। इसके अलावा पहले आधार कार्ड में पिता के नाम की अनिवार्यता से डीएल प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। इससे तकनीकी दिक्कतें भी आ रही थीं। उम्मीद जताई जा रही है डीएल संबंधित ये सभी परेशानियां अब दूर हो जाएंगी। इसके अलावा अब ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर (एडीटीसी) पर ड्राइविंग टेस्ट की शुरुआत भी हो रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कांठ/जाता, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भीषण हादसे में तीन की दर्दनाक मौत








मृतक बाइक सवार रंजीत व लाला तथा पिकअप चालक फिरोज।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** वनवे नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कंटेनर चालक ने बाइक सवार व पिककप वाहन में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोगों सहित पिकअप चालक गम्भीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को उपचार के लिए धामपुर सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा इतना भीषण था कि आसपास के लोगों के रोंगटे खड़े हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे पर काफी समय से लेट लतीफ चल रहे कार्य के चलते कुछ जगहों पर वनवे होने से मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे नेशनल हाईवे मुबारकपुर कुण्डा स्थित पर उस समय बड़ा हादसा हो गया जब धामपुर की ओर से तेज गति में आ रहे कंटेनर चालक ने अफजलगढ़ की ओर से धामपुर की ओर आ रहे बाइक व पिकअप में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर चालक बाइक और पिकअप को लगभग 30 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान हाईवे की रेलिंग भी टूट गई। पिकअप वाहन हाईवे पर पलट गया, जबकि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। भीषण टक्कर होने की तेज आवाज से आसपास के लोग इकट्ठा हो गये और तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी।

जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मोके पर पहुंचे और बाइक सवार दोनों युवकों सहित पिकअप चालक को बाहर निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना में बाईक पर सवार मृतकों की पहचान लखीमपुर खीरी के बिछवी गांव निवासी बाइक सवार रंजीत पुत्र रामशंकर व लाला पुत्र भैया लाल के रुप में हुई। जबकि पिकअप चालक की पहचान फिरोज पुत्र मौहम्मद उमर नई बस्ती जसपुर के रुप में हुई है।

## परिजनों में मचा कोहराम

वहीं घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दे दी गयी है।

डंपर चालक की लापरवाही के चलते दो बाइक सवारों सहित पिकअप चालक की हुई मौत की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। हादसे की जगह पर खड़े लोग, औरते व बच्चे तीन लाशों को देखकर रोते नजर आये।

उधर हादसे के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर एसपी पूर्वी धामपुर एके श्रीवास्तव व सीओ अफजलगढ़ सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू करते हुए पुलिस को दिशा निर्देश दिए है।





## फोरलेन पर धीमी गति से कार्य करने की वजह से हुआ भीषण हादसा

**शेरकोट।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा फोरलेन हाईवे पर जगह-जगह क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण कछुए की चाल से होने के कारण जगह-जगह वनवे होने की वजह से लगातार हादसे होने से कई लोग मौत की आगोश सो गए हैं। लगातार मीडिया द्वारा समय-समय पर खबरे प्रकाशित होने के बावजूद भी किसी अधिकारी ने मामला संज्ञान में न लेने की वजह से मंगलवार को तीन लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों को चाहिए की भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए,जो उनको लापरवाही का सबक मिल सके।

## सड़क हादसे में तीन की मौत की गूंज मुख्यमंत्री लखनऊ तक पहुंची

**शेरकोट।** नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे मे तीन लोगों की मौत की गूंज लखनऊ मुख्यमंत्री तक पहुंचने पर उन्होंने मृतकों के परिवारों को सांत्वना व्यक्त करने के साथ-साथ अधिकारियों से मौके पर पहुंच कर जांच कर घायलों का सही उपचार कराने के साथ-साथ कार्यवाही के निर्देश दिए है।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर विशेष

# दिव्यांगों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे एमआर पाशा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा दिव्यांगों की लड़ाई मजबूती व ईमानदारी से लड़ रहे है।

खासबात यह है कि बुढ़नपुर निवासी एमआर पाशा खुद दिव्यांग हैं, लेकिन अपने जैसे ही दूसरे कई दूसरों की जिंदगी में नया सवेरा करने में शुरू से जुटे हुए हैं। वह दिव्यांगों को सहायक उपकरणों का वितरण और जीविकोपार्जन के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ दिला रहे है। एमआर पाशा की मुहिम दिव्यांगता की बेड़ियों को तोड़ अपने जैसे हजारों ठिठके कदमों को उम्मीदों भरी नई रफ्तार सौंप रही है। खुद की दिव्यांगता के दंश पर धैर्य खोने की बजाय अपनी हिम्मत के जरिए उन्होंने दूसरे दिव्यांगों के जीवन में उजाला किया है। जरूरतमंदों को सहायक उपकरणों के वितरण संग जीविकोपार्जन के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ वह लाखों दिव्यांगों को दिला चुके हैं। ग्राम बुढ़नपुर में वर्ष 1984 में जन्मे एमआर पाशा दिव्यांग हैं। उन्होंने स्योहारा के एमक्यू इंटर कॉलेज से 12वीं और धामपुर के आरएसएम डिग्री कॉलेज से बीएससी की शिक्षा प्राप्त की।

वह बताते हैं कि बचपन से ही उन्होंने दिव्यांग होने के चलते बहुत सी चुनौतियों का सामना किया। बावजूद इसके कभी इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। पढ़ाई के समय से ही उनके मन में दूसरे दिव्यांगों की मदद करने का जज्बा कायम था। वर्ष 2000 में उन्होंने संगठन बनाते हुए दिव्यांगों को एक प्लेटफार्म पर साथ जोड़ने की मुहिम शुरू की। अपनी आजीविका के लिए वह गांव में ही जूनियर हाई स्कूल चलाते हैं। भविष्य में विकलांग व वृद्धाश्रम खोलने के साथ ही कैलिपर्स बनाने की फैक्टरी लगाने को उन्होंने अपना अगला लक्ष्य बताया। एमआर पाशा दिव्यांगों को अपनी पहल से कृत्रिम अंग वितरित कर समाज की मुख्य धारा संग जोड़ रहे हैं। साल 2000 में बनाई गई राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के जरिए दिव्यांगों की आवाज को हर स्तर पर बुलंद करते है। हजारों जरूरतमंदों, दिव्यांगों, वृद्ध व असहाय लोगों को कृत्रिम अंगों के वितरण संग पेंशन सहित अन्य दूसरी सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिला चुके हैं। सर्दियों में लिहाफ-कंबल वितरण की उनकी मुहिम भी लगातार आगे बढ़ रही है। वह कभी भी हिम्मत नहीं हारते है। हालांकि उन्हें अपनी इस मुहिम को परवान चढ़ाने के दौरान तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

# महिला की मौत पर हंगामा

## पुलिस ने शांत कराया मामला



**नीटू जोशी**

**नूरपुर।** महिला की मौत पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस ने बामुश्किल मामला शांत कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र शिवाला कलां के ग्राम रतनगढ़ निवासी ममता (30 वर्ष) पत्नी सुभाष बीमार थी। सुभाष ने पत्नी को उपचार के लिए कस्बे के मौहल्ला शहीद नगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां चिकित्सक ने महिला की गंभीर हालत देखकर उसे मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया।

आरोप है कि मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में ही ममता ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव अस्पताल के गेट पर रखकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गुस्साए परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया।

देर रात दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गई। परिजन शव को घर ले गए।

# चेयरमैन लोकेन्द्र ने कब्रिस्तान के लिए दी जमीन

## क्षेत्र में हो रही सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत के चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी ने मानवीय और सामाजिक संवेदनाओं को प्राथमिकता देते हुए बच्चों के कब्रिस्तान के लिए भूमि उपलब्ध कराकर एक बड़ा कार्य किया है।

लंबे समय से क्षेत्र में बच्चों के लिए अलग से कब्रिस्तान की जरूरत महसूस की जा रही थी, जिसके समाधान हेतु चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी ने व्यक्तिगत रुचि दिखाते हुए देवी काली मंदिर के पीछे लगभग 360 गज भूमि कब्रिस्तान हेतु सुनिश्चित कर दी है। जमीन निर्धारित किए जाने के समय मौके पर बिट्टू जोशी, कांता प्रसाद, चांद बाबू, संदीप जोशी, हर्ष जोशी, त्रिलोकी, मुन्ना सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम समाज के हित में ऐतिहासिक साबित होगा और बच्चों के अंतिम संस्कार से संबंधित लंबे समय से चल रही समस्या पर पूर्ण विराम लगेगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी द्वारा लिया गया यह निर्णय क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने को और मजबूत करेगा तथा भावी पीढ़ियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण व्यवस्था साबित होगी।



## एक नजर

### युवक को गोली मारी

**हल्दौर।** गांव अम्हेड़ा में मंगलवार देर शाम एक युवक को अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्राम निवासी नवाजिश (22) पुत्र अकबर अपने घर के बाहर मोबाइल फोन पर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान कुछ दूरी से आए अज्ञात व्यक्ति ने उस पर फायर झोंक दिया। गोली युवक की पीठ में लगी, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े और घायल नवाजिश को तुरंत उठाकर परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे गंभीर हालत में बिजनौर के अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और आसपास के क्षेत्र की छानबीन की। पुलिस का कहना है कि हमलावर की पहचान करने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी है।

### बजाज शुगर मिल का बड़ा ऐलान

**झालू।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड बिलाई ने गन्ना किसानों के लिए राहतभरी खबर दी है। मिल द्वारा पराई सत्र 2024-25 में 104.62 लाख कुंतल गन्ना खरीदा गया था, जिसका कुल मूल्य 38199.65 लाख रुपये बनता है। मिल प्रशासन ने बताया कि उक्त राशि का समस्त बकाया गन्ना भुगतान दो दिसंबर को संबंधित गन्ना समितियों को भेज दिया गया है। इससे क्षेत्र के हजारों गन्ना किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। किसानों का मानना है कि समय पर भुगतान से रबी सीजन की तैयारियों में बड़ी मदद मिलेगी। मिल प्रबंधन ने भविष्य में समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया है।

### गंदा पानी जमा होने से परेशानी

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा गढ़ू निकट चंद्रायन होटल एक्सिस बैंक निवासी ब्रजेश ने बताया कि उनके घर के सामने छोटा नाला है, जिसमें आएदिन गंदा पानी भरा ही रहता है। आसपास का गंदा पानी जमा होकर पीड़िता के घर तक पहुंच जाता है। जिससे पीड़िता ब्रजेश बहुत ज्यादा परेशान रहती है। नाले के पानी से बहुत ज्यादा बदबू भी आती है, आस पड़ोस के लोग भी इस बदबू व गंदे पानी के जमाव व भराब से बहुत ज्यादा परेशान है। पीड़ित महिला ने भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज की जिलाध्यक्ष निशि चौधरी से संपर्क किया। जिलाध्यक्ष ने पीड़िता ब्रजेश की समस्या सुनकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिलवाया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पुष्पा, ब्लॉक अध्यक्ष सीमा चौधरी, ग्राम अध्यक्ष कविता, निधि शर्मा, दीक्षा, ब्रजेश, हिंद युवा महाशक्ति के जिला मीडिया प्रभारी विकास कुमार व ग्राम अध्यक्ष सतेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षक शादाब सम्मानित

**नजीबाबाद।** एसडीएम शैलेंद्र कुमार ने तहसील के डबाकरा हॉल चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बीएलओ उर्दू शिक्षक हाफिज शादाब मुल्तानी को एसआईआर का 100 प्रतिशत काम को जल्दी पूरा करने पर प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। उर्दू शिक्षक शादाब मुल्तानी के एसडीएम द्वारा सम्मानित होने पर मुल्तानी बिजनौर चैप्टर की जानिब से उन्हें मुबारकबाद पेश की गई।

### छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

**बिजनौर।** विवेक विश्व विद्यालय के माइक्रो बायोलॉजी विभाग के छात्रों ने हाल ही में पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार का शैक्षणिक दौरा किया। यह दौरा छात्रों के शैक्षणिक और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। छात्रों का स्वागत रिसर्च फाउंडेशन की टीम ने किया और उन्हें संगठन के औषधीय पौधों की खेती, हर्बल प्लांटेशन और आधुनिक प्रयोगशालाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने देखा कि कैसे आयुर्वेदिक और हर्बल उत्पादों के निर्माण में विज्ञान और तकनीक का उपयोग किया जाता है। दौरे के दौरान छात्रों ने माइक्रोबायोलॉजी लैब का अवलोकन किया, जहां उन्होंने विभिन्न माइक्रो बियल कल्चर और परीक्षण विधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। प्रशिक्षकों ने उन्हें माइक्रोबियल परीक्षण, उत्पादों में जैविक गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया और प्रयोगशाला सुरक्षा उपायों के बारे में समझाया।

## राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर एसो. ने सौंपा ज्ञापन

**बिजनौर।** राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर अन्य संगठनों के पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के सेवानिवृत अधिकारी, कर्मचारी विकास भवन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपस्थित हुए। जिसमें सैकड़ों की संख्या में सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी संगठनों के पदाधिकारीगण ने आठवें वेतन आयोग में निर्धारित टर्म्स ऑफ रिफरेंस में उल्लेखित परा तीन जिसमें पेंशन को नॉन कंट्री ब्यूटी फंड पेंशन योजना के अन्तर्गत उल्लेखित किया गया है। भारत सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने वाली नीति के विरूद्ध रोष प्रकट किया। इसके बाद जुलूस की शक्ल में राष्ट्रीय ध्वज सहित विकास भवन प्रांगण में चलकर जिलाधिकारी के कार्यालय को प्रस्थान किया। उसके बाद डीएम को ज्ञापन प्रस्तुत किया। जिसमें आठवें वेतन आयोग में पेंशन. रों के विरूद्ध अपनी नीति में संशोधन करने की प्रार्थना की गई है। उक्त ज्ञापन मान्य प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं वित्त मंत्री भारत सरकार यशस्वी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया है।

शिक्षा विभाग सिंचाई विभाग दूरसंचार विभाग राजस्व विभाग चालक संघ शिक्षा विभाग ग्राम में विकास विभाग मत्स्य विभाग कृषि विपणन विभाग कलेक्ट्रेट वन विभाग के पेंशनर्स उपस्थित हुए।

मुख्य रूप से ओमप्रकाश शर्मा अध्यक्ष सिंचाई विभाग संघ, मास्टर शहादत हुसैन, कल्याण सिंह, मुजाहिद हुसैन, दिलशाद जहां, अफरोज बेगम, प्रीतम सिंह, आदर्श गुप्ता, इरशाद चौधरी, लीलावती शर्मा द्वारा संगठन को मजबूत बनाने हेतु एकता पर बल दिया गया।

## शाह टाइम्स में प्रकाशित खबर का असर

# चोरी से काटी गई लकड़ी बैरंग वापस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** बिजली घर पर रात के अंधेरे में चोरी-छिपे हरे पेड़ों की कटाई का मामला शाह टाइम्स में प्रमुखता के साथ प्रकाशित होते ही विभाग में हड़कंप मच गया। जैसे ही खबर सामने आई, मामले को दबाने की हड़बड़ी में कटे हुए पेड़ों की कुछ लकड़ी दोबारा बिजली घर में लाकर डाल दी गई, जिसे देखकर सभी हैरान रह गए।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पेड़ों की कटाई विभागीय अधिकारियों संरक्षण में की गई, लेकिन खुलासा होते ही जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने की कोशिश शुरू हो गई। खास बात यह है कि घटना में भूमिका निभाने वाले अधिकारी पत्रकारों के फोन तक उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है। जिससे संदेह और गहरा हो गया है। एक्सईन बिजनौर अजय कुमार कैम ने बताया कि जांच हेतु एसडीओ को निर्देशित कर दिया गया है । जो भी दोषी होगा, उस पर कार्यवाही की जाएगी ।

### एसडीओ ने की पहली कार्रवाई

**झालू।** उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद ने बताया कि मामले की प्रारंभिक जांच में एक कर्मचारी की संलिप्तता पाए जाने पर उसे तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। वहीं बिजली घर पर तैनात जेई सुदेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि- नोटिस के जवाब के बाद आगे सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### नागरिकों में देखा जा रहा आक्रोश

**झालू।** घटना सामने आने के बाद नागरिकों में रोष व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि सरकारी परिसर में खड़े पेड़ों का बिना अनुमति कटान गंभीर अपराध है और इसमें शामिल सभी जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होना आवश्यक है। सभी की निगाहे आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

दूसरी तरफ जहां एक ओर बिजली घर के भीतर विभागीय कर्मचारी चोरी-छिपे हरे पेड़ काटने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों से एलटी लाइन का तार खिंचवाने के नाम पर खुलेआम वसूली का खेल चल रहा है। किसानों का कहना है कि लाइनमैन तीन हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। भुगतान न करने पर काम टाल दिया जाता है। एक किसान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रुपये न दे पाने के कारण उसे पंद्रह दिन गेहूं बोने में देरी करनी पड़ी। जिससे भारी नुकसान हुआ। किसान का आरोप है कि बिजली लाइन में ढील होने से एक किसान का गन्ना जल गया, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### लाइनमैन ने लगाया बड़ा गंभीर आरोप

**झालू।** नाम न छापने की शर्त पर एक लाइनमैन ने खुद स्वीकार किया है कि ऊपर तक पैसा जाता है। तीन हजार रुपये में से हिस्सा हमें जेई साहब को देना पड़ता है और वो हमें उसमें से कुछ रकम लौटा देते हैं। इस खुलासे ने पूरे विभागीय तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में जब उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह गंभीर आरोप है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसानों ने मांग की है कि पेड़ों की चोरी से कटाई और वसूली दोनों मामलों में उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि जिम्मेदारों पर कार्यवाही हो सके और किसानों को राहत मिले। किसानों का कहना है कि भ्रष्ट विद्युतकर्मियों को बर्खास्त किया जाना चाहिए। यह सरकार को बदनाम कर रहे है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पांच दिन पूर्व उदयपुर में हुई चोरी का पर्दाफाश

## जेवरात व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** पुलिस ने गांव चांदपुर उर्फ उदयपुर में पांच दिन पूर्व हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को चोरी हुए जेवरात व कुछ नगदी सहित गिरफ्तार किया है।

थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर उर्फ उदयपुर निवासी फईम अहमद पुत्र शोकीन 27 नवंबर 25 की शाम अपनी पत्नी फिरोजा खातून को दवाई दिलाने जसपुर, उत्तराखंड गया था। घर पर कोई नहीं था, जिससे वह घर का ताला लगाकर गया था। वहां से लौटने में देर होने पर वह गांव अंगदपुर स्थित अपनी ससुराल में रुक गया। 28 नवंबर 25 की शाम लगभग 3:30 बजे घर पहुंचा तो मुख्य गेट का ताला तो लगा हुआ था। लेकिन जब वह अंदर पहुंचा तो कमरे का दरवाजा टूटा हुआ था। सैफ अलमारी की खिड़की टूटी हुई थी। जांच की तो पता लगा कि अज्ञात चोर सैफ अलमारी में रखे ढ़ाई तोला सोने के जेवर, 700 ग्राम चांदी के जेवर और 5000 की नगदी चोरी कर ले गए। फईम ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना का पर्दाफाश करने के प्रयास शुरू कर दिए थे।

थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि घटना की जांच के दौरान जीशान पुत्र रियाजुद्दीन व मौ. शाहिद उर्फ साहिब पुत्र खुर्शीद निवासीगण गांव चांदपुर उर्फ उदयपुर थाना रेहड़ के नाम प्रकाश में आए। इन्हें मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपितों के पास से एक सोने का हार, दो जोड़ी चांदी की बड़ी पायल, एक जोड़ी चांदी की छोटी पायल, एक चांदी का गले का ताबीज व 2020 रूपए नकद बरामद हुए हैं।

# एलआरएस में विधायक खेल स्पर्धा

## मनोज पारस ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग बिजनौर (उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग) द्वारा माननीय विधायक खेल स्पर्धा का एलआरएस अकादमी नगीना में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक नगीना व पूर्व मंत्री मनोज पारस ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काट कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर युवा अधिकारी ब्लॉक किरतपुर व ब्लॉक कोतवाली भी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेल आयोजनों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कुमारी जेसिका ने प्रथम स्थान, कुमारी साक्षी ने द्वितीय स्थान, कुमारी अलेसिका चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विधायक मनोज पारस ने विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

इसके उंपरात अपर युवा अधिकारी ब्लॉक किरतपुर व ब्लॉक कोतवाली स्कूल की प्रिंसिपल ने विधायक मनोज पारस को गुलदस्ता देखकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर उनके साथ सुधीर राठी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, शिवकुमार गोस्वामी राज्य कार्यकारिणी सदस्य समाजवादी पार्टी, काजी सुहैल इकबाल नगर अध्यक्ष नगीना, काजी शहजाद वरिष्ठ कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी, हनीफ मंसूरी पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद नगीना, महताब कुरैशी, आरिफ सिद्दीकी, असलम सदर, मास्टर धर्मवीर सिंह, स्कूल स्टाफ, अभिभावकगण सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# केन्द्रीय जीएसटी टीम का छापा





## सुबह सवेरे चांदपुर पहुंची टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के स्याऊ रोड स्थित महिमा सेल्स कारपोरेशन नामक एक फर्म पर जीएसटी टीम की छापेमारी से नगर के अन्य व्यापारियों में हड़कम्प मच गया।

इस छापेमारी का पता उस समय लगा जब तीन कारे अचानक सरगम सिनेमा के पास महिमा सेल्स कारपोरेशन एजेंसी पर पहुंची, जहां पर जितेन्द्र कुमार भाटिया की एक थोक व्यापार की दुकान है उनके यहां खाने पीने के सामान का एक बड़ा थोक काम होता है। आज सुबह सवेरे जीएसटी टीम ने उनकी दुकान पर छापा मारा तो इस छापेमारी से लोगों में पहले तो कुछ गलत लगा कि टीम गलत है। टीम में महिला अधिकारी सहित कई पुरूष अधिकारी भी शामिल रहे। छापेमारी के दौरान टीम ने कुछ भी नहीं बताया। छापेमारी मे क्या रहा इसकी जानकारी कुछ नहीं दी गई। स्वयं टीम ने मीडियाकर्मियों को भी कुछ नहीं बताया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि जितेन्द्र कुमार भाटिया के निवास पर जीएसटी टीम की छापेमारी से बहुत कुछ छुपा लिया गया। जितेन्द्र कुमार भाटिया का मकान के नीचे गोदाम स्थित है, जहां पर वह अपना कारोबार चलाते है। वे कई कम्पनियों के हॉल सेल डीलर हैं, उनका करोड़ो रूपए का टर्न ओवर बताया जा रहा है। टीम का कार्य गोपनीय रहा और बाद में कुछ भी बताने से साफ इंकार कर दिया।

उधर मीडियाकर्मियों को भी टीम ने अपने पास भटकने तक नहीं दिया, जिस कारण पूरी जानकारी नहीं मिल पायी। हालांकि सारे दिन यह छापेमारी चर्चा का विषय बनी रही।

# जन कल्याणकारी योजनाओं में अपेक्षित सहयोग न करने पर डीएम नाराज

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जो भी बैंक शाखा प्रबंधक शासकीय रोजगार परक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अपेक्षित सहयोग नहीं करेंगे अथवा लापरवाही एवं शिथिलता बरतेंगे, उनको जिले में नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने विगत बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत प्रति बैंक शाखा को कम से कम 02 आवेदन पत्र स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके सापेक्ष आईडीबीआई बैंक, यूको बैंक तथा यस बैंक द्वारा शून्य, प्रथमा बैंक द्वारा आधा प्रतिशत तथा अन्य बैंकों की सभी शाखाओं द्वारा शत प्रतिशत रूप से प्रगति नहीं की गई है। उन्होंने बैंकर्स द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन न करने के फलस्वरुप कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि जिन बैंक शाखाओं द्वारा दो से कम आवेदकों के प्रार्थना पत्र स्वीकृत नहीं किए गए हैं, उनकी ओर से अर्द्धशासकीय पत्र लिखा कर उनके विरुद्ध कार्यवाही के लिए उनके जोनल हेड को प्रेषित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन की स्थिति की समीक्षा करते हुए पाया कि 1700 के लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों को 2288 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसके विरुद्ध 871 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृत कर 856 लाभार्थियों को ऋण वितरण कराया जा चुका है जबकि 696 आवेदन पत्र बैंक स्तर पर लंबित है तथा बैंकों द्वारा 882 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया है। उन्होंने लीड बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत जिन बैंकों में आवेदन लंबित हैं अथवा अस्वीकृत किए गए हैं उनके कारणों की जांच कर आख्या प्रस्तुत करें, ताकि तद्नुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपयुक्त उद्योग अमित कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक निखिल कुमार सहित विभिन्न बैंकों के नोडल अधिकारी मौजूद थे।

# रामपुर टांडा व देहरादून के बीच कड़ा मुकाबला

## याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्तिथ मैदान पर नगीना फुटबॉल क्लब नगीना के तत्वाधान में आयोजित याद-ए-खलील नाम से चल रहे ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवे दिन देहरादून व रामपुर टांडा के बीच एक मैच खेला गया, जिसमें देहरादून ने रामपुर टांडा को 4-1से पराजित किया।

मैच के रेफरी सुभाष कपूर उर्फ पप्पी तथा लाइनमैन आरिफ मुल्तानी व गौहर निसार तथा कमैंन्ट्रेटर आजम मुल्तानी व इरफान अंसारी रहे। रामपुर टांडा के कप्तान रेहमा व देहरादून के कप्तान आदर्श के नेतृत्व में खेली दोनों ही टीमों का खेल प्रदर्शन शानदार रहा।

इस मौके पर राकेश कर्णवाल, जाहिद अंसारी, अब्दुल वहाब मुल्तानी, शेख नौशाद, परवेज, निसार मुल्तानी, मोहसिन चाँद, जब्बार मुल्तानी, शाकिर उस्मानी, अहमद मीरसाब, अब्दुल हमीद, जहांगीर खलीफा, लाला विनोद अग्रवाल, कुंवर अमरजीत, अजीम मुल्तानी, शमसुद्दीन मुल्तानी, बहार आलम मुल्तानी, ताहिर मुल्तानी, शेख मोहमद जमशेद, गफ्फार मुल्तानी, शिब्ली निसार, आबिद मुल्तानी, सय्यद जुबैर जैदी, सय्यद आसिफ अली आदि लोग उपस्तिथ रहे।

# आसपा की नगर कमेटी घोषित

## जुबैर इकबाल कोषाध्यक्ष व सलीम मलिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने नगर कमेटी की घोषणा करते हुए कहा कि जिन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, वे सभी पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य को अंजाम दें।

उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं तथा बूथ स्तर तक कमेटी को मजबूत करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत करने का प्रयास करें।

अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने नगर कमेटी की घोषणा की, जिसमें सलीम अहमद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशीष रवि को उपाध्यक्ष, मरगूब मुल्तानी उपाध्यक्ष, हरि सिंह भारती व मोहसिन खान महासचिव, जुबैर इकबाल कोषाध्यक्ष, अमित कुमार, आमिर अली, मौहम्मद दानिश को सचिव, हाशिम इस्लाम मीडिया प्रभारी, मौहम्मद दानिश संगठन मंत्री, फरहान, मौहम्मद फैज, सचिव, वसीम वारसी कानूनी सलाहकार, फहीम अहमद प्रचार मंत्री, मौहम्मद फारूक कार्यालय प्रभारी बनाए गए। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नेता रईस कुरैशी, दीपक कुमार, आरिफ मलिक, परवेज पाशी, ज्ञान सिंह, विपिन आजाद, मुनेश कुमार गौतम, मौहम्मद जावेद को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया।

## एक नजर

### ग्रामीणों को किया जागरूक



**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में, रेडियो संदेश बिजनौर (स्थित कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर) की टीम द्वारा जीवनपुरी ग्राम में ग्राम प्रधान गोपाल सिंह के निवास पर एक जागरूकता कार्यक्रम व नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सेहत सही, लाभ कई' विषय के अंतर्गत 'छोटे बच्चों में कुपोषण की समस्या' एवं उनके लिए उचित भोजन, फलाहार, आयरन, कैल्शियम का महत्व तथा शिशु जन्म के बाद माँ एवं नवजात की सही देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। टीम कोऑर्डिनेटर सुनील भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, टीकाकरण, नियमित जांच, साफ-सफाई तथा जन्म के बाद नवजात की पोषण आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। साथ ही स्वस्थ समाज निर्माण में मातृ व शिशु स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा की गई। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डा. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने भी सभी को शुभकामनाएं दी तथा जागरूकता अभियान हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रेडियो संदेश टीम से डा. शबनम कुरैशी, शबाना बेग, श्यामल मण्डल एवं अनेक ग्राम वासी कुलदीप सिंह, ओमपाल सिंह आदि एवं आगंबाड़ी कार्यकत्री ज्योति सैनी, आशा वर्कर अंतरेश, ग्राम प्रधान गोपाल सिंह आदि सम्मानितगण उपस्थित रहे।

### मनोज पारस पुलिस स्थाई तीसरी समिति के सदस्य नामित



**नगीना।** विधायक मनोज पारस को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पुलिस स्थाई तीसरी समिति का सदस्य नामित किया गया है। इस अवसर विधायक मनोज पारस ने अखिलेश यादव का आभार और विधानसभा अध्यक्ष को धन्यवाद प्रकट किया। ज्ञात हो कि विधायक मनोज पारस अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति एवं श्रम स्थायी समिति के पहले से ही सदस्य हैं। विधायक को मिली इस नई जिम्मेदारी से विधायक समर्थकों में खुशी की लहर है।

### हल्दौर में आर्य समाज सम्मेलन



**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला रईसान में आयोजित आर्य समाज सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला- पुरुषों ने सहभागिता कर ज्ञान लाभ कमाया। चार दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार की सुबह यजुर्वेद हवन व भजन उपदेश किया गया। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में बही ज्ञान गंगा में श्रद्धालुगण ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। इस अवसर पर वैदिक प्रवक्ता सच्चिदानंद जी ने कहा कि दूसरों के लिए भलाई के काम करना ही धर्म है। इस अवसर पर भजन उपदेशक दिनेश पथिक सहित कार्यक्रम आयोजक कृष्णा देवी, कौशल सिंह, देवेंद्र सिंह, पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज, महेंद्र सिंह, पंडित जितेन्द्र सिंह, राजीव चौहान, पीतांबर सिंह, नूतन चौहान, नीतू रानी, सुशीला देवी, प्रेमवती, निर्देश चौहान, ज्योति आदि रहे।

### जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि नगीना स्थित बिजनौर-कोतवाली मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज के निर्माण के संबंध में आने वाली समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अलग से बैठक का आयोजन करें, ताकि उक्त कार्य में आने वाले अवरोध को दूर किया जा सके।

# गंगा में गंदा पानी प्रवाहित न हो: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति, मानव गुलदार संघर्ष निवारीकरण समिति की बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों में यह जांच कराना सुनिश्चित करें कि कोई भी नाला या सीवर का गंदा पानी गंगा नदी में प्रवाहित न हो रहा हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी को स्वच्छ रखने के लिए उनमें शहर के गंदे पानी को जाने से रोकने की कार्रवाई प्रमुखता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर गंगा तटीय गांवों में ग्राम वनों का विकास करें तथा गंगा घाट पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और जर्जर शौचालय की मरम्मत करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने पर्यावरण समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुर्माना लगाने तथा चालानों में बढोतरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश कि शेष रह गए अस्पतालों में शत प्रतिशत बारकोड लगाना सुनिश्चित करें और बारकोड के आधार पर ही अस्पतालों से बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने वृक्षारोपण की समीक्षा के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी सत्र में होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए बड़े स्थलों का चयन करते हुए उनकी सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधों का शत प्रतिशत रूप से जियो टैग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने विभाग की पौधारोपण पंजिका को अद्यतन रखना भी सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा मानव-गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण संबंधी बैठक की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने ब्लॉक अफजलगढ़ के मच्छमार और इमरतपुर में मृतक पशुओं को खुले में डालने की शिकायत पर पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि उक्त ग्रामों के प्रधानों से वार्ता कर मृतक पशुओं को सही प्रकार से डिस्पोज कराना एवं मृतक पशुओं के डिस्पोज के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए की जहां-जहां गुलदार की घटनाएं हो रही है, वहां पर गुलदार से बचाव के लिए जागरूकता कैंप लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए की जहां पर भी गुलदार देखा जा रहा है, वहां पर पूर्व में ही सभी तैयारी करना सुनिश्चित करें तथा ग्राम वासियों को प्रेरित करें कि गन्ने की बुवाई करते वक्त थोड़ी जगह अवश्य छोड़ें जिससे कि गुलदार को छुपने के लिए स्थान ना मिले। उन्होंने निर्देशित किया कि जो पिंजरे वन विभाग को उपलब्ध कराए जा रहे हैं, उनमें पूरे मानकों का ध्यान रखा जाए। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर गुलदार प्रभावि अति संवेदनशील क्षेत्रों में टीमों का गठन कर टीम के सदस्यों को गुलदार से बचाव से संबंधित निरंतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं और टीम में स्वयंसेवी वन मित्रों को भी अनिवार्य रूप से शामिल रखा जाए ताकि उनके द्वारा गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे को लगाया जा सके।

# पति का नशीला पदार्थ सुंघाकर नई नवेली दुल्हन फरार

## जंगल में भटकी, पुलिस से मांगी मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के एक ग्राम में एक नई नवेली दुल्हन सुहागरात में पति को नशीला पदार्थ सुंघाकर ससुराल से निकल गई और जंगल में जा भटकी। उसे तलाशते हुए ससुरालियां थाने पहुंचे। भटकने के बाद दुल्हन ने पुलिस की मदद ली। उसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक युवक की शादी 30 नवंबर को स्योहारा क्षेत्र के ग्राम निवासी युवती से हुई थी।

बताया जाता है कि करीब दो वर्ष पूर्व रिश्ता तय हुआ था। युवक बीटेक पास करके नौकरी कर रहा है। लड़की भी पुलिस की तैयारी कर रही थी। सोमवार की रात को उनकी सुहागरात थी। रात में नई नवेली दुल्हन ने पहले सिर दर्द का बहाना बनाते हुए दवाई लेने के लिए भेज दिया। कमरे में लौटने के बाद उसे कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया। बेसुध होने पर नई नवेली दुल्हन घर से निकल गई। घर से दुल्हन के गायब होने पर उसे तलाशते हुए ग्रामीण थाने पहुंच गए। घर से निकलने के बाद दुल्हन जंगल में रास्ता भटक गई। उसके बाद उसने पुलिस को फोन करके मदद की गुहार लगाई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे थाने ले आई। दोनों पक्षों में समझौता वार्ता हुई। मंगलवार की सायं तक इस मामले में दोनों पक्षों में समझौता वार्ता चल रही थी।

# हॉकी प्रशिक्षण कैंप के समापन पर बांटे प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शाइनिंग हॉकी क्लब नगीना के तत्वावधान में एमएम इंटर कॉलेज के पास मैदान पर आयोजित सात दिवसीय हॉकी प्रशिक्षण कैंप का मंगलवार को समापन किया गया। इस अवसर पर शिविर में शामिल बच्चों को नगीना खेलकूद विकास संगठन की ओर से प्रमाणपत्र दिए गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार एमएम इंटर कॉलेज के पास मैदान में पिछले एक सप्ताह से हॉकी के जूनियर खिलाड़ियों को लखनऊ से आए ट्रेनर कोच हुकम सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इस कैंप में एमएम इंटर कॉलेज व इकबाल मेमोरियल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह कैंप शाइनिंग हॉकी क्लब नगीना के वरिष्ठ खिलाड़ियों की देखरेख में चल रहा था। कैंप के समापन पर आयोजित प्रशिक्षण पत्र वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ खिलाड़ी भी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा कैंप में प्रशिक्षित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

वरिष्ठ खिलाड़ी अफसार सिद्दीकी ने कैंप में ट्रेनिंग लेने वाले बच्चों को मेहनत और लगन से खेल के प्रति समर्पण रखने को कहा। वरिष्ठ खिलाड़ी जुबैर अहमद ने कहा कि खेल भावना, मेहनत और लगन है तो आपको आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता। लाला विनोद अग्रवाल ने कहा कि आप बहुत भाग्यशाली हैं, आपको सरकार मदद कर रही है। हमारे समय में हॉकी की सामग्री खरीदने के लिए पैसा जोड़ना पड़ता था। सरदार जगमीत सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन में मुझे भी अच्छे प्रदर्शन के लिए यहां पुरस्कृत किया गया था और आज आपको देखकर मुझे अपना बचपन याद आ गया है। हसन जावेद ने कहा कि नए खिलाड़ियों में हॉकी के प्रति जुनून देखकर मुझे इनमें कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाएं दिखाई दे रही हैं। शाहिद अली गौहर ने कोच हुकम सिंह की ओर इशारा करते हुए बच्चों से कहा कि वे कोचिंग के दौरान अपने गुरु द्वारा बताए गए टिप्स को ध्यान से समझें और अपना खेल खेलें। कोच शहजाद अहमद ने कहा कि बच्चों ने सुबह उठने की परंपरा को जीवित रखा है। नगर में हॉकी के प्रति वरिष्ठ खिलाडियों का समर्पण देखकर लगता है कि यहां के बच्चे खेल के मामले में काफी आगे जाएंगे। सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों व खेल प्रेमियों द्वारा आयोजकों व कोच हुकम सिंह का इस कैंप को आयोजित कर छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए धन्यवाद दिया गया।

इस अवसर पर एमएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, इकबाल मेमोरियल स्कूल के प्रधानाचार्य हसन जावेद, लखनऊ से आए कोच हुकम सिंह, हॉकी के वरिष्ठ खिलाड़ी लाला विनोद अग्रवाल, अफसार सिद्दीकी, जुबैर अहमद, सरदार जगमीत सिंह, शहजाद अहमद सहित कई गणमान्य व अभिभावक मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू० डि०) कोर्ट नम्बर-02, महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**नम्बर मुकदमा संख्या:** 142/2024
**तारीख पेशी:** 19.12.2025
**बच्चन कुमार बनाम मनफूल आदि।**
**बनाम**

श्रीमती गनेशिया आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी श्री परवीन निवासी मौहल्ला फत्तेहनगर कस्बा शेरकोट तहसील धामपुर जिला बिजनौर। हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत विक्रय पत्र निरस्तीकरण के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 19 माह 12 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको मनसूआ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे व दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 15 के माह 11 सन् 2025 को जारी किया है।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय अपर सिविल जज (जू०डि०) कोर्ट नम्बर-02, जनपद-मुरादाबाद।**

## आवश्यक सूचना

मृतक सुधीर कुमार खन्ना, मौजा फतेहपुर नौआबाद व लडापुर, परगना, तहसील व जिला बिजनौर के वाद धारा 34 एलआर एक्ट में मृतक सुधीर कुमार खन्ना के वारिसान शशांक व मुकुल खन्ना ने नामांतरण प्रार्थना पत्र विरासत दर्ज हेतु प्रस्तुत किया व बताया कि हमारे अलावा कोई जायज वारिस नहीं है। यदि किसी को आपत्ति है, तो अपनी आपत्ति 15 दिवस में न्यायालय में दाखिल करें।

**तहसीलदार, बिजनौर**

## सूचना आम बेदखली

मैं श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. राजेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला चौहानान, कस्बा व थाना किरतपुर, जिला बिजनौर की निवासी हूं। मेरा लड़का अमन उर्फ नानू (26 वर्ष) मेरा कहना नहीं मानता व गलत सोसायटी में है। उसके गलत कार्यों के लिए कुछ लोग मुझे परेशान करते है तथा पुलिस से तंग कराते है। मैं उसकी हरकतों से तंग आ गई हूं। मैं उसकी हरकतों के कारण उससे अपने संबंध खत्म कर उसे अपनी जायदाद से बेदखल करती हूं। अब अमन उर्फ नानू का मुझसे कोई संबंध नहीं है तथा में उसके किसी कार्य के लिए जबावदेह व जिम्मेदार नहीं होऊंगी। अत: हर खासोआम को सूचित किया जाता है कि अमन उर्फ नानू से अपनी जिम्मेदारी पर लेन-देन करें।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ.अहमद गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है। समझाने पर सुनवा नहीं होता है। उसकी हरकतों से तंग आकर मैंने उससे पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है। **खातून पत्नी मौ. इस्लामुद्दीन, ग्राम रावलहेड़ी खजूरी, थाना नगीना देहात (बिजनौर)**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा देवर शहजाद व देवरानी सितारा बानो नियायत ही झगडालू किस्म के है। दोनों मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौच व बदतमीजी करते रहते है। झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते रहते है। जिस कारण मैं व मेरा परिवार उपरोक्त शहजाद व सितारा बानों की हरकतों से अत्यधिक परेशान हो गये। जिस कारण मैंने व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों ने उपरोक्त शहजाद व सितारा बेगम से अपने सभी रिश्ते व संबंध समाप्त कर लिए है। अत: मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है।

**-गुलनाज पत्नी मौहम्मद अलीम निवासी मौ. काजियान हरिजन बस्ती, कस्बा जलालाबाद, थाना नजीबाबाद, जनपद बिजनौर।**

# भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



30 दिन में समाधान नहीं, तो होगा आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (ए.राजनी. तिक) की मासिक बैठक संगठन के पदाधिकारियों और भारी संख्या में पहुंचे किसानों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी ने की। इस दौरान किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान हेतु तहस. ीलदार धामपुर को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

संगठन ने ज्ञापन में कहा कि अंश निर्धारण में गड़बड़ियां लगातार सामने आ रही हैं, जिनका दुरुस्तीकरण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे किसानों को राजस्व संबंधित कार्यों में परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इसी प्रकार मौजा रानी नांगल की बंद खतौनी अब तक नहीं खोली गई है, जिसके चलते ग्रामीणों को भू-लेख संबंधी कार्यों में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि आवारा पशु किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं और सड़कों पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद इन्हें नियंत्रित करने के कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे। ग्रामीण किसानों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसी ही रही तो रबी फसल भी पूरी तरह प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त गुलदार, जंगली हाथी एवं अन्य जंगली जानवरों द्वारा खेतों में नुकसान तेजी से बढ़ रहा है। किसानों ने मांग की कि वन विभाग जंगली जानवरों को जंगल की ओर मोड़ने के लिए उचित संसाधन और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराए।

बिजली व्यवस्था को लेकर ब्लॉक स्योहारा के ग्राम जाट नगला में घरेलू उपभोक्ताओं को मात्र 10 किलोवाट के ट्रांसफार्मर से 20 कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे ट्रांसफार्मर लगातार ओवरलोड रहता है। किसानों ने मांग की कि इसे तत्काल 10 केवीए ट्रांसफार्मर से बदला जाए तथा एलटी केबल लगाकर सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उपरोक्त सभी समस्याओं का समाधान 30 दिनों के भीतर नहीं किया गया तो भाकियू को धरना-प्रदर्शन के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

बैठक में तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष धामपुर अजय राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष नेटवर्क तेजवीर सिंह, जिला सचिव लोकेंद्र चौधरी, संगठन मंत्री सुरेश राणा, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, तहसील प्रवक्ता अरविंद राजपूत, भानु प्रताप राणा, मोक्षपाल, दिनेश प्रधान, सुभाष चौहान, बलवंत सिंह, यशवीर सहित अन्य सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# बिलाई मिल के गेट पर प्रस्तावित आंदोलन स्थगित

## मिल ने बकाया गन्ना भुगतान किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की आंदोलन चेतावनी का प्रभाव बिलाई चीनी मिल प्रशासन पर स्पष्ट रूप से नजर आया है। संगठन की सख्त भूमिका और किसानों की एकजुटता के चलते बिलाई मिल ने अपने समस्त बकाया गन्ना भुगतान को निपटा दिया है।

बकाया भुगतान के मुद्दे पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्राम बधावा में जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में विकास उर्फ नूरी ने कहा कि तीन दिसंबर को बिलाई मिल गेट पर प्रस्तावित आंदोलन की घोषणा से मिल प्रशासन बैकफुट पर आ गया था। आंदोलन के दबाव के कारण ही मिल प्रशासन ने दो दिसंबर को शत-प्रतिशत बकाया भुगतान कर दिया।

उन्होंने कहा कि यह किसानों की एकता और संगठन की ताकत की जीत है, जिसने मिल प्रशासन को झुकने पर मजबूर किया। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गन्ना भुगतान की लड़ाई यहीं खत्म नहीं होती। संगठन अब वर्तमान पेराई सत्र के गन्ना भुगतान को लेकर संघर्ष तेज करेगा।

विकास उर्फ नूरी ने बताया कि चूंकि बिलाई मिल ने पूरा बकाया भुगतान कर दिया है। इसलिए 3 दिसंबर को मिल के मुख्य द्वार पर प्रस्तावित आंदोलन फिलहाल स्थगित किया जाता है। यदि मिल प्रशासन जल्द ही नए सत्र का भुगतान शुरू नहीं करता, तो संगठन पुनः आंदोलन करने को बाध्य होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, सोनू चौधरी, मुस्तकीम अंसारी, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, रोहित कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने किया बाल कल्याण समिति का शैक्षिणक भम्रण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के एक समूह ने विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित न्याय पीठ बाल कल्याण समिति बिजनौर का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने शैक्षिणक भ्रमण हेतू समूह को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने विद्यार्थियों को अवगत कराया की वर्तमान समय मे मोबाइल फोन का उपयोग सही एवं गलत दोनों प्रकार के कार्यो को करने मे किया जा सकता है। विद्यार्थियों को चाहिये की वे मोबाईल फोन का सदुपयोग करें न की दुरूप्रयोग। समिति की सदस्या डॉ. शालिनी सिंह ने विद्यार्थियों को समिति की कार्य प्रणाली से अवगत कराया एवं विस्तार पूर्वक पोक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी प्रदान की।

समिति के सदस्य मौहम्मद मो. हसिन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आस पास एवं अपने छोटे भाई-बहनों जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो उनको जागरूक करे और उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यभिचारों एवं बुरी सगतों से बचाए। इस अवसर पर समिति की अन्य सदस्या श्रीमति सविता शर्मा व सुषमा शर्मा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के समापन में विभागाध्यक्ष प्रदीप रठौर ने सभी सम्मानित सदस्यगण को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधि प्रवक्ता डॉ. एम.ए खान, शिव कुमार, विशाल विक्रम सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, खुशबू रानी एवं मीनू कोठारी आदि का विशेष योगदान रहा।

# शूरसेन जयंती पर कार्यक्रम एवं कैलेंडर विमोचन बीस को

**धामपुर।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन की बैठक में आगामी 20 दिसंबर को महाराजा शूरसेन जयंती कार्यक्रम एवं कैलेंडर विमोचन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सैनी समाज के लोगों से संपर्क स्थापित करने तथा अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया। स्टेट बैंक कॉलोनी स्थित संस्था के कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के संरक्षक राजवीर सिंह सैनी ने सैनी समाज का आह्वान किया कि वह अपने पूर्वजो और महापुरुषों की स्मरणीयता बनाए रखने के लिए युवाओं को उनके गौरवशाली एवं स्वर्णिम इतिहास से परिचित कराएं तथा युवा शक्ति की अधिक से अधिक सहभागिता कार्यक्रमों में बनाने का संकल्प ले। राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी शिवम सैनी ने संस्था की स्थापना से लेकर वर्तमान तक किए गए जन कल्याणकारी एवं रचनात्मक कार्यों की जानकारी दी। प्रथम सैनी कोषाध्यक्ष, धर्मपाल सिंह सैनी शहर कोषाध्यक्ष, प्रशांत सैनी ग्राम कुंडीपुरा शाखा के अध्यक्ष, नागेंद्र कुमार सैनी, आचार्य रामानंद, गौरव सैनी आदि ने भी विचार रखें।

# सर्दी के मौसम में बढ़ती बीमारियों के प्रति रहे सतर्क: डा. मनोज वर्मा



## छोटी बीमारी को भी गंभीरता से लेने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने सर्दी के मौसम में तेजी से बढ़ रही बीमारियों के प्रति लोगों को सतर्क करते हुए महत्वपूर्ण सलाह दी है। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि ठंड बढ़ते ही खांसी-जुकाम से लेकर निमोनिया, अस्थमा व दिल से संबंधित समस्याओं में अचानक वृद्धि होती है जिसे समय रहते सावधानी अपनाकर रोका जा सकता है।

वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने कहा कि सर्दी की शुरुआत में ही लोगों को गर्म कपड़ों की परत बढ़ानी चाहिए। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को ठंडी हवा से बचाकर रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सुबह और शाम तापमान तेजी से गिरता है, इसलिए इस समय गर्म कपड़े, टोपी, मफलर व मोजों का प्रयोग अनिवार्य कर देना चाहिए ताकि शरीर पर ठंड का प्रभाव कम पड़े। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि सर्दियों में वायरस और बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं, इसलिए बार-बार हाथ धोना और साफ-सफाई रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि खांसी जुकाम वाले मरीजों से दूरी बनाए रखें और बाजार व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनना न भूलें। डा. मनोज वर्मा ने चेताया कि सर्दियों में लोग पानी कम पीते हैं, जो गलत है। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए दिन में पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी जरूर पिएं। डा. मनोज वर्मा ने बताया कि ठंड के मौसम में दिल के मरीज, अस्थमा पीड़ित और शुगर-बीपी वाले रोगियों की परेशानी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीज अपनी दवाएं बिल्कुल समय पर लें, ठंडी हवा धूल और धुएं से दूर रहें तथा डॉक्टर से समय-समय पर परामर्श लेते रहें।

डा. मनोज वर्मा ने सलाह दी कि सुबह के समय अत्यधिक ठंड होती है। इसलिए टहलने के लिए धूप निकलने के बाद का समय अधिक सुरक्षित है। वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने सर्दियों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले भोजन पर जोर दिया। उन्होंने अदरक, लहसुन, गुड़, हल्दी, तुलसी, काढ़ा, गर्म सूप, हरी सब्जियां और मौसमी फलों का सेवन बढ़ाने की सलाह दी। डा. मनोज वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि खांसी-जुकाम, तेज बुखार, सीने में जकड़न, गले में दर्द या सांस फूलने जैसे लक्षणों को बिल्कुल हल्के में न लें। समय पर जांच और उपचार से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।

डा. मनोज वर्मा ने लोगों से अपील की कि छोटी बीमारी को भी गंभीरता से लें और सुरक्षित रहकर सर्दियों का आनंद उठायें।

## एक नजर

### गन्ना भुगतान होने से किसानों को राहत

**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल ने पेराई सत्र 2024-25 के गन्ना मूल्य का समस्त बकाया भुगतान जारी कर किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। मिल प्रशासन के अनुसार इस सत्र में कुल 104.62 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की गई थी, जिसका मूल्य 38199.65 लाख रुपये निर्धारित हुआ था। मंगलवार को पूरी बकाया राशि संबंधित गन्ना समितियों के खातों में भेज दी गई, जिसके बाद क्षेत्र के किसानों में संतोष का माहौल देखा गया। किसानों का कहना है कि समय पर भुगतान मिलने से उन्हें आगामी कृषि कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी। मिल प्रबंधन ने बताया कि किसानों के हितों को सदैव सर्वोपरि रखते हुए बकाया भुगतान को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया गया है। प्रबंधन का दावा है कि भविष्य में भी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

### किसान नेता योगेंद्र सिंह का निधन



**बढ़ापुर।** मौहल्ला ठाकुरान निवासी योगेंद्र सिंह प्रजापति उर्फ गुंदर (45 वर्ष) पुत्र शौराज सिंह भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन में नगराध्यक्ष थे। सोमवार की रात ह्रदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु की सूचना मिलने पर स्वजन में कोहराम मच गया और कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। उधर सूचना मिलने पर संगठन जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान कई कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के घर पहुंचे और संवेदना व्यक्त की।

### भाकियू तोमर की बैठक



**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर की बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर 13 दिसंबर को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के कार्यालय का घेराव करने के लिए अधिक से अधिक किसानों से जाने का आह्वान किया गया। नहटौर स्थित झालू रोड पर भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि उत्तराखंड के किसानों की समस्याओं को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के कार्यालय का घेराव करते हुए 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर उत्तराखंड सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। किसानों का गन्ना बकाया भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी, चंदन सिंह, मंडल प्रभारी मुरादाबाद डॉक्टर सुशील शर्मा, जिला अध्यक्ष बिजनौर डॉक्टर सचिन गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष बिजनौर अमरकांत शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिजनौर नीलम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष जमशेद आलम, जिला सचिव पंकज शर्मा , नगर उपाध्यक्ष धामपुर नसीम सैफी, विधानसभा अध्यक्ष धामपुर तनुज शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष नूरपुर नसीम अहमद, विधानसभा अध्यक्ष नहटौर राकेश आर्य, नगर अध्यक्ष नहटौर अनुज शर्मा, नगर उपाध्यक्ष नहटौर पवन सैनी, नगर उपाध्यक्ष नहटौर सुंदर सैनी, युवा जिला सचिव सोनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सौम्या शर्मा, अमरकली, रीमा जोशी, संगीता जोशी, शशि जोशी, लाली राजपूत, लक्ष्मी, कुमारी संगीता, अर्चना रानी, उमा रानी, किरन देवी आदि मौजूद रहें।

# एसआईआर में समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक



## एसडीएम व शेरबाज पठान ने समस्याएं सुनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर पालिका परिषद चांदपुर परिसर में आज एसआईआर फॉर्म भरने में आ रही परेशानी और कुछ महिला बीएलओ द्वारा मतदाताओं को कोई सपोर्ट न करने, फॉर्म न भरने, किसी के घर न जाकर अपने घर बुलवाने आदि सहित कई अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान द्वारा बैठक आयोजित की गई।

पालिका परिसर में पहुंचे एसडीएम नितिन तेवतिया ने लोगों की समस्याओं को सुना और बीएलओ जिनमे गिरीश कुमार सुप. रवाइजर, शहर पटवारी मोहित कुमार को सख्ती के साथ इस कार्य में जनता का सहयोग करने हेतु आदेशित किया। इस मौके एसआईआर से संबंधित बैठक में शेरबाज पठान, एसडीएम चांदपुर सभी सभासद गणो, सभी बीएलओ गिरीश कुमार सुपरवाइजर, शहर पटवारी मोहित कुमार, बीएलओ शमीम अहमद, राशिद हसन, सभासद आजिम अहमद, शारिक हाशमी, बीएलओ शिक्षक शुएब कुरैशी, मास्टर शारिक, पालिका से सलीमुद्दीन सहित समस्त पालिका कर्मी एवं नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम द्वारा बीएलओ व सभासदगणों से संवाद किया और एक दूसरे की परेशानी सुनी गई। चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान एवं एसडीएम ने कहा कि सभी बीएलओ, सभासदों से संपर्क कर जानकारी किए बिना किसी का वोट न काटे।

बैठक में सपा राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी आसिफ असलम भी मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे समय नागरिकों के एसआईआर फॉर्म भरकर समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

बैठक मे चांदपुर नगर के अधिकांश सभासदगण व उनके परिवार के सदस्य व कुछ बीएलओ मौजूद रहे। सभासद शेख रईस अहमद का भी सराहनीय योगदान रहा, जिन्होंने अपने वार्ड में घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने और भरने का कार्य किया है।

# साइबर ठगी से बचाव और यातायात नियमों का पालन जरूरी: थाना प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने नगर व क्षेत्रवासियों से दो बेहद अहम मुद्दों साइबर अपराध से बचाव और यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष अपील जारी की है।

थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि आज के समय में साइबर ठगी तेजी से बढ़ रही है। वहीं सड़क हादसों में भी जान-माल की हानि बढ़ रही है। इसलिए पुलिस द्वारा लगातार जनता को जागरूक किया जा रहा है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि साइबर ठग नई-नई चालें अपनाकर भोले-भाले लोगों को जाल में फंसा लेते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को सावधान करते हुए कहा किसी भी अनजान लिंक संदेश या कॉल पर भरोसा न करें। बैंक से जुड़ी कोई भी जानकारी जैसे ओटीपी, एटीएम पिन, अकाउंट नंबर, सीवीवी किसी को न बताएं। केवाईसी अपडेट, बिजली बिल कटने, इनाम मिलने या सोशल मीडिया रिकवरी वाले झांसे में न आएं यदि कोई संदिग्ध कॉल या लिंक मिले तो तुरंत थाना स्योहारा या राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस टीम नगर में लगातार साइबर जागरूकता अभियान चला रही है ताकि कोई भी नागरिक ठगी का शिकार न बने। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि लोग जल्दीबाजी या लापरवाही में ट्रैफिक नियमों को अनदेखा कर देते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने सभी ड्राइवरों और युवाओं से अपील की दो पहिया वाहन बिना हेलमेट बिल्कुल न चलाएं, चार पहिया वाहन में सफर करते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। नाबालिगों को वाहन न दें, यह कानूनन अपराध है। तेज गति, ओवरलोडिंग, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि नगर व क्षेत्र में साइबर अपराधियों, असामाजिक तत्वों और यातायात नियम तोड़ने वालों पर लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा पुलिस की विशेष निगरानी टीम साइबर ठगों के नंबरों व खातों की जांच कर रही है। पुलिस टीमें सड़कों पर हेलमेट और सीट बेल्ट के नियमों को लेकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। नगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस सतत प्रयासरत है।

निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि आपकी जागरूकता ही आपकी सुरक्षा है। साइबर अपराध और सड़क हादसों से बचाव के लिए सचेत रहें। नियमों का पालन करें, सतर्क रहें और पुलिस के जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें। पुलिस आपकी सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है।

# गांगन पुल के पास तीन वाहनों की भिड़ंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर-धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास तीन वाहनों की आपस में भिड़ंत होने पर चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास ढाबे के सामने एक डीसीएम व शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्र से गन्ने की ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर ट्राले की भिड़ंत हो गई। इसी दौरान पीछे से रहा आ रहा एक बाइक सवार ट्रैक्टर के ट्राले की चपेट में आ गया। इसमें बाइक सवार गांव कश्मीरी निवासी सारिक व नाजिम और ट्रैक्टर चालक सेढी निवासी कृपाल सिंह, डीसीएम चालक कांठ निवासी अंजार घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। टक्कर लगने के दौरान बाईक व डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने तीनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। डीसीएम चालक पानीपत से सूत भरकर कांठ जा रहा था। ट्रैक्टर चालक शुगर मिल से गन्ना क्रय केंद्र मुकर्रमपुर पर जा रहा था। बाईक सवार अपने गांव कश्मीरी से नहटौर जा रहे थे। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही हैं।

## एक नजर

### सभासद शारिक हाशमी की प्रशंसा



**चांदपुर।** मौहल्ला कटकुई से युवा समाजसेवी मौजूदा सभासद शारिक हाशमी ने पिछले 20 दिनों के अंदर अपने वार्ड के समस्त मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरवा कर वार्ड वासियों की ह्रदय से सेवा कर उनका दिल जीतने का काम किया है। पूरे वार्ड में सभासद शारिक हाशमी की प्रशंसा हो रही है। शारिक हाशमी ने कहा कि मेरे वार्ड की जनता ने मुझे वोट देकर जो जिताने का काम किया है, वो मेरे लिए एक ऐतिहासिक पल रहा है जिसे मैं कभी नही भूल सकता। मैंने चुनाव से पहले जो अपने वार्ड की जनता से वादा किया हुआ है मैं उसे वादे पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने अपने वार्ड की जनता के बीच जाकर समस्त मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म को भरवा कर अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया है। मैं अपने वार्ड की जनता के लिए आगे भी इसी सेवा भाव से सेवा करता रहूंगा। गौरतलब है कि यह वही शारिक हाशमी सभासद हैं, जिन्होंने अपने स्तर से वार्ड की ही नहीं बल्कि शहर की जनता के लिए निःशुल्क एंबुलेंस गाड़ी उपलब्ध कराई हुई है। युवा सभासद एवं समाजसेवी शारिक हाशमी ने कहा है कि मैं अपने वार्ड की जनता के लिए हर समय सेवारत हूँ, मै अपने वार्ड की ही नहीं बल्कि शहर की जनता के नगरपालिका से संबंधित किसी भी कार्य/ समस्या में समाधान हेतु मेरे घर के दरवाजे हर समय खुले हुए है।

### आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पिनेस प्रोग्राम का समापन



**धामपुर।** बड़ी मंडी स्थित सत्संग भवन में 6 दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन 25 नवंबर से 30 नवंबर तक गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन और शिक्षाओं के अनुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। जिसने प्रतिभागियों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में योगदान दिया। इस कार्यक्रम में शिखा गोयल, मयंक गोयल, दीपक अग्रवाल, कृष्ण प्रताप, आराधना, भव्य छाबड़ा, अदिति अग्रवाल और अनुष्का सहित कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिक्षक के रूप में सचिन (अलीगढ़) और सौरभ अग्रवाल मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम का आयोजन लवी अग्रवाल द्वारा किया गया। माधुश्री गुप्ता और नरेंद्र गुप्ता ने भी कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया। प्रतिभागियों ने बताया कि गुरुदेव की शिक्षाओं ने उन्हें आंतरिक शांति, ऊर्जा और सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त करने में मदद की। इस प्रकार यह 6 दिवसीय कार्यक्रम आनंद, स्वास्थ्य और समृद्धि का अनुभव प्रदान करने में सफल रहा।

### सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। शक्ति नगर कॉलोनी में महेंद्र गोयल के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में विजेंद्र गोयल, महंत राहुल अग्रवाल, सुरेंद्र गोयल, महेंद्र गोयल, प्रदीप गोयल, अतुल गोयल, शिल्पी गोयल, नीरज गोयल, वंदना गोयल, अमन गोयल, शिवांगी गोयल, अनुराग गोयल, नेहा, अविनाश, अर्चना, अमित, साक्षी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, जगदीश अरोड़ा, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, नंदकिशोर रस्तोगी, निखिल अरोड़ा आदि शामिल रहे। अंत में बजरंग. बली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### संगीता जैन को पद से हटाने की मांग

**चांदपुर।** संयुक्त जाट आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन मंत्री को पत्र भेज कर महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन पर आरोप लगायें हैं। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा है कि संगीता जैन जिले में महिलाओं के उत्थान और उनकी समस्याओं पर काम ना करके चिकित्सकों व अन्य व्यवसायियों के उत्पीड़न में लगी हैं। हाल ही में उन्होंने बेहद सरल व समाज के लिए सदैव तत्पर रहने वाले मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकत्साधिकारी डा. सुनील तेवतिया को अवकाश के दिन उनके निज आवास चांदपुर जाकर पुलिस बल के साथ अनर्गल आरोप लगाकर बेइज्जत किया था, जिससे पूरे समाज में आक्रोश है। उनका कहना है कि संगीता जैन ऐसे कृत्यों से राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने का काम कर रही है। बिजनौर से गायब हुई बालिकाओं के परिवार की उन्होंने सुध तक नहीं ली और सामाजिक एवं प्रतिष्ठित लोगों के उत्पीड़न में लगी हैं । उधर किसान मजदूर एकता संघ की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने संगीता जैन की कार्यशैली व व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव सिर पर हैं, लेकिन उससे पहले संगीता जैन के ऐसे कार्य करने से प्रदेश सरकार के प्रति लोगों में रोष बढ़ रहा है। बैठक में बाबू सिंह, चौधरी सतपाल सिंह, राम सिंह, वरुण तोमर, अजय सैनी, गौरव सैनी, रजत,, तुषार प्रजापति, अमित चौधरी, संजय चौहान आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

### राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर ने सौंपा ज्ञापन




**धामपुर।** राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा भारत सरकार द्वारा गठित आठवें वेतन आयोग 2025 के विरोध स्वरूप ज्ञापन जो की मा. प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को दिया गया। जिसमें मांग की गई है पेंशनर के प्रतिनिधिमंडल को आयोग की सभी चर्चाओं में शामिल किया जाए। पेंशन कोष को सुरक्षित रखा जाए। फाइनेंस बिल 2025 की पेंशन से संबंधित विवादित धारा समाप्त की जाएं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 17 दिसंबर 1983 के अनुसार पेंशनर को समान अधिकार का लाभ प्रदान किया जाए। पेंशन कॉम्यूटेशन अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष की जाए आदि मांगे रखी गई। ज्ञापन देने वालों में मदनपाल सिंह, रविंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, रशीद अहमद, मुनेश चंद शर्मा, श्यामलाल, लोकेंद्र चौहान आदि शामिल रहे। राजस्व पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ता एसडीएम कोर्ट पर इकट्ठे होकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और उसके बाद ज्ञापन दिया गया।



सम्भल। ससुराल में खुद को गोली मारकर मौत की नींद सोये युवक के परिजन विलाप करते।

## दो लोगों से 1.28 करोड़ रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने दो लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे लगभग एक करोड़ 28 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज का साइबर क्राइम थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। ठगी का शिकार होने वाला ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण में कार्यरत एक अधिकारी है। एक महिला ने अपने जाल में फंसाकर उनसे एक करोड़ 24 लाख 49 हजार 339 रुपए की ठगी की है। एडीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि बृजपाल सिंह पुत्र ईशानंद सिंह निवासी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण स्टाफ कॉलोनी बीटा-1 वान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीब 1 वर्ष पूर्व दिव्या शर्मा नामक एक महिला का व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। जब उन्होंने पूछा कि आप कौन है तो उधर से जवाब आया कि मैंने अपने दोस्त को एक मैसेज भेजा था। गलती से आपको चला गया। कोई बात नहीं। पीड़ित के अनुसार इसी बीच महिला उनसे संपर्क में आ गई, तथा दोनों के बीच बातचीत होने लगी। महिला ने पीड़ित को बताया कि वह मुंबई में एक कंपनी चलाती है। महिला ने बातों-बातों में पीड़ित से कहा कि आप क्या करते हैं। उसने कहा कि मैं एक सरकारी अधिकारी हूं।

## निर्यातक के कर्मचारी के यहां सील खोलने पहुंची आयकर की टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- मांस कारोबारी के दोबारा आईटी की रेड की फैलायी जा रही अफवाह
- सीलिंग खोलना आयकर विभाग की प्रक्रिया का हिस्सा
- अंदर चल रही कार्रवाई की नहीं किसी को भनक

**सम्भल।** एक कहावत तो आपने सुनी होगी कि जितने मुंह उतनी बात। अर्थात छोटी बात को भी बड़ी बताकर उसे तरह-तरह से फैलाकर बदनाम करने का प्रयास करना। ऐंसा ही करने में लगे हैं कुछ कथित लोगा। मांस निर्यातक के कर्मचारी की अलमारी ओर संदूक आदि में पूर्व में लगायी सील खोलने आयकर अफसरों के पहुंचने को फिर छापामार कार्यवाही बताकर अफवाहें फैलाने में जुट गए हैं।

दर असल डेढ़ माह पूर्व मांस निर्यातक के आवास और फैक्ट्री पर आईटी की टीम जॉच करने पहुंची थी। जांच टीम मौहल्ला चमन सराय निवासी गुफरान के मकान पर भी पहुंची थी,लेकिन तीन दिन तक जुटी रही टीम को को हाथ नहीं लग सका था। जिसके चलते टीम मांस निर्यातक के कर्मचारी गुफरान के संदूक और अलमारी आदि को सील करके चली गइ थी। पूर्व में कई दिनों की जांच में कुछ हत्थे नहीं लगने और अब तक अभिलेखों के खंगालने के बाद आयकर विभाग की टीम डिप्टी डायरेक्टर के नेतृत्व में मंगलवार को फिर मौहल्ला चमन सराय निवासी गुफरान के निवास पर पहुंची। बताया जा रहा है कि टीम के साथ कम्पनी के सीए और आयकर अधिवक्ता भी है। डिप्टी डायरेक्टर के साथ पहुंची टीम ने मांस निर्यातक के मकान की बैठक को बंद कर लिया और किसी भी बाहरी के आने-जाने पर रोक लगा दी। जबकि शांति व्वस्वस्था के लिए थाना रायसत्ती की पुलिस बाहर तैनात रही। माना जा रहा है कि कई घंटे से टीम अंदर सील किए गए संदूक व अल्मारी को खोलकर उसकी जांच कर रही है। लेकिन कुछ कथित लोग दोबारा से आयकर विभाग की मांस निर्यातक के यहां छापामारी और कर्मचारी के आवास पर दस्तावेज़ों और फाईलों आदि एवं लेन-देन के रिकार्ड को खंगालने की अफवाह उड़ायी जा रही है जबकि अंदर की वास्तविक स्थिति क्या है और टीम अंदर किसी तरह से जांच कर रही है या नहीं अथवा कर्मचारी की अलमारी और संदूक में रखे सामान की जांच कर रही है किसी को कुछ पता नहीं है लेकिन कुछ कथित इसे आयकर विभाग की मांस निर्यातक के मेनेजर के यहां आयकर विभाग की छापामार कार्रवाई की नाम देने में लगे हुए है। हालांकि छापेमारी के दौरान घर के बाहर पुलिस बल भी तैनात किया गया है। जिससे कि भीड़ न जुटे और कार्रवाई शांति पूर्वक बिना किसी अड़चन के पूरी हो सके। छापे की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हलचल बढ़ गई और कई लोग मौके पर हालात देखने जुटने लगे, लेकिन पुलिस कर्मियों ने किसी को भी आवास के करीब आने-जाने की अनुमति नहीं दी।

# ससुराल में युवक ने खुद को गोली से उड़ाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- पत्नी से विवाद में उठाया आतमघाती कदम
- मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम व थाना पुलिस
- पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजी

**सम्भल।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के रोरादीप गांव में अपनी ससुराल में पिछले 5 वर्षों से बच्चों तथा पत्नी सहित मकान बनाकर रह रहे युवक ने पत्नी से विवाद के चलते घर में रखे तमंचे से छाती में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर फॉरेंसिक टीम तथा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने और शव का पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धनारी थाना क्षेत्र के हरपरी गांव निवासी रामचरन (25) पुत्र विरेशम अपने गांव से अपना घर मकान बेचकर कैलादेवी थाना क्षेत्र के रोरादीप गांव में अपनी ससुराल में मकान बनाकर बच्चों तथा पत्नी सहित रह रहा था। रोरादीप गांव निवासी अपने ससुर करु से अलग मकान बनाकर रह रहा था। किसी बात को लेकर पत्नी कुसुमवती से विवाद हो गया था। विवाद के चलते रामचरन ने घर में रखा तमंचा निकालकर मंगलवार सुबह गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त पत्नी घर पर नहीं थी। जिसकी सूचना उसके ससुर करु ने थाना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए तथा फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर मृतक रामचरन के परिवार के लोग भी मौके पर आ गए। लेकिन किसी की तरफ से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। मृतक के पीछे उसके छोटे-छोटे चार बच्चे हैं। रामचरन की मृत्यु के बाद पत्नी का रो रो कर बुरा हाल था, तथा परिजनों व ससुरालियों में कोहराम मच गया।



सम्भल-ससुराल में इसी तमंचे से गोली मारकर मौत की नींद सोया युवक।



सम्भल-गंगाश्यौदान सिंह कन्या महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर रंगोली देखते।

## 80 प्रतिशत दिव्यांग शबीह अब्बास समाज के लिए प्रेरणा स्रोत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कुछ कर गुजरने और स्वयं असहाय होते हुए दूसरों की सेवा करने का जज्बा यदि मन में हो तो शारिरिक अक्षमता कोई कायने नहीं रखती है। ऐंसा ही कर दिखाया है जन्म से 80 प्रतिशत दिव्यांग ने। शारीरिक रूप से दिव्यांग होकर भी समाज के लिये मिसाल हैं। चलने फिरने और खड़े होने में असमर्थ होने के बावजूद व्हीलचेयर पर रहकर उन्होंने समाज को शिक्षित करने का का बीड़ा उठाकर निर्धन और अक्षम (दिव्यांगों) को निशुल्क शिक्षा देकर सक्षम बना रहे है।

सिरसी संभल निवासी दीवानजी सय्यद अली कासिद नकवी के सबसे छोटे पुत्र ने इस्लामियां मोंटेसरी स्कूल बरेली से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की तत्पश्चात सिरसी के जवाहरलाल मैमोरियल इंटर कॉलेज से 1993 में हाई स्कूल परीक्षा में सर्वोत्तम स्थान लेकर उत्तीर्ण की स्थानीय स्तर पर विज्ञानं वर्ग की कक्षाएं ना होने पर प्रतिदिन 20 किलोमीटर का सफर तय कर 1995 में हिन्द इंटर कॉलेज सम्भल से इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की , शिक्षा के लिए संघर्ष करते हुए बस द्वारा प्रतिदिन 50 किलोमीटर का सफर तय कर 1998 में हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद से बी.एस.सी , वर्ष 2000 में एमए इकॉनॉमिस एवं वर्ष 2002 में एमए पॉलिटिकल साइंस की उपाधियाँ हासिल की। व्हीलचेयर पर रहकर शिक्षा हासिल करने में पिता भाई और मित्रों ने बहुत सहयोग दिया खुद उच्च शिक्षित होकर समाज को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया सर्व शिक्षा अभियान में पल्स पोलियो अभियान में सदैव निशुल्क सेवा की निर्धन ,अनाथ और दिव्यांगों को निशुल्क शिक्षा के लिये स्कूल स्थापित किये यूनिटी चिल्ड्रेन एकेडमी सिरसी में आज भी जरूरतमंद निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। , इसी कारण उत्तरप्रदेश शासन द्वारा यूनिटी चिल्ड्रेन एकेडमी को वर्ष 2008 में उत्कृष्ट संस्था अवार्ड से सम्मानित किया। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक संस्थाओं द्वारा शबीह अब्बास नकवी को इनकी सामाजिक और शैक्षिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी शबीह अब्बास कर्मचारी चयन आयोग से चयनित होकर रक्षा लेखा विभाग के जाट रेजिमेंट केंद्र बरेली में ऑडिटर के पद पर कार्यरत हैं और रक्षा लेखा नियंत्रक सेना मेरठ द्वारा हिंदी में कार्य करने पर हिंदी प्रोत्साहन योजना में इन्हे पुरुस्कत किया गया। अपने वेतन का अधिकतर भाग सामाजिक कार्यो में खर्च करने वाले नकवी ने कोरोना काल में अपने तीन दिन का वेतन प्रधानमंत्री राहत कोष, एवं एक दिन का वेतन प्रधानमंत्री केयर फण्ड में दान कर चुके हैं। जरूरतमंदो को नकद और राशन के रूप में मदद पहुंचायी। 80 प्रतिशत दिव्यांगता के बावजूद सरकारी दायित्व के साथ सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी के कारण शबीह अब्बास नकवी समाज के लिये मिसाल हैं।



## जिलाधिकारी ने किया मतदाताओं का सत्यापन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विकासखंड सम्भल के ग्राम रुकनुद्दीन सराय उच्च प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में एसआईआर चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के अन्तर्गत मतदाता सूची के साथ गणना प्रपत्रों का मिलान किया गया तथा मतदाताओं के नाम का वाचन करते हुए जिलाधिकारी द्वारा सत्यापन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का वाचन करते हुए सूची का सत्यापन किया जाए तथा जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र अभी प्राप्त नहीं हुए हैं उनको प्राप्त करते हुए डिजिटलाइजेशन का कार्य पूर्ण किया जाए। जबकि इसी विकास खंड के बदायूँ दरवाजा स्थित प्राथमिक विद्यालय में एसआईआर के कार्यो को देखा और बीएलओ को जिन लड़कियों का विवाह हो चुका है तथा मृतक तथा जो लोग बाहर जा चुके हैं उनके नामों को मतदाता सूची से हटाने के निर्देश दिए।इसके अलावा तहसीलदार सम्भल को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम कुल से संबंधित ग्राम प्रधान राशन कोटेदार, बीएलओ के साथ मतदाता सूची का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।

## लूट की झूठी सूचना देने वाले दो आरोपी किये गए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- समधी पर दबाव बनाने की नियत से टेंपू छीनने का लगाया था झूठा आरोप

**सम्भल।** लूट की झूठी सूचना देना दो युवकों को मेंहगा पड़ गया है। प्रारम्भिक जांच में मामला झूठा मिलने पर पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया है।

बबराला थानाधयक्ष नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण को थाना बबराला पुलिस टीम ने दो युवकों विनोद पुत्र बांकेलाल व यतेन्द्र पुत्र रुपकिशोर निवासीगण ग्राम गंगागढ थाना रामघाट जिला बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपियों ने डायल 112 को लूट की झूठी सूचना दी कि मेरा टेम्पो रामकुमार पुत्र किशोरी नि. केवलपुर तिपेडा नामक व्यक्ति द्वारा छीन लिया गया है जांच के दौरान पाया गया कि रामकुमार पुत्र किशोरी नि. केवलपुर तिपेडा के नाम का व्यक्ति विनोद का समधी है रामकुमार के बेटे की शादी 27 नबंवर 2025 को सूचना देने वाले विनोद की पुत्री के साथ शादी हुई थी शादी वाले दिन ही विनोद व इसके समधी रामकुमार के बीच वैचारिक मतभेद हो गये थे इसी के मद्देनगर सूचना देने वाले विनोद व इसके भतीजे यतेन्द्र द्वारा अपने समधी रामकुमार पर दबाव बनाने की नियत से टेम्पू छीनने का झूठा आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी गयी। झूठी सूचना के आधार पर संज्ञेय अपराध की रोकथाम हेतु उद्र दोनो को 01दिसम्बर.2025 को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस किया गया आरोपियों को न्यायालय उपजिलाधिकारी गुन्नौर के समक्ष पेश किया गया।थानाधयक्ष नरेन्द्र कुमार ने बताया कि उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ.नि. ब्रजपाल सिंह, हे. का.मनोज कुमार,का. उम्मेद अली रहे।

## महाविद्यालय में स्थापना दिवस समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- संस्थापक निर्मत ऑडिटोरियम का किया लोकार्पण

**बबराला।** गंगा श्योदान सिंह कन्या महाविद्यालय गुन्नौर में सातवां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शुरुआत यज्ञ हवन के द्वारा की गई।

महाविद्यालय परिवार के संस्थापक,प्रबन्धक,समस्त प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य के साथ हवन में आहुति दी और महाविद्यालय के इसी प्रकार प्रगति पथ पर बढ़ते रहने की प्रार्थना की। इसी के साथ महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए ।इस अवसर पर महाविद्यालय में नवीन निर्मित ऑडिटोरियम का लोकार्पण संस्थापक श्योदान सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्थापक श्योदान सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र में कन्याओं की शिक्षा को महाविद्यालय की स्थापना की।शिक्षा का जीवन मे महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा बिना जीवन शून्य है। प्रबन्धक अनुराग यादव ने कहा कि आज के व्यस्त जीवनशैली में स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति की प्राथमिकता है। स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का निवास करता है। किसी भी महाविद्यालय की नींव स्वस्थ मन मस्तिष्क वाले विद्यार्थी ही बनाते हैं।कन्याओं की शिक्षा को महाविद्यालय की स्थापना की गयी।जिससे क्षेत्र की बेटियां शिक्षित होकर अपना भविष्य संवार सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय संस्थापक श्योदान सिंह, गंगा देवी, प्रबन्धक अनुराग यादव, बॉबी वार्ष्णेय, श्योराज सिंह, शिल्पी, मनीषा, चक्रवीर आदि रहे।

## मौत बनकर दौड़ रहे गन्ने से लदे ओवरलोड व ओवर हाइट ट्रैक्टर-ट्राले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- जाम लगाने के साथ बिगाड़ रहे यातायात व्यवस्था

**सम्भल।** ओवर लोड गन्ने से भरी ट्रक्टर-ट्रालियां सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रही है।, लेकिन यातायात हो या फिर थानों की पुलिस इनकी अंदेखी कर रही हैं।

जनपद में स्थित चीनी मिलों में पैराई सत्र में गन्ना डाला जा रहा है। गन्ना किसान यातायात नियमों की पूरी तरह से अंदेखी किए हुए है। नियमों की धज्जियां उड़ाकर सड़कों पर ओवरलोड एवं ओवरहाईट गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां मिलों में डाला जा रहा है। जबकि बारीकी से देखा जाये तो एक प्रतिशत ट्रालियां पर कोई पंजीकरण नम्बर नहीं है। ओवरलोड/ओवरहाईट चल रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों से यातायात सिस्टम बिगड़ा हुआ है इतना ही नही गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्रालियां सड़कों पर मौत बन कर दौड़ी रह हैं। एआरटीओ अभिताभ चतुर्वेदी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रालियों पर उन्होंने रिफ्लैक्टर टेप और पेंट लगावाया है। ओवरसाइज ट्रैक्टर ट्राली को अनुमति न देने की मिल संचालकों को चेतावनी दी गई है छकड़ों पर पूरी तरह रोक है यदि कहीं छकड़ा पकड़ा जाता है उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। तीन चार सौ क्विंटल गन्ना भर कर ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्रालियां ढुलाई कर टैक्स की चोरी ट्रक के भाड़े पर डाका एवं सरकार के राजस्व को चूना लगा रहे हैं।

## मौलाना महमूद मदनी के बयान पर भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुन्नौर में मौलाना महमूद मदनी के खिलाफ रोष व्यक्त किया। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय का कहना है कि मौलाना महमूद मदनी द्वारा न्यायालय और लव जिहाद को लेकर दिया गया बयान अत्यंत विवादित और आपत्तिजनक है। महमूद मदनी के बयान का हम कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि जिहाद पर दिए गए उनके बयान से समाज में गलत संदेश जा रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि ऐसे भड़काऊ बयान देने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान हर्षित वार्ष्णेय, राहुल, जूलियस सीजर, उमेशचंद्र, इंदीवर सिंह आदि रहे।

## भगवान प्रत्येक जीव के हृदय में स्थित



सम्भल- चामुंडा मंदिर पर गीता जयंती पर गीतानुसार कर्म करने का आह्वान करते।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** चामुंडा देवी मंदिर' में पहली बार विश्व हिंदू परिषदके तत्वावधान में पहली बार गीता जयंती का भव्य आयोजन किया गया।

हल्लू सराय स्थित चामुंडा देवी मंदिर पर आयोजित गीता जयंती कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृष्णानंद झा ने भक्तों को महामंत्र प्रदान किया तथा गीता के कर्मयोग सिद्धांत से प्रेरित होकर राष्ट्र, समाज और सृष्टि के हित में निष्ठापूर्वक कर्म करने का आहवान किया।उन्होंने कहा कि भगवान प्रत्येक जीव के ह्रदय में स्थित हैं और कर्मानुसार फल प्रदान करते हैं। धर्म का वास्तविक अर्थ है। न्याय की स्थापना , समाज में शांति, मानव अधिकारों की रक्षा और अधर्म का उन्मूलन। स्वामी जी ने बताया कि इतिहास में भगवान ने मानव रूप में अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है और आने वाले समय में कल्कि अवतार भी इसी उद्देश्य से अवतरित होंगे। स्वामी जी ने समाज को पवित्र बनाने के लिए पहले स्वयं के भीतर की बुराइयों पर विजय पाने तथा एकता, अखंडता और बंधुत्व की भावना से समाज को जोड़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियर अमित पवार हिंदू जागृति मंच के संस्थापक अध्यक्ष अजय शर्मा जी तथा चामुंडा मंदिर के महंत एवं विहिप धर्म प्रसार प्रमुख मुरली के सानिध्य में किया गया। पावन प्रांगण में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति रही, जिनमें लगभग 150 कल्कि भक्तों ने गीता संदेश को आत्मसात करते हुए प्रतिदिन गीता अध्ययन का संकल्प लिया। कार्यक्रम की विश्व हिंदू परिषद सम्भल के जिलाधयक्ष अनंत अग्रवाल कुलदीप गुप्ता, सुभाष त्यागी, राजवीर पवार, नीलम वार्ष्णेय, सीमा आर्या, अजय शर्मा आदि के प्रश्नों के उत्तर गीता के श्लोकों के माध्यम से दिए गए।

## एसआईआर कार्य को समय से पूरा करें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** एसआईआर कार्य को पूर्ण निष्ठा और तनावमुक्त होकर करें। कोई समस्या हो तब अपने सुपरवाईजर व जानकारी साथी से परामर्श करें। उपजिलाधिकारी कामेन्द्र सिंह ने कस्बे के लगभग सभी विद्यालयों के बूथों पर कार्यरत बीएलओ से उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए इसे समय रहते पूरा करने का प्रयास करें, उन्होने कम फीडिंग करने वाले बीएलओ पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि एक समस्या यह है कि जानकारी न होने पर बीएलओ मालूम करने की जरूरत ही नहीं समझते। उपजिलाधिकारी ने साठ प्रतिशत फीडिंग पर एक ओर जहां गहरी नाराजगी जताई वहीं दूसरी ओर अस्सी प्रतिशत फीडिंग करने वालों के कार्य की सराहना की। एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ के कार्य के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी कामेन्द्र सिंह के साथ एनटी बबलू कुमार, सुपरवाईजर राहुल कुमार व लेखपाल मशहूद आलम भी मौजूद रहे।

## गोआश्रय स्थल में व्यवस्थाएं मिली चाक चौबंद

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गौआश्रय स्थल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और नोडल अधिकारी ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं की जांच की और कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न संतति को दाना आदि खिलाया।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. शैलेंद्र सिंह एवं नोडल अधिकारी डा. मनोज कुमार शर्मा ने धनारी पटटी बालू स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रचुर मात्रा में हरा चारा उपस्थित मिला एवं काफी मात्रा में भूसा भी पाया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने खल चोकर को अधिक मात्रा में गोवंशों को दिए जाने के निर्देश दिए। सर्दी से बचाव हेतु गौशाला के समस्त शेड में पर्दे भी लगे हुए थे साफ-सफाई संतोष जनक पायी गयी। नाद भी साफ जल से एवं ताजे जल से भरी हुई थी। इसके अलावा गौशाला के समीप भूमि पर जई उगाई जा रही है जिसे काटकर गौ वंशों को खिलाई जा रही है। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और नोडल अधिकारी ने कृत्रिम गर्भाधान द्वारा उत्पन्न संतति को दाना खिलाया गया।



सम्भल- धनारी के बालू पटटी में गौआश्रय स्थल में गोवंश को दाना खिलाते।

## शिक्षकों पर हुई एफआईआर ली जाए वापिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** एनएमओपीएस अटेवा का देश व्यापी आहवान 25 नवम्बर 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली तथा टेट अनिवार्यता समाप्ति के विरोध में धरना कर रहे चार साथियों पर अनुमति से अधिक संख्या का हवाला देकर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में प्राथमिकी वापस करने के लिए एफआईआर की प्रति जलाकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच, संभल की शाखा जुनावई में विरोध दर्ज किया गया। विरोधा दर्ज करने वालों में मंजीत मोहन जिला कोषाध्यक्ष,अटेवा, सुधीर कुमार त्यागी, संदीप कुमार, सुरेश चंद्र, रामवीर सिंह, दीपक कुमार, शरद यादव, अखिलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## झोलाछाप के इलाज से पांच वर्षीय मासूम की मौत

- मौत पर परिजनों का हंगामा बिना कार्रवाई के शव ले गए घर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन गांव में एक मेडिकल पर इलाज के दौरान 5 वर्षीय बच्ची ने दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू किया तो भीड़ जुट गई, लेकिन कुछ देर बाद बिना किसी कार्यवाही के ही परिजन बाइक पर शव को अपने घर ले गए।

अमरोहा जनपद के आदमपुर थाना अंतर्गत रानी वाला गांव निवासी कुंवर सैन की 5 वर्षीय बेटी पिंकी को बुखार तथा पीलिया होने के चलते परिजन संभल लेकर पहुंचे थे। वहां के बाद परिजन सौंधन सीपी मेडिकल पर इलाज के लिए ले आए। जहां कुछ देर बाद बच्ची की मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू किया तो आसपास के भीड़ एकत्रित हो गई। लेकिन कुछ देर के बाद परिजन बिना किसी कार्यवाही के ही बच्ची के शव को बाइक पर ही रखकर अपने घर ले गए। उधर पुलिस को भी इसकी जानकारी नहीं है। बल्कि कोई सूचना मिलने पर कार्रवाई की बात कही जा रही है।




सम्भल- झोलाछाप के इलाज से मौत पर हंगामा करती भीड़ को समझाते।

## मिशन शक्ति अभियान में छात्राओं को दी योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** एमजीएम पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत छात्राओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति प्रभारी डाक्टर रितु भटनागर ने छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार की कई योजनाएं चल रही है जिनमें वित्तीय समावेशन जैसे जन धन योजना, सामाजिक सुरक्षा जैसे अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्वास्थ्य जैसे आयुष्मान भारत और रोजगार सृजन जैसे पी एम स्वनिधि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना जैसे प्रमुख योजनाएं शामिल है इसके अलावा आवास स्वच्छता शिक्षा और महिला सशक्तिकरण से संबंधित भी कई योजनाएं हैं।

## गंगा सस्टेनेबिलिटी रन में महिला हेड कांस्टेबल ने हासिल किया दूसरा स्थान, एसएसपी ने किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद पुलिस की महिला हेड कांस्टेबल अमीरन बानो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मुरादाबाद पुलिस का नाम रोशन किया है। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक सतपाल अंतिल ने उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें बीते माह 09 नवंबर को ऋषिकेश (उत्तराखंड) में आयोजित गंगा सस्टेनेबिलिटी रन 4.0 मैराथन में शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया।इस मैराथन का आयोजन गंगा के सतत विकास, संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। इसमें देशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महिला हेड कांस्टेबल अमीरन बानो ने मुरादाबाद पुलिस की ओर से 21.1 किमी महिला वर्ग प्रतियोगिता में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।एसएसपी सतपाल अंतिल ने अमीरन बानो को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया और उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएँ पुलिस विभाग की छवि को और मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों का फिटनेस के प्रति जागरूक होना बेहद आवश्यक है और अमीरन बानो ने अपने समर्पण और अनुशासन से यह सिद्ध किया है कि लगन और परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।अमीरन बानो की इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में खुशी का माहौल रहा। सहकर्मियों ने भी उन्हें बधाई दी और आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं। एसएसपी ने आशा व्यक्त की कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार विभाग और जनपद का नाम रोशन करती रहेंगी।

# छात्र ने शिक्षक पर किया जानलेवा हमला, कॉलेज में मची अफरा-तफरी

## जीजी हिन्दू इण्टर कॉलेज के गेट पर धारदार हथियार से शिक्षक पर हमला कर फरार हुआ छात्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब स्कूल के मुख्य गेट पर एक छात्र ने शिक्षक अरुण कुमार त्यागी पर धारदार हथियार से अचानक हमला कर दिया। घटना सुबह की बताई जा रही है, जब शिक्षक अरुण कुमार त्यागी रोज की तरह विद्यालय में प्रवेश कर रहे थे। उसी दौरान कक्षा 10 में पढ़ने वाला छात्र, जो डबल फाटक क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है, पहले से गेट पर ही उनका इंतजार कर रहा था। जैसे ही शिक्षक गेट के भीतर पहुंचे, छात्र ने उन पर पीछे से धारदार हथियार से वार कर दिया।हमले में शिक्षक की कमर पर गंभीर चोटें आईं। चोट लगते ही वह वहीं लड़खड़ा गए, जिसके बाद मौके पर मौजूद अन्य शिक्षक और स्टाफ तुरंत उनकी मदद के लिए पहुंचे। घटना से पूरे कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी फैल गई और छात्र मौके से बुध बाजार की ओर भाग निकला।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला कि सोमवार को कक्षा के दौरान शिक्षक ने अनुशासनहीनता को लेकर छात्र को डांट दिया था, जिससे वह नाराज था। इसी रंजिश में छात्र ने अगले ही दिन स्कूल गेट पर शिक्षक पर हमला बोल दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी छात्र की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप बरनवाल ने बताया कि "शिक्षक पर गेट पर प्रवेश करते समय हमला किया गया। इसके संबंध में पुलिस को तहरीर दी जा रही है। घायल शिक्षक 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं को पढ़ाते हैं।" उन्होंने बताया कि शिक्षक को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल भिजवाया गया है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। वही पुलिस ने आश्वासन



दिया है कि आरोपी छात्र को जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

## टीकाकरण उत्सव के रूप में मनाया जाएगा दिसम्बर माह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी सभागार में महा दिसंबर 2025 को टीकाकरण उत्सव के रूप में मनाया जाने के संबंध में समस्त एएनएम की एक बैठक बुलाई गई जिसमें सभी एएनएम को टीकाकरण उत्सव के रूप में मनाते हुए जीरो डोज पेंटा एमआर फर्स्ट बीसीजी आदि टीकाकरण से छूट पाए गए बच्चों का सत प्रतिशत टीकाकरण कर टीकाकरण की प्रगति को बढ़ाने का कार्य किया जाना है। जिसमें मुख्य रूप से सर्वे कर ड्यू लिस्ट अपडेट की गई है उसी के अनुसार 100% टीकाकरण किया जाए और अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जाए बैठक में डॉक्टर राजपाल सिंह चिकित्सा अधीक्षक ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, सोनू आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में मंगलवार को पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया।

महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# बीआरसी पर दिव्यांग बच्चों को लेकर हुई तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के बीआरसी केंद्र पर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के मौके पर तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनेकों स्कूलों के 102 बच्चों ने भाग लिया। मंगलवार को हुई प्रतियोगिता में बच्चों की 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर गेम, लेमन स्पून रेस का आयोजन किया गया। इस बीच प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, कांस्य मेडल आदि प्रदान किए गए।

इसके अलावा पुरस्कार देकर पुरस्कार किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम विनय कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ने खेलों को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत कराई। खेलों के दौरान अनेकों बच्चों ने सुंदर प्रदर्शन किया, जिन्हें पुरस्कृत किया गया।

बच्चों में दिनेश ढकिया जदीद, प्रियांशी मिलक नगलिया जट, लव कुश मिलक नगलिया जट, लक्ष्य जूनियर हाई स्कूल बिलारी, अनुज जूनियर हाई स्कूल हरोरा, जोया टांडा अमरपुर, एहतेशाम कन्या बिलारी, नूर फातिमा कन्या बिलारी, तौकीर रजा थामला, अब्दुल जूनियर हाई स्कूल बिलारी, अयान कन्या बिलारी, शोएब जूनियर हाई स्कूल बिलारी, सचिन जूनियर हाई स्कूल बिलारी, प्रीती हरोरा ने सुंदर प्रदर्शन किया। सभी को प्रस्तुत किया गया, इस मौके पर सुलेमान अंसारी,राजीव कुमार, अमित सिंह,नरेंद्र पाल सिंह, राजेश कुमार,पूजा अवस्थी, मणि मेखला, अखलाक हुसैन, सीमा यादव के अलावा स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर वी के सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रधानाध्यापिका सीमी सदफ व नाजिम हुसैन ने किया।

# जंतर-मंतर रैली पर दर्ज एफआईआर के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

## जिला चिकित्सालय परिसर में एफआईआर की प्रतियां जलाकर जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा के देशव्यापी आंदोलन के तहत 25 नवंबर को जंतर-मंतर दिल्ली में हुए विशाल प्रदर्शन के बाद कई प्रांतीय पदाधिकारियों पर दर्ज की गई एफआईआर को लेकर प्रदेशभर के कर्मचारी आक्रोशित हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला चिकित्सालय परिसर में जनपद मुरादाबाद के सभी शिक्षक व राज्य कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से एफआईआर की प्रतियां जलाकर कड़ा विरोध दर्ज कराया।



डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संदीप बडोला ने कहा कि केंद्र और दिल्ली सरकार द्वारा आंदोलन को दबाने के उद्देश्य से पदाधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की गई है, जिसकी अटेवा कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एफआईआर वापस नहीं ली गई तो कर्मचारी संगठन बड़े स्तर पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों में भारी रोष है और पुरानी पेंशन बहाली तक आंदोलन रुकने वाला नहीं है।अटेवा के महामंत्री हेमंत चौधरी ने बताया कि अटेवा पिछले दस वर्षों से शांतिपूर्ण तरीके से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष कर रहा है। अभी तक किसी भी कर्मचारी पर शासन ने ऐसा दमनात्मक कदम नहीं उठाया था, लेकिन पहली बार एफआईआर दर्ज कर दमनकारी नीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारी भयभीत नहीं होंगे और पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।विरोध प्रदर्शन में प्रतिमा शर्मा, पुनम मैसी, निश्चल भटनागर, त्रिवेंद्र चौहान, दीपक राजपूत, सुनील कुमार, वेलमा, विक्टर, सीमा भारती, पंकज पांडे, अरविंद कुमार, अंकित सक्सेना, अखिलेश कुमार, महेश, कामिनी, पुष्पा, योगेश तिवारी, हरिबाबू शाक्यवार सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी और उपस्थित रहे।

# पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोपी को किया गिरफ्तार, जिला बदर भी निकला पकड़ा गया आरोपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुंदरकी।** अपराधियों पर शि. कंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मैनाठेर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीती 01 दिसंबर को थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया था कि कुछ अभियुक्तों द्वारा उसे भयभीत कर रुपए की रंगदारी मांगी जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना मैनाठेर में मुकदमा दर्ज किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश तेज कर दी। अभियान के क्रम में थाना मैनाठेर पुलिस ने मंगलवार को रंगदारी मांगने के मुख्य आरोपी कपिल ठाकुर पुत्र पप्पू, निवासी ग्राम बैटला थाना हजरतनगर गढ़ी, जनपद सम्भल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के



अनुसार गिरफ्तार आरोपी जनपद सम्भल से जिला बदर भी घोषित है।पुलिस टीम ने बताया कि आरोपी अपने आपराधिक इतिहास के कारण पहले से ही निगरानी सूची में शामिल था। रंगदारी की शिकायत के बाद उसकी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई और मुखबिर की सूचना पर उसे दबोच लिया गया। पुलिस ने आरा. ेपी को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनी रहे।

# अदालत के आदेश पर कई लोगों के विरुद्ध महिला ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली लद्दा की रहने वाली वृद्ध महिला ने कई लोगों के विरुद्ध मारपीट करके घायल करने का मुक. दमा दर्ज कराया है। अदालत के आद. ेश पर दर्ज हुए मुकदमे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव की महिला सीमा पत्नी कृष्ण पाल ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह वृद्ध महिला है और उसके एक लड़का था। जिसका मर्डर कर दिया गया। इसी का फायदा उठाते हुए उसके पति द्वारा इकट्ठी की गई संपत्ति को कब्जाने की नियत से परिवार के लोग बोबी, ज्ञान चंद्र व राहुल पुत्रगण उमेश, जेठानी उपदेश पत्नी उमेश, चीनू पत्नी राहुल, खुशबू पत्नी बॉबी के अलावा अरविंद पुत्र सुखराम आए दिन उसे परेशान करते रहते हैं और गाली गलौज का जान से मारने की धमकी भी देते हैं। 25 अक्टूबर को सभी एक राय होकर घर में घुस आए और गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी भी दी। इस बीच उपदेश ने उनके गले पर घुटना रखकर जान से करने का प्रयास किया। बोबी ने लोहे की रोड से हमला किया। इस बीच देवर रामबाबू ने उसे बचाया नहीं तो सभी उसे मारकर जमीन पर कब्जा कर लेते। थाने में शिकायत की तो धमका कर भगा दिया। पुलिस से सांठ गांठ का आरोप भी लगाया। अदालत का आश्रय लिया तो अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# उर्दू भारत की सांस्कृतिक पहचान है, यादे सर सैयद समारोह में शिक्षा, धर्मनिरपेक्षता और राष्ट्रीय एकता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** याद सर सैयद अहमद खान का आयोजन सोंतार नाता संग्राम सीनानी भवन कंपनी गार्डन में किया गया, इस अवसर पर हिंदी उर्दू वार्षिक पुस्तक आइना उर्दू सहाफान का भी लोकार्पण किया गया। बैठक की अध्यक्षता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राहत अबरार ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के सलाहकार बोर्ड के सदस्य और अग्नि, नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक मीडिया प्रोडक्शन बोर्ड डॉ अब्दुल समद इब्राहिम उपस्थित थे। सुप्रीम कोर्ट के वकील शम्स ख्वाजा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में इसरार अहमद, पूर्व प्रधानाचार्य, हामिद इंटर कॉलेज, रामपुर, चौधरी सौलत हुसैन, पूर्व विधानसभा सदस्य, गाँव, विश्व प्रसिद्ध शायर मंसूर उस्मानी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, मुहम्मद मजाहिर खान, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक, सिख धर्म गुरु सरदार गुरविंदर सिंह, लोक तंत्र बचाओ मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्होंने उर्दू के कल्याण और मुसलमानों के विकास के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण दिया और मिर्जा मुर्तजा इकबाल की निस्वार्थ और निडर भावना पर अपने विचार व्यक्त किए। इसरार अहमद ने शिक्षा की आवश्यकता और उसके लाभों पर बात की और श्रोताओं को सर सैयद के विचारों और सर सैयद सानी सैयद हामिद के निस्वार्थ प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने एक सुंदर समागम के आयोजन के लिए मिर्जा मुर्तजा इकघ्बाल को बधाई दी। सरदार गुरविंदर सिंह ने वर्तमान संकीर्णता पर चिंता व्यक्त करते हुए सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुरादाबाद, 1 दिसंबर, समाज न्यूज सर्विस: याद सर सैयद अहमद खान का आयोजन सोंतार नाता संग्राम




सीनानी भवन कंपनी गार्डन में किया गया, इस अवसर पर हिंदी उर्दू वार्षिक पुस्तक आइना उर्दू सहाफान का भी लोकार्पण किया गया। बैठक की अध्यक्षता अलीगढ़ मुस्लिम विश्व. विद्यालय के प्रोफेसर राहत अबरार ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के सलाहकार बोर्ड के सदस्य और अग्नि, नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक मीडिया प्रोडक्शन बोर्ड डॉ अब्दुल समद इब्राहिम उपस्थित थे। सुप्रीम कोर्ट के वकील शम्स ख्वाजा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में इसरार अहमद, पूर्व प्रधानाचार्य, हामिद इंटर कॉलेज, रामपुर, चौधरी सौलत हुसैन, पूर्व विधानसभा सदस्य, गाँव, विश्व प्रसिद्ध शायर मंसूर उस्मानी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, मुहम्मद मजाहिर खान, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक, सिख धर्म गुरु सरदार गुर. विंदर सिंह, लोक तंत्र बचाओ मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्होंने उर्दू के कल्याण और मुसलमानों के विकास के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण दिया और मिर्जा मुर्तजा इकघ्बाल की निस्वार्थ और निडर भावना पर अपने विचार व्यक्त किए। इसरार अहमद ने शिक्षा की आवश्यकता और उसके लाभों पर बात की और श्रोताओं को सर सैयद के विचारों और सर सैयद सानी सैयद हामिद के निस्वार्थ प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने एक सुंदर समागम के आयोजन के लिए मिर्जा मुर्तजा इकघ्बाल को बधाई दी। सरदार गुर. विंदर सिंह ने वर्तमान संकीर्णता पर चिंता व्यक्त करते हुए सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे शैक्षिक प्रमाणपत्र (टी0सी0) में मेरा नाम शेर सिंह व आधार कार्ड में मेरा नाम विजय कुमार है जोकि दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। भवष्यि में मुझे **शेर सिंह उर्फ विजय कुमार** के नाम से जाना व पहचाना जाएं। **शेर सिंह उर्फ विजय कुमार पुत्र स्व. मिसुर राम उर्फ मिश्री लाल निवासी सीएल गुप्ता बाग, निकट पावर हाउस सम्राट अशोक नगर, थाना मझोला, जिला मुरादाबाद।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम ASHKAR AHMAD BABU दर्ज है जोकि गलत है, तथा मेरा सहीं नाम ASHKAR AHMAD है, तथा मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं जोकि सही है। आशकार अहमद पुत्र जमालुद्दीन निवासी मौहल्ला साहूकुंज कालौनी स्टेशन रोड गली नम्बर-03, बिलारी, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
**(मुरादाबाद/चन्दौसी/अमरोहा/बिजनौर)**
**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना सं०-4,
भाग-2, मुरादाबाद । E-mail: emombd@upavp.com

सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद मे स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 1बी / 305 पदेशन पत्रांक 3496 दिनांक 02.11.1993 द्वारा श्रीमती अनिता खन्ना पत्नी श्री राकेश खन्ना के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने दिनांक 21.12.1993 को इस कार्यालय से किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 01.01.1994 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए भवन का विक्रय विलेख इस कार्यालय से दिनांक 23.05.2006 को निष्पादित कराकर सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद मे दिनांक 23.05.2006 को पंजीकृत कराने के उपरान्त उक्त भवन श्रीमती सुधा गोयल पत्नी श्री प्रदीप कुमार गोयल के पक्ष में दिनांक 12.09.2006 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। तदोपरान्त श्रीमती सुधा गोयल पत्नी श्री प्रदीप कुमार गोयल द्वारा उक्त भवन श्रीमती ज्योति पत्नी श्री वीर सिंह व श्री वीर सिंह पुत्र हरदेव सिंह के पक्ष में दिनांक 28.02.2008 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। कु0 मोनिका सिंह पुत्री स्व0 श्री वीर सिंह व श्री ललित सिंह पुत्र स्व0 श्री वीर सिंह ने अपने प्रार्थना-पत्र दिनांक शून्य के द्वारा अपने पिता श्री वीर सिंह की मृत्यु दिनांक 15.05.2021 एवं माता श्रीमती ज्योति की मृत्यु दिनांक 02.05.2021 को होना सूचित करते हुए मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 1बी / 305 बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद को अपने पक्ष मे वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5 मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी। आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 487/2025
**तारीख पेशी:** 07.01.2026
**श्रीमती मीनू बनाम भूपेन्द्र उर्फ तिलकधारी आदि।**

श्रीमति मीनू आयु 32 वर्ष पत्नी इन्द्रेश कुमार निवासी ग्राम चक जगवाली, छजलैट, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

1. भूपेन्द्र उर्फ तिलकधारी आयु 30 वर्ष पुत्र स्व. जगपाल सिंह निवासी ग्राम चक जगवाली, छजलैट, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।
2. **जनता आम** ग्राम चक जगवाली, छजलैट, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि आपको एतद्द्वारा चेता. वनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2018 के 10 के दिवस 03 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेन अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता आपके विरूद्ध एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 01 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

# प्रेम-प्रसंग के चलते चालक की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नयागांव बहादुरनगर में प्रेम संबंध के विवाद ने एक भाई की जान ले ली। भाभी से अवैध संबंधों में बाधा बन रहे निजी स्कूल बस चालक रूपेंद्र सिंह चौहान की उसके चचेरे देवर नवनीत चौहान ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर आरोपी देवर और मृतक की पत्नी को पूछताछ हेतु हिरासत में ले लिया। मृतक रूपेंद्र चौहान पुत्र योगेंद्र सिंह की शादी लौगी खुर्द निवासी युवती अंशु से हुई थी। उसके पति के व्यस्त रहने के कारण अंशु के अपने चचेरे देवर नवनीत चौहान से अवैध संबंध बन गए, जो करीब एक वर्ष से चल रहे थे। रूपेंद्र निजी कॉलेज की स्कूल बस चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार को अंशु किसी काम से मायके चली गई। दोपहर में स्कूल से बच्चों को छोड़कर रूपेंद्र घर लौटा और अकेला बैठा था। तभी देवर नवनीत चौहान अवैध तमंचे के साथ घर पहुंचा और रूपेंद्र की कनपटी पर सटाकर गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक रूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने आरोपी नवनीत को घटनास्थल से भागते हुए देख लिया। हत्या की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह और कोतवाली प्रभारी मनोज परमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने भी घटनास्थल पहुंचकर जांच की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि



मृतक रूपेंद्र चौहान का फाइल फोटो

देवर नवनीत चौहान द्वारा प्रेमसं. बंधों की वजह से रूपेंद्र की हत्या की गई है। आरोपी और मृतक की पत्नी अंशु को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

मृतक के पिता योगेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने नवनीत चौहान और अंशु के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।



ठाकुरद्वारा। घटनास्थल पर पुलिस क्षेत्राधिकारी से वार्ता करते भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह।

# आईएफटीएम में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा आईएसएफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी मोगा के सहयोग से हुआ सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी और आई.एस.एफ. कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मोगा, पंजाब के संयुक्त तत्वावधान में ''नैनोटेक्नोलॉजी एण्ड इट्स एप्लीकेशन टु ऑक्युलर ड्रग डिलीवरी सिस्टम'' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. संजीव अग्रवाल एवं सेमिनार के मुख्य वक्ता व आई.एस.एफ. कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मोगा के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीपप्रजवल्लन व पुष्पार्पण करने के पश्चात् कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव डा. अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दौर में दवाइयां बनाने में नैनोटेक्नोलॉजी का बहुआयामी उपयोग है। उन्होंने यह भी कहा कि फार्मेसी संकाय में आयोजित यह सेमिनार निश्चित ही हमारे विद्यार्थियों शोधकर्ताओं और अध्यापकों हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण व ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा। मुख्य वक्ता प्रो. कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि आँखों की दवाई बनाने में आजकल ज्यादातर कंपनियों द्वारा नैनोटेक्नोलॉजी का उपयोग



किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि यदि आखों की दवाई बनाने में दवाई के कणों को नैनोपार्टिकल्स के रूप में तोड़कर प्रयोग किया जाए, तो दवा आँखों की बीमारी दूर करने में ज्यादा कारगर साबित होती है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने मुख्य वक्ता प्रो. कुमार को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। साथ ही उन्होंने फार्मसी शोध में नैनोटेक्नोलॉजी की उपयोगिता पर प्रकाश भी डाला। वहीं कार्यक्रम संयोजक व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि नैनोटेक्नोलाजी एक ऐसा क्षेत्र बनता जा रहा है, जिसका हर प्रकार की दवाइयां बनाने में उपयोग किया जा रहा है। अंत में आयोजन सचिव व डीन रिसर्च एण्ड डेवलमेन्ट डॉ सुशील कुमार ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन फार्मेसी संकाय की शिक्षिका सुश्री रितिका सक्सेना ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में फार्मेसी संकाय के शिक्षकों डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. प्रशान्त उपाध्याय, डॉ. विजय शर्मा एवं डॉ. अलंकार श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान फार्मेसी संकाय के शिक्षकों समेत 150 से अधिक प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राजकीय हाई स्कूल हाथीपुर चित्तू में कैरियर मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** राजकीय हाई स्कूल हाथीपुर चित्तू कुंदरकी में कैरियर मेले का आयोजन किया गया। इस मौके मुख्य अतिथि प्रीतम सिंह मंडलीय उपनिरीक्षक संस्कृत पाठशाला मुरादाबाद और विशिष्ट अतिथि अभिषेक मिश्रा जी प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल बेगमपुर ने छात्र-छात्राओं को



विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। अन्य सम्माननीय अतिथिगण डॉक्टर मुनेश कुमार जी, पवन कुमार जी जूनियर इंजीनियर ग्रामीण अभियंत्रण, रत्नेश कुमार सेवायोजन कार्यालय, श्री अकरम एवं राजीव कुमार बिलारी, मनोज कुमार वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र बिलारी ने भी छात्र छात्राओं को अपने क्षेत्रों से संबंधित विशेष जानकारी प्रदान की। सम्माननीय अतिथियों द्वारा बच्चों की कैरियर से जुड़ी विभिन्न जिज्ञासाओं को शान्त किया गया और उनके प्रश्नों का उत्तर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर यतेंद्रपाल सिंह ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के शिक्षकगण मोहम्मद यामीन, संदीप कुमार यादव, शैलेन्द्र यादव और कार्यालय सहायक राजबहादुर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## पांच और छह को होगा खेल स्पर्धा का आयोजन

**ठाकुरद्वारा।** युवाकल्याण विभाग के एडीओ नवीन चौहान ने बताया कि सांसद-विधायक खेल स्पर्धा के अंतर्गत विधानसभास्तर पर विधानसभामें विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 05 दिसंबर 2025 एवं 06 दिसंबर 2025 को सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज खेल मैदान ठाकुरद्वारा में किया जाएगा। महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, भारोत्तोलन/ फुटबॉल/ कुश्ती/ जूडो विधाओं में सबजूनियर वर्ग (आयु 16 वर्ष से कम), जूनियर वर्ग (आयु 16 वर्ष से 20 वर्ष) एवं सीनियर वर्ग (आयु 20 वर्ष से अधिक) में सभी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 05 एवं 06 दिसंबर 2025 को सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज खेल मैदान ठाकुरद्वारा में किया जाएगा। किसी भी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का पंजीकरण पोर्टल पर होना आवश्यक है एवं एक प्रतिभागी किसी भी एक आयुवर्ग की ही किन्हीं दो खेल प्रतियोगिताओं में ही भाग ले सकता है।

# वोटरलिस्ट पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम की राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** वोटरलिस्ट के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर सोमवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में एसडीएम ने पुनरीक्षण की प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए बताया कि अब तक लगभग 88 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

शेष कार्य को 11 दिसंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एसडीएम प्रीति सिंह ने सूचित किया कि 4 दिसंबर से बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ राजनीतिक दलों के बूथ लेवल अभिकर्ताओं बीएलए के साथ मिलकर घर-घर संपर्क अभियान चलाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य छूटे हुए पात्र मतदाताओं का विवरण जुटाकर उन्हें मतदाता सूची में सम्मिलित करना हैं।

ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान से वंचित न रह जाए। बैठक में कांग्रेस के संजीव सिंघल, सपा के नवीन यादव, बसपा से रामपाल गौतम व ईश्वर सागर, भाजपा से संजय सिंह सहित विभिन्न दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




**INFORMATION**

No. 1479290L Ex Hav. Atendra Pal Singh, Resident of Town Narauli, Tehsil Chandausi, District Sambhal, U.P. Mob. 9897917912. My Daughter's name is mentioned as Kumari Sakshi in the part order of my Army record, where as it is mentioned as Sakshi Tomar in all other documents including Highschool marksheet and Aadhaar card. She should be known as Sakshi Tomar.



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**
**सि० विविध वाद सं.** 342/2025
**तारीख पेशी:** 10.12.2025

1. श्रीमती अर्चना अग्रवाल आयु 55 वर्ष पत्नी स्व0 श्री सुधाकर अग्रवाल निवासी जय निवास कमिश्नर कोठी के पीछे ट्यूबैल कॉलोनी नगर व जिला मुरादाबाद।
2. ऋषभ अग्रवाल आयु लगभग 11वर्ष पुत्र स्व0 सुधाकर अग्रवाल नबालिग द्वारा अपनी जन्मदा माता व प्राकृतिक संरक्षिका श्रीमती अर्चना अग्रवाल आयु 55 वर्ष पत्नी स्व. श्री सुधाकर अग्रवाल निवासी जय निवास कमिश्नर कोठी के पीछे ट्यूबैल कॉलोनी नगर व जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. **जनता आम, मुरादाबाद,** 2. उ0 प्र0 सरकार द्वारा- जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद। चूंकि उपर्रिनामांकित आवेदक गण ने इस न्यायालय में यह आवेदन वादी संख्या 2 अव्यस्क ऋषभ अग्रवाल के आवासीय भवन स्थित जय निवास कमिश्नर कोठी के पीछे ट्यूबैल कालोनी, नगर व जिला मुरादाबाद क्षेत्रफल 118.58 वर्गमीटर को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु गार्जियन्स एण्ड वार्डस एक्ट 1980 की धारा-31 के साथ पठित हिन्दू अव्यस्कता और संरक्षकता अधिनिय-1956 की धारा 8 (2) के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। आप उक्त वाद में जवाबदेही करने के लिए दिनांक 10.12.2025 को प्रात 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद की सुनवाई एकपक्षीय रूप से सुनी जायेगी। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 12 माह 01 दिवस को निकाली गई।

**व्यवहार विविध वाद, लिपिक**
**जनपद न्यायालय,**
**मुरादाबाद (उ०प्र०)।**



**कार्यालय ग्राम पंचायत किशनपुर गावड़ी**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 01.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत किशनपुर गावड़ी में पंचम राज्य वित्त, 15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत किशनपुर गावड़ी में विजेन्द्र के घर से मैन रोड तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 08.12.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि. वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किशनपुर गावड़ी में विजेन्द्र के घर से मैन रोड तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, बजरफुट, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 151230/- | 3025/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-किशनपुर गावड़ी**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**



**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या/दिनांक | 247-DRM-MB-25-26 Date: 02.12.2025 |
| कार्य का नाम | Heavy repair to pf surface, duty hut, staff quarter, colony road, white washing and other misc. work under ADEN/I/HRI |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 26.12.2025 at 16:00 |
| अनुमानित लागत(र) | ₹89,94,733.77 |
| धरोहर राशि(र) | ₹1,79,900/- |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 12.12.2025 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

No. 74-W/2/3/WA/Publication Dated: 02.12.2025 3733/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद मंडल के लखनऊ-मुरादाबाद सेक्शन पर मुरादाबाद स्टेशन यार्ड में किमी 1397/18-20 पर मौजूदा जीर्ण-शीर्ण आर.ओ.बी. संख्या 1142-ए (02-लेन) को ध्वस्त करने के बाद, नए आर.ओ.बी. ((स्पैन 1x76.080 मीटर सी/सी एक्सप. जॉइंट (बो स्ट्रिंग गर्डर) + 2x16.710 मीटर सी/सी एक्सप. जॉइंट (पीएससी गर्डर)) के निर्माण के संबंध में। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2137.71 लाख |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानत राशि | रु. 12,18,900.00 |
| 5 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी | ई-निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे कि वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 02.12.2025 से दिनांक 24.12.2025 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना कि बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6 | अन्तिम तिथि/ ई-निविदा अपलोड करने की तिथि | 24.12.2025 को 11:30 बजे तक। ई-निविदा दिनांक 10.12.2025 से 24.12.2025 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | टेकनिकल कम कमर्शिअल बिड दिनांक 24.12.2025 को 11:30 बजे तक ई-टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। योग्य टेंडरर की फाइनेन्शिअल बिड कार्यालय द्वारा दी गई दिनांक व समय की सूचना के आधार पर बाद में खोली जाएगी। |

निविदा सूचना सं. 1-डब्लू-टेण्डर-293-उप मु.अभि. नि. मुरादाबाद दिनांक- 02.12.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3727/25


## एक नजर

### मादक पदार्थ के साथ पुलिस ने युवक को पकड़ा



**भोजपुर (शाह टाइम्स संवाददाता)।** सोमवार की देर शाम को इस्लाम नगर चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने रोड गश्त के दौरान गांव मनकुआ मकसूदपुर - नहटौरा रोड पर कूड़ेदान के निकट संदिग्धावस्था में खड़े युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली। युवक की पेंट की जेब से पोलीथीन में लिपटी 548 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आदिल पुत्र शाकिर निवासी गांव चक मौहम्मद नगर थाना धामपुर जिला बिजनौर बताया। युवक ने बताया कि वह अपनी बहन के घर रहता है और घूम-फिर कर चरस बेचने का धंधा करता है। पुलिस ने बरामद चरस को सीलबंद कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अदालत को चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस मु0अ0सं0 357/09 धारा 4/25ए एक्ट के वारण्टी अभियुक्त रेवती उर्फ राजेन्द्र पुत्र मूलचंद निवासी ग्राम रामनगर थाना चन्दौसी जिला संभल को गिरफ्तार किया।

### हादसे के बाद सख्त हुई पुलिस: कुंदरकी में डग्गामार व ओवरलोड वाहनों पर कसा शिकंजा



**कुंदरकी।** लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर रविवार को हुए भीषण हादसे में छह लोगों की मौत के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। मुरादाबाद एसएसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर सोमवार को कुंदरकी थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान डग्गामार और ओवरलोड वाहनों पर विशेष निगरानी रखी गई।

पुलिस ने कई टेंपो, मैजिक और बैटरी रिक्शा रोककर उनकी जांच की, जिनमें दर्जनों वाहनों के चालान काटे गए और कई को सीज भी किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हाईवे पर बिना परमिट चलने वाले व ओवरलोड सवारी ढोने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने कहा कि नेशनल हाईवे पर डग्गामार वाहनों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से की शिकायत

**भोजपुर (शाह टाइम्स संवाददाता)।** गांव रूस्तमपुर तिगरी निवासी ग्रामीण ने भाई-बहन समेत चार के खिलाफ 17 बेटी को बहला फुसलाकर कार में बैठाकर ले जाने एवं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में ग्रामीण रईस पुत्र भूरा ने बताया है कि सोमवार की रात को आठ बजे गांव का सरफराज पुत्र शरीफ और रूस्तमपुर तिगरी निवासी शरीफ पुत्र आलेहसन व आलम पुत्र जकीर के साथ आया और मेरी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कार में बैठाकर ले गया।घ शिकायत करने आरोपियों के घर पहुंचा तो सरफराज की बहन गोसिया ने गालियां देकर भगा दिया। ग्रामीण का कहना है कि बेटी घर में रखे सोने चांदी जेवरात और नगदी भी अपने साथ ले गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अवैध शस्त्र के आरोपी को सजा

**चन्दौसी (शाह टाइम्स संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत संभल पुलिस को सफलता मिली है। थाना असमोली पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अवैध शस्त्र में मु0अ0सं0 51/2006 धारा 25 आयुध अधिनियम के तहत भीमसेन पुत्र नेकस उर्फ सतपाल निवासी ग्राम बेला थाना असमोली जनपद संभल को जेल में बिताई गई अवधि (02 दिवस) के कारावास व न्यायालय उठने तक की सजा तथा 1500 रु0 के अर्थदंड से दंडित किया गया। सजा कराये जाने में एपीओ संतोष यादव, कोर्ट पैरोकार आत्मानंद, कोर्ट मोहर्रिर नफीस अहमद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध शस्त्र मामले में न्यायालय ने सुनाई कारावास व जुर्माने की सजा

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत संभल पुलिस को सफलता मिली है। थाना हयातनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अवैध शस्त्र के मामले के आरोपी रमेश यादव पुत्र आशाराम निवासी ओटो की मढैया थाना हयातनगर जिला संभल को माननीय न्यायालय जे0एम0-1 जनपद संभल द्वारा अभियुक्त रमेश को दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी अवधि (01 दिवस) के कारावास व 1500 रु0 के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। सजा कराये जाने में एपीओ संतोष यादव, कोर्ट पैरोकार का0 विजय सिंह तथा कोर्ट मोहर्रिर नफीस अहमद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### खेलो इंडिया पहल से किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिला: टॉड

**जयपुर।** भारतीय टेनिस सर्किट में एक जाना-पहचाना नाम बन चुके ऑस्ट्रेलियाई कोच टॉड क्लार्क ने खेलो इंडिया पहल सराहना करते हुए कहा कि इससे किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिलता है। 2008 में भारत आने के बाद से क्लार्क ने यहां रहकर देश की संस्कृति को करीब से अपनाया है। वर्तमान में वे ओडिशा स्थित कलिगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में टेनिस निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अपने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। क्लार्क का कहना है कि खेलो इंडिया गेम्स ने देशभर में किशोरों को सही दिशा और उद्देश्य दिया है। क्लार्क साई मीडिया से कहा कि उबाऊ किशोरावस्था से ज्यादा परेशान करने वाली कोई चीज नहीं होती। इन खेलों ने देशभर में युवाओं को खेल अपनाने, उसमें आगे बढ़ने और करियर बनाने का मौका दिया है।खेल चरित्र भी विकसित करते हैं।ष 30 से अधिक वर्षों से कोचिंग कर रहे क्लार्क ने भारत सरकार की फिट इंडिया के प्रति प्रतिबद्धता की भी सराहना करते हुए कहा, ष्वर्तमान केंद्र सरकार फिट इंडिया के विचार को लेकर काफी गंभीर है।ये खेल युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाएंगे और खेल ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। जयपुर में अब तक जो सुविधाएं देखी हैं, वे प्रभावशाली हैं।ष भारत आने के बाद क्लार्क पंजाब, गुजरात और हरियाणा में कोचिंग कर चुके हैं।

### बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर जिम्नासिया क्लॉसुरा सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** मैनुअल पानारो और फ्रैंको टोरेस ने दोनों हाफ में किए गए गोलों की बदौलत जिम्नासिया ने बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन क्लॉसुरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पनारो ने सोमवार को क्वार्टरफाइनल मुक.ाबले के 22वें मिनट में जेरेमियास मेर्लो के दाएं फ्रलैंक से क्रॉस पर पास से गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मेर्लो की जगह दूसरे हॉफ में आए टोरेस ने 93वें मिनट में गोलकीपर मार्सेलो मिनो के पास से एक तेज टर्नओवर का फायदा उठाकर खाली नेट में गेंद डालकर बढ़त को दोगुना कर दी। अब सेमीफाइनल में जिमनेशिया का मुकाबला एस्टुडिएंट्स से होगा। क्लब डी जिम्नासिया वाई एस्ग्रीमा ला प्लाटा के मैनेजर फर्नांडो जानिराट्टो ने मैच के बाद कहा कि हमने एक मुश्किल टेस्ट पार कर लिया। हमारा एक और भी बड़ा मैच आने वाला है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। दिन के दूसरे क्वार्टरफाइनल में, रेसिग ने टाइग्रे को पेनल्टी में 4-2 से हराकर बोका जूनियर्स के साथ सेमीफाइनल जगह बनाई।

# सीरीज में अजेय बढ़त के लिए उतरेगा भारत

## दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी पर आने का अवसर होगा

**रायपुर।** पहले एकदिवसीय में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भारत बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में अजेय बढ़ाने उतरेगा।

वहीं पिछले मैच में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करनी वाली दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी का अवसर होगा। पहले मैच में विराट कोहली के 135 रन सिर्फ एक आंकड़े से कहीं अधिक थे। यह पारी को गति देने, हालात को समझने और साझेदारी संभालने का एक मास्टरक्लास था। रोहित शर्मा का लगातार योगदान और केएल राहुल की जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की गहराई और अनुभव को दिखाती



है। यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा प्रतिभाशाली शीर्षक्रम और मध्यम क्रम में जोश भरते हैं। यह एक ऐसा फॉर्मूला है जिसे भारत दो. हराना चाहेगा। वहीं गेंदबाजी की बात करें, तो कुलदीप यादव और हर्षित राणा ने कंसिस्टेंसी और स्मार्ट वैरिएशन की अहमियत दिखाई। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा शुरुआती मूवमेंट का फायदा उठाने के लिए जरूरी तेज गेंदबाजी आक्रमण देते हैं, जबकि लाइट्स में पिच धीमी होने पर स्पिनर्स भी मैच जिता सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की बात करे तो उसने रांची के हाई- स्कोरिंग कंडीशंस में मजबूती दिखाई। क्विटन डी कॉक शीर्षक्रम में खतरा बने हुए हैं, जिनमें पारी की रफ्तार तय करने में काबिल हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके, मार्को यानसन और कॉर्बिन बॉश ने दिखाया कि निचले क्रम में साझेदारी कर मैच का पासा पलट सकती हैं, जिससे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट की गहराई और अप्रत्याशित पर दबाव पड़ता है। नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण विविधता और भेदने की क्षमता देता है, जिससे पता चलता है कि पहले मैच में पिछड़ने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका चुपचाप नहीं खेलेगा। पिच की अगर बात की जाए तो शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम की पिच तो यह तेज गेंदबाज शुरुआती मूवमेंट हासिल कर सकते हैं, बल्लेबाजों को अपनी पारी पर ध्यान से आगे बढ़ाना होगा, और जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा, स्पिनर्स खेल में आएंगे। भारत की संभावित टीम: रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, कोहली, रुतुराज गायकवाड़, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल (कप्तान, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा। द. अफ्रीका टीम: टेम्बा बावुमा (कप्तान), डी कॉक (विकेट कीपर), एडन मारक्रम, मैथ्यू ब्रीट्जके, टोनी डी जॉर्जी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को जेनसेन, कॉर्बिन बॉश, प्रेनेलन सुब्रायन, केशव महाराज, नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन।

# असम के खिलाफ आया सरफराज खान का तूफान

**मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में खेलते हुएबल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा**

**लखनऊ।** युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने मंगलवार को असम के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में खेलते हुए 28 वर्षीय बल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

हालांकि, इस मुकाबले में भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ खास नहीं कर सके जबकि अजिंक्य रहाणे ने 33 गेंदों में 42 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज ने टी-20 प्रारूप में अपना पहला शतक असम के खिलाफ जड़ा। 47 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के की मदद से 100 रन बनाकर वह नाबाद रहे। इस दौरान उन्होंने 212.76 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उनकी इस पारी की बदौलत मुंबई ने आसाम के सामने 221 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में रियान पराग की अगुआई वाली टीम 122 रन ही बना सकी और आलआउट हो गई। इस तरह मुंबई ने यह मुक.ाबला 98 रन से जीत लिया। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहे हैं। इससे पहले आस्ट्रेलिया दौरे पर खेले पांच मुकाबलों में उन्होंने 39', 1, 24 और 20 रन बनाए थे। प्रशंसकों को उम्मीद है 9 दिसम्बर से द. अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो जा रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार लय हासिल कर लेंगे।

# वेस्टइंडीज का कहर न्यूजीलैंड 231/9

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)।** केन विलियमसन (52) और माइकल ब्रेसवेल (47) की जूझारू पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय नौ विकेट पर 321 रन बना लिए है।

वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज दिन भर जूझते नजर आए। आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने कप्तान टॉम लेथम के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने टॉम लेथम 85 गें.दों में 24 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड ने महज 25 रन जोड़कर अपने दो और विकेट गंवा दिए। रचिन रविद्र (तीन) और विल यंग 14 रन बनाकर आउट हुए। 49वें ओवर में जेडेन सील्स ने टॉम ब्लंडल 29 को आउटकर न्यूजीलैंड को छठा झटका दिया। केन विलियमस ने न्यूजीलैंड के 102 गेंदों में छह चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ओजय शील्ड्स ने 73 गेंदों में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाए। नेथन स्मिथ (23) और मैट हेनरी (आठ) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण न्यूजीलैंड ने 70 ओवरों मे नौ विकेट पर 231 रन बना लिए है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज

# हार्दिक पांड्या की वापसी तय, गिल पर संशय

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी आलरआउंडर हार्दिक पांड्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज से वापसी कर सकते हैं, लेकिन टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल पर संशय बरकरार है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को भारतीय चयनकर्ता टीम के चयन के लिए बैठक करेंगे।

इसी दिन भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जाना है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति जब रायपुर में टीम चयन के लिए बैठक करेगी, तो एजेंडा में शीर्ष पर गिल रहेंगे। अगर गिल टीम में जगह नहीं बना पाते हैं, तो अभिषेक शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ओपनिंग का विकल्प होंगे। सैमसन आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में पांच में से दो ही मैच खेले थे, जबकि उन्हें एक ही बार बल्लेबाजी का मौका मिला था। सैमसन तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। यशस्वी उस वक्त टीम का हिस्सा नहीं थे। गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल सोमवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्धबीसीसीआईक्ष के सेंटर आफ एक्सीलेंस पहुंचे जहां वह रिहैब शुरू करेंगे। चयनकर्ता रियान पराग को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह दे सकते हैं। पराग ने भारत के लिए आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में टी-20 मैच खेला था। वह फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में असम टीम की कमान संभाल रहे हैं। वहीं, चयनकर्ता और टीम प्रबंधन हार्दिक की वापसी से संतुष्ट है। हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए खेलते हुए पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन बनाए। यह उनका पिछले दो महीने से अधिक समय में पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। हार्दिक आस्ट्रेलिया दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत नौ दिसम्बर को कटक में होने वाले पहले मैच से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 11 दिसम्बर को न्यू चंडीगढ़, 14 दिसम्बर को धर्मशाला, 17




दिसम्बर को लखनऊ और 19 दिसम्बर को अहमदाबाद में सीरीज के शेष मुकाबले खेलेंगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम फिलहाल टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान पर है।

# पाक के लिए मोईन अली ने भी छोड़ा आईपीएल

## चार दिन पहले फाफ डु प्लेसिस ने पीसीएल में खेलने का किया था फैसला

**कराची।** फाफ डू प्लेसिस के बाद अब इंग्लैंड के पूर्व आलराउंडर मोईन अली ने भी आईपीएल 2026 से हटकर पीसीएल 2026 में खेलने का फैसला किया है। चार दिनों में ऐसा कदम उठाने वाले वे दूसरे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। 29 नवम्बर को आरसीबी के पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने आईपीएल से नाम वापस लेकर पाकिस्तान सुपर लीग खेलने की घोषणा की थी।

इसी बीच आईपीएल का मिनी आक्शन 16 दिसम्बर को अबू धाबी में होना है। हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी- मोईन मोईन अली ने सोशल मीडिया पर बताया कि वे पीसीएल के नए दौर का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा कि यह लीग दुनिया की टाप टी-20 लीगों में से एक है और हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी खेलते हैं। उनके मुताबिक पाकिस्तान में खेलना हमेशा अच्छा अनुभव देता है। वहां क्रिकेट का स्तर ऊंचा है और दर्शकों का उत्साह खिलाड़ियों को पूरा दम लगाने पर मजबूर करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सफर भी यादगार रहेगा।



आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में कोलक.ाता नाइट राइडर्स ने मोईन को 2 करोड़ की बेस प्राइस पर खरीदा था। आईपीएल 2026 से पहले ज्ञ्ज्ञत ने 9 खिलाड़ियों को रिलीज किया, जिनमें मोईन भी शामिल थे। 2025 सीजन में उनका प्रदर्शन साधारण रहा। उन्होंने 6 मैचों में सिर्फ 5 रन बनाए और 6 विकेट हासिल किए। 2018 से आईपीएल का हिस्सा मोईन अली 2018 से आईपीएल खेलते रहे हैं और आरस.ीबी, सीएसके तथा केकेआर जैसी टीमों का हिस्सा रहे। अब तक वे 73 आईपीएल मैच खेल चुके हैं, जिनमें 1167 रन बनाए और 41 विकेट लिए हैं। वेसीएसक के साथ 2021 और 2023 में दो बार आईपीएल चैंपियन भी बने। फाफ डु प्लेसिस ने भी आईपीएल छोड़ने की घोषणा की थी मोईन अली से पहले साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 29 नवम्बर को घोषणा की थी कि वे आईपीएल 2026 के आक्शन में अपना नाम नहीं डालेंगे। फाफ ने 14 सीजन में 154 मैच खेले हैं और 4,773 रन बनाए (औसत 35.10, स्ट्राइक रेट 135.79)। वे सीएसके, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले हैं। 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनका प्रदर्शन चोट की वजह से प्रभावित रहा, जिसमें वे 9 मैचों में 202 रन ही बना पाए। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा-14 सीजन के बाद इस बार आक्शन में नाम नहीं डाल रहा। भारत हमेशा मेरे दिल में खास जगह रखेगा, यह अलविदा नहीं है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ख्वाजा चोटिल, गाबा टेस्ट से हुए बाहर

**गाबा।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज पीठ की चोट के कारण गुरुवार को शुरु होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर हो गए है। ख्वाजा की जगह अभी किसी अन्य बल्लेबाज का चयन नहीं किया गया है।

ऐसा माना जा रहा है कि जॉश इंग्लिस और ब्यू वेबस्टर की ऑस्ट्रेलियाई एकादश में वापसी हो सकी है। ख्वाजा ने मंगलवार को थोड़ी देर अभ्यास किया और इस दौरान उन्हें तकलीफ हो रही थी। वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। यह देखना बाकी है कि उनकी जगह कौन ओपनिग करेगा। मार्नस लाब.ुशेन ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी में ओपनिग की थी, जबकि ट्रैविस हेड ने दूसरी पारी की शुरुआत की थी। पर्थ में चौथी पारी में शानदार



प्रदर्शन के बाद, हेड ने संकेत दिया है कि उन्हें ओपनिंग करने में खुशी होगी। इंग्लिस ने पिछले हफ्रते इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शानदार शतक लगाया था ऐसे में अगर उनका चयन होता है, तो वह भी एक विकल्प हो सकते हैं। इंग्लिस को लाने से ऑस्ट्रेलिया को हेड को मिडिल-ऑर्डर में बनाए रखने में मदद मिलेगी। अगर वे इसके बजाय वेबस्टर के साथ जाते हैं, तो हेड के ऑर्डर में ऊपर जाने की संभावना है। वेबस्टर ने पिछले साल भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया था। इस बीच, इंग्लैंड ने अपनी एकादश में एक बदलाव किया है और चोटिल मार्क वुड की जगह स्पिन-गें.दबाज ऑलराउंडर विल जैक्स को टीम में शामिल किया है। जैक्स, जिन्होंने दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र के दौरान लेंथ में गें.दबाजी की थी, उन्हें फ्रंटलाइन स्पिनर शोएब बशीर से आगे रखा गया है। इंग्लैंड एकादश: जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), विल जैक्स, गस एटकिसन, ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

# ओलंपिक: मिश्रित मार्शल आर्ट्स शामिल करने की कवायद तेज हुई

**एमेच्योर एमएमए के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय बॉडी बनाने की घोषणा**

**जिनेवा।** एशियन मिश्रित मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन (एएमएमए) ने ओलंपिक खेलों में शामिल होने के लिए एमेच्योर एमएमए के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय बॉडी बनाने की घोषणा की है।

एएमएमए के अध्यक्ष गॉर्डन टैंग ने कहा कि एमएमए के दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक हैं। लेकिन वैश्विक ख्याति के बावजूद, एमएमए एक ऐसा खेल है जिसमें एक जैसा अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय नहीं है। मैंने स्वयं देखा है कि जब सभी एक जैसे विजन के पीछे मिलकर काम करते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है।ष टैंग और एएमएमए के दूसरे अगुवाकारों ने 27 नवम्बर को फेडरेशन ऑफ अंतराष्ट्रीय मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एफआईएमएमए) की स्थापना की पुष्टि के लिए एक ऑनलाइन बैठक की। टैंग ने कहा कि एफआईएमएमए उन कई कॉल्स का जवाब है जो हमें एथलीट्स और राष्ट्रीय और क्षेत्रीय फेडरेशन्स से मिली हैं, जो एक अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन की मांग कर रहे हैं। जो इस खेल को एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय के तहत एकजुट करे। हम ऐसे किसी भी संस्था के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं जो एमएमए और उसके एथलीट्स के वैश्विक हितों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के हमारे वादे को साझा करती हैं। टैंग ने इस बात की भी पुष्टि कि संस्था ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से बात की है और उसका मकसद ओलंपिक पहचान हासिल करना है। एएमएमए के महानिदेशक गैलास्टीन टैन ने कहा कि एफआईएमएमए का मकसद एथलीट्स को सबसे पहले रखना और वास्तव में वैश्विक समर्थन हासिल करना है। हम सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा का मंच तैयार कर रहे हैं जो ऐसी स्पर्धाओं को आसान बनाए और श्रेष्ठ एथलीट्स को एक संस्था के तहत एक साथ लाते हैं। मिश्रित मार्शल आर्ट्स को 2025 एशियन यूथ गेम्स में शामिल किया गया था और यह 2026 एशियन गेम्स में एक पदक स्पर्धा के तौर पर पर्दापण करेगा।

# आईपीएल की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के बल्लेबाज मोईन अली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी में भाग नहीं लेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैक्सवेल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये जानकारी साझा की है कि वह आईपीएल 2026 की नीलामी में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि उन्होंने नीलामी से बाहर होने का कारण नहीं बताया है। मैक्सवेल ने कहा कि आईपीएल में कई अविस्मरणीय सीजन के बाद इस साल नीलामी में मैंने अपना नाम नहीं डालने का फैसला किया है। यह मेरे लिए एक बड़ा निर्णय है और इस लीग ने मुझे जो कुछ भी दिया, उसके लिए मैं बहुत आभार के साथ यह फैसला ले रहा हूं।उन्होंने कहा कि आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर



और इंसान के रूप में गढ़ने में मेरी मदद की है। मैं बेहद सौभाग्यशाली रहा हूं कि मुझे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और बड़ी फ्रेंचाइजियों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसके साथ ही उन प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करने का मौका मिला है जिनका जुनून अद्वितीय है। भारत की चुनौती, यादें और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी। इन वर्षों में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। उम्मीद है जल्द आपसे मुलाकात होगी। आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। आईपीएल में मैक्सवेल कुल चार टीमों के लिए खेल चुके हैं। इन टीमों में पंजाब किंग्स, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शामिल हैं। आईपीएल 2024 के बाद आरस.ीबी ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था, जिसके बाद बड़ी नीलामी में पीबीकेएस ने उन्हें खरीदा था। मैक्सवेल ने आईपीए में कुल 141 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 135 पारियों में 23-88 की औसत और 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 2819 रन बनाए हैं। इस दौरान मैक्सवेल ने 18 अर्धशतक भी लगाए हैं। वहीं गेंद के साथ मैक्सवेल ने 8.29 की इकॉनमी से 41 विकेट झटके हैं।

### देवदत्त पड़िक्कल का शतक कर्नाटक ने तमिलनाडु को से हराया

**अहदाबाद।** देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 102) की शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में तमिलनाडु को 145 रनों से करारी शिकस्त दी। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु, कर्नाटक के गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में विफल रही और पूरी टीम 14.2 ओवर में 100 रन के स्कोर पर सिमट गई। तमिलनाडु के लिए तुषार रहेजा ने सर्वाधिक 29 रनों की पारी खेली। नारायण जगदीशन (21), आर राजकुमार (16) और अमित सात्विक 15 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। प्रवीण दुबे और श्रएस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लिए। विजयकुमार वैशक व शुभांग हेगड़े को दो-दो विकेट मिले।

# जेल रोड पर पुलिस वर्दी टेलर की दुकान में लगी भीषण आग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र जिला कारागार के पास स्थित पुलिस वर्दी टेलर की दुकान में मंगलवार अचानक भीषण आग लग गई। दुकान से उठते धुआँ और आग की लपटें देखकर इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी।जानकारी के अनुसार, यह दुकान बारादरी निवासी मुबारक अली की है, जो कई वर्षों से पुलिस वर्दी सिलाई का काम करते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दुकान से अचानक तेज धुआँ निकलने लगा, जिसके बाद आग ने देखते-देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तेज थी कि दुकान में रखे तैयार कपड़े, मशीनें, कपड़े के रोल, फर्नीचर और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई।दुकान मालिक मुबारक अली के अनुसार, आग से 10 से 11 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। वहीं आसपास मौजूद लोगों ने भी बताया कि आग की लपटें इतनी भयंकर थीं कि आस-पास की दुकानों में भी फैलने का खतरा पैदा हो गया था। समय पर दमकलकर्मियों के पहुंच जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। आग की यह घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के जेल रोड की है। पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

अधिकारियों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह लग रही है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।फिलहाल आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है, लेकिन घटना के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत और दुकानदारों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# बीएलओ सर्वेश सिंह को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शिव सैनिकों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में बीएलओ पर बढ़ते दबाव और लगातार हो रही आत्महत्या की घटनाओं के मद्देनजर शिवसेना सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसी क्रम में शिवसेना की ओर से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजकर एसआईआर की सीमा अवधि बढ़ाने, तथा मुरादाबाद जनपद के दिवंगत बीएलओ सर्वेश सिंह के परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दिलाने की मांग उठाई गई है।ज्ञापन में कहा गया है कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे देश में एसआईआर के तहत वोटरों के सत्यापन, मतदान सूची अद्यतन और अभिलेखों में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस प्रक्रिया में बीएलओ और संबंधित कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव डाला जा रहा है, जिसके चलते उत्तर प्रदेश में अब तक सात बीएलओ की जान जा चुकी है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक तंत्र की गंभीर खामियों को उजागर करती है बल्कि कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल भी पैदा कर रही है।मुरादाबाद के बीएलओ सर्वेश सिंह द्वारा हाल ही में आत्महत्या किए जाने का मामला पूरे प्रदेश में तूल पकड़ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उनके बयान और वीडियो ने जनता में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ कई संगठनों ने प्रशासनिक दबाव और उत्पीड़न को इस घटना का कारण बताया है।शिवसेना ने दिए गए ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की है कि एसआईआर की सीमा अवधि को तुरंत बढ़ाया जाए, ताकि बीएलओ पर अनावश्यक दबाव न पड़े।बीएलओ सर्वेश सिंह के परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देकर भविष्य को सुरक्षित किया जाए।शिवसेना का कहना है कि बीएलओ निचले स्तर पर लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत रखने वाले सबसे महत्वपूर्ण कर्मियों में से एक हैं, और उनके सुरक्षा, सम्मान तथा मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।



## एक नजर

### एसआईआर को लेकर शिक्षक न ले तनाव, संघ आपके साथ: गौरव यादव

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई छजलैट मुरादाबाद के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य कर रहे शिक्षको से अपील करते हुए कहा कि वह अपने कार्य को बिना किसी तनाव के समय से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या आ रही है तो अपने अन्य बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर और तहसील कर्मचारियों से संपर्क करे। अपनी समस्या को जरूर एक दूसरे से साझा करें।किसी भी बीएलओ को किसी भी प्रकार का तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए शिक्षक साथी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट टीम द्वारा किसी भी समय संपर्क कर सकते है।हमारी टीम के प्रत्येक सदस्य द्वारा पूर्ण निदान कराया जाएगा।कोई भी साथी कार्य के दबाव में स्वयं के विरुद्ध आत्मघाती कदम, जैसा नकारात्मक विचार मन में भी नहीं आने देना है।पहले स्वयं व परिवार का ध्यान रखिये।संगठन आपके अधिकार और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन हर परिस्थिति में सभी शिक्षकों के साथ खड़ा है।



### स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री को पत्र भेज कर उठाई झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी में महिला मोर्चे की पूर्व जिला उपाध्यक्ष फहमीदा सुल्तान ने उप मुख्यमंत्री चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण को पत्र लिखा और क्षेत्र में चल रहे झोलाछाप चिकित्सको के चिकित्सा व्यवसाय की जांच कराए जाने की मांग की उन्होंने कहा कि मुरादाबाद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर झोलाछाप चिकित्सक भोली भाली जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं इनके खिलाफ पूर्व में कार्रवाई हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद भी इन्होंने नाम बदलकर अपना चिकित्सा व्यवसाय शुरू कर दिया है। जिससे आए दिन लोगों को स्वास्थ्य लाभ की जगह नुकसान उठाना पड़ रहा है पत्र में बताया कि अमृत क्लिनिक सिटी क्लिनिक डॉक्टर मोहन और केजीएन क्लिनिक आलिया क्लिनिक मेडिकेयर अर्पित क्लिनिक लाइफ केयर क्लीनिक एन के क्लीनिक आर्य क्लिनिक नवयुग क्लिनिक आदि के खिलाफ सन 2024 और 2025 में संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई की गई लेकिन इसके बाद इनमें से ज्यादातर ने नाम बदलकर पुन: चिकित्सा व्यवसाय शुरू कर दिया इससे भोली भाली जनता के स्वास्थ्य के साथ निरंतर खिलवाड़ हो रहा है उन्होंने इन चिकित्सालय की जांच करा कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

### बीएलओ की बैठक बुलाकर कराया दिशा निर्देशों से अवगत



**कांठ( शाह टाइम्स )** एसडीएम ने बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक बुलाकर चुनाव आयोग से मिले नए दिशा निर्देशों से अवगत कराया दोपहर को बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक का आयोजन तहसील सभागार में किया गया जिसमें उन्होंने अपना कार्य पूर्ण कर चुके एवं अधूरे कार्य वाले बीएलओ को समय रहते काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा अब इस दौरान की गई गलती में सुधार का विकल्प भी दिया गया है जिसे ऑनलाइन कोई भी मतदाता उसका उपयोग कर एडिट कर सकता है इसके अलावा आयोग से आए हुए नए नियमों और निर्देशों से उन्हें अवगत कराया गया कहा गया कि राजनीतिक दलों से बनाए गए बीएलए से संपर्क कर इस कार्य को समय रहते पूर्ण कराए।

### पेड़ काटने के बारे में जानकारी करने पर डिप्टी रेंजर को मिली धमकी, मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** उमरी कस्बे में नहर के पास तीन आम के पेड़ों का अवैध कटान हुआ था जिसकी जानकारी करने डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह हमराही राजेंद्र सिंह व अमरजीत सिंह के साथ मौके पर पहुंचे खेत मालिक नसीम द्वारा बताया गया कि उक्त पेड़ सलाउद्दीन उर्फ पिद्दी द्वारा काटे गए हैं डिप्टी रेंजर क्षेत्र में थे तभी उनके मोबाइल पर फोन आया और उसने अपना नाम पिद्दी बताते हुए गालियां देनी शुरू कर दी और कहा कि तुम मुझे पेड़ काटने से रोकोगे मैं तुम्हें नौकरी करना सिखा दूंगा और महिला से एफआईआर कराकर कर तेरी जिंदगी भी बर्बाद कर दूंगा आरोप है कि इसके बाद उनके मोबाइल पर कई कॉल आई एक बार कॉल रिसीव की तो महिला ने धमकाना शुरू कर दिया डिप्टी रेंजर थाने पहुंचे और उन्होंने पिद्दी और महिला के खिलाफ तहरीर देकर उनसे जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### टिमिट में उद्यमिता का सफल आयोजन

**मुरादाबाद।** टिमिट, टीएमयू दिल्ली रोड, मुरादाबाद के द्वारा 'उद्यमिता 2025' नामक एक विशेष बिजनेस मॉडल विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने नवाचारपूर्ण व्यावसायिक विचारों और मॉडल्स को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता कौशल, नवोन्मेषी सोच और व्यावहारिक व्यवसायिक समझ विकसित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) के माननीय वाइस चांसलर प्रोफेसर वी.के. जैन ने शिरकत की। उन्होंने छात्रों के उत्साह, सृजनशीलता और प्रस्तुति कौशल की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही भविष्य के उद्योगों की आधारशिला है। ऐसे कार्यक्रम उन्हें वास्तविक दुनिया के लिए तैयार करते हैं।



समापन सत्र में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। जिसमें फर्सट प्राइस नेवर ब्रो को रहा बीबीए फर्स्ट सेमेस्टर, सेकंड प्राइस टेनजी टेल्स को मिला बीकॉम ऑनर्स फर्स्ट सेमेस्टर, थर्ड प्राइस अर्थी टच को मिला एमबीए तृतीय सेमेस्टर, चौथा प्राइस स्पिरिचुअल स्प्रे को मिला बीबीए फर्स्ट सेमेस्टर बाकी कंसोलेशन प्राइसेज भी दिए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों की भूमिका प्रशंसनीय रही।

# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं स्वच्छ वायु के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु एक जागरूकता रैली निकाली गई।कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करने से हुई।

छात्राओं ने "स्वच्छ वायुख्रस्वस्थ जीवन", "पर्यावरण बचाओख्रभविष्य बचाओ", "प्रदूषण मुक्त शहरख्रहमारी जिम्मेदारी, ष्जल जंगल जमीन बचाएं, प्रदूषण को दूर भगाएंष् जैसे प्रभावशाली नारे लगाते हुए स्थानीय क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाई। प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा ने बताया कि रैली के माध्यम से छात्राओं ने लोगों को वायु प्रदूषण के बढ़ते खतरों, ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण के महत्व की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा स्वच्छ पर्यावरण प्राप्त करना केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। युवा पीढ़ी यदि जागरूक हो जाए तो प्रदूषण मुक्त राष्ट्र का निर्माण अवश्य संभव है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा।कार्यक्रम का संयोजन समिति की संयोजिका प्रोफेसर किरन त्रिपाठी तथा सह संयोजिका प्रोफेसर एकता भाटिया द्वारा किया गया। पर्यावरण संरक्षण समिति की सदस्याओं डॉ. इंदु सिंह राजपूत, डॉ. सीमा मलिक, डॉ. प्रेमलता कश्यप, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. सीमा रानी, श्रीमती शिवानी गुप्ता का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर किरन साहू, प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर अनुराधा सिंह, प्रोफेसर अपर्णा जोशी ,प्रोफेसर करुणा आनंद, प्रोफेसर सुदेश , प्रोफेसर प्रवीण सैनी, डॉक्टर मोनिका सिंह, डॉ रितु निर्वाल एवं महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रही। रैली में लगभग 30 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# आदतों से ही जीवन और भविष्य की दिशा तय: डॉ. नंदितेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** देश के प्रख्यात विचारक, लेखक, स्तंभकार एवम् मानव मूल्यों, नेतृत्व और नैतिकता पर अपनीप्रभावशाली सोच के लिए विख्यात डॉ. नंदितेश निलय ने कहा, उद्देश्य कोई संयोग नहीं होता, बल्कि यह निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मूल्यों से विकसित होता है। उन्होंने स्टुडेंट्य को समझाते हुए कहा, हमारी आदतें ही हमारे जीवन और भविष्य की दिशा तय करती हैं। डॉ. निलय ने विश्वास, संवेदनशीलता और साहस को उद्देश्यपूर्ण जीवन के मूल स्तंभ बताते हुए कहा, जब व्यक्ति अपने वचनों पर खरा उतरता है तो विश्वास का निर्माण होता है। विश्वास से संवेदना जन्म लेती है और संवेदना अंतत: साहस का रूप लेती है। उन्होंने स्टुडेंट्स को आत्म-नेतृत्व का संदेश देते हुए कहा, सच्चा नेतृत्व दूसरों को निर्देश देने से पहले स्वयं को समझने और नियंत्रित करने से शुरू होता है। पेशेवर जीवन में वास्तविक उद्देश्य बाहरी दबावों से नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, व्यक्तिगत मूल्यों और आंतरिक स्पष्टता से प्राप्त होता है। डॉ. नंदितेश निलय ने टीएमयू के चांसलर सुरेश जैन से शिष्टाचार भेंट भी की। डॉ. नंदितेश तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से लीडरशिप टॉक सीरीज के 17वें एनलाइटनिंग सेशन में पेशेवर जीवन में उद्देश्य की खोज कैसे करें पर बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य वक्ता डॉ. नंदितेश निलय के संग-संग कुलपति प्रो. वीके जैन, बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. करुणा जैन, नर्सिंग संकाय की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. निशीथ कुमार मिश्रा, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स प्रो. अमित कंसल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके टॉक सीरीज सेशन-17 का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया।



अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। प्रश्नोत्तरी सत्र में स्टुडेंट्स ने जीवन, करियर, आत्मअनुशासन और साहस से जुड़े प्रश्न के जवाब में डॉ. निलय ने छात्रों को आत्ममंथन और नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रो. वीके जैन ने आत्मबोध को करियर और जीवन की दिशा तय करने का मूल आधार बताते हुए कहा, व्यक्ति को अपनी क्षमताओं, रुचियों और मूल्यों की पहचान करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निरंतर प्रयास, नैतिक आचरण और सतत लर्निंग की आवश्यकता पर बल देते हुए स्टुडेंट्स को ईमानदारी, उद्देश्य और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रो. अमित कंसल ने स्वागत भाषण, जबकि प्रो. एसपी सुभाषिनी ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। टाक सीरीज में चीफ लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन, रविन्द्र जैन, डॉ. वरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन सहायक निदेशक-एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनन्द ने किया।

# मृतकों और घायलों के परिजनों को प्रदान की सहायता राशि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** दो दिन पूर्व ऑटो और रोडवेज बस की टक्कर में कुंदरकी विधानसभा के अब्दुल्लापुर निवासी मृतक संजू, सीमा पत्नी करन सिंह, आरती पुत्री मुरारी, अभय पुत्र ओमवीर, सुमन पत्नी हरदीप, अनन्या पुत्री करन सिंह और घायलों अनुष्का पुत्री दिनेश, झलक पुत्री ओमवीर सिंह, रानी पुत्री मुरारी, करन सिंह पुत्र सुकन सिंह, अंशु पुत्री ओमवीर सिंह के परिजनों को आज कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध चेक प्रदान किए। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख के चेक और घायलों के परिजनों को पचास पचास हजार के चेक दिए गए।

कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में इस समय संवेदनशील सरकार है। हमारे मुख्यमंत्री जनता के दर्द को समझते है। पीड़ित परिवारों की और भी जिस भी योजना के माध्यम से मदद होगी में उसको कराऊंगा।

पूरी विधानसभा का एक एक नागरिक मेरा परिवार है, परिवार पर विपत्ति आती है तो सभी को कष्ट होता है। एआरएम रोडवेज प्रेम सिंह, एडीएम फाइनेंस, एसडीएम बिलारी विनय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव आदि अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बीएलओ-शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव न बनाए जाने की मांग को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की आपात बैठक शिक्षक भवन दांग परिसर में सम्पन्न हुई।

बैठक में विकास क्षेत्र भगतपुर के कम्पोजिट विद्यालय जाहिदपुर में कार्यरत सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार द्वारा एस आई आर कार्य की अधिकता के कारण व अधिकारीयों के द्वारा अत्यधिक दवाब डाले जाने के कारण आत्मघाती कदम उठाकर आत्महत्या करने पर शोक प्रकट किया गया। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मृतक शिक्षक के परिवार को निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिक की भांति उचित आर्थिक सहयोग प्रदान करने, आश्रित को अविलम्ब अनुकंपा नियुक्ति, बी एल ओ (एस आई आर) कार्य में लगे शिक्षकों पर विभागीय और प्रशासनिक दबाव न बनाए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया।



बैठक में धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ कपिल सिरोही, प्रदीप शर्मा, चंचल सरोज, उपेंद्र सिंह, मुकेश आनंद, सुमित सिंह,हिमांशु वशिष्ट,आलोक मलिक, सुख स्वरूप गुप्ता, कुलवीर, ऐकांश, अनुपम नाथ, डॉ हरनंदन, गंगा सरन, चन्द्र किरण आदि शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा व संचालन जिला मंत्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# अवैध मंगल बाजार को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट से मिले व्यापारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उ0प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी) और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडेय से मुलाकात की। उन्होंने अवैध मंगलवार बाजार को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की और इसे बंद करने की मांग की।

व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम की टीम जब बाजार में पहुंचती है, तो फड़ वाले अपना सामान लेकर हट जाते हैं, लेकिन टीम के हटने पर फिर से अवैध मंगलवार का बाजार लग जाता है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट से इस समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया।

सिटी मजिस्ट्रेट ने तुरंत अपर नगर आयुक्त से बात कर अवैध मंगलवार बाजार को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी), प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, टोनी सहगल, सुनील अग्रवाल, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# उपश्रमायुक्त ने किया आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ड्रेस का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** श्रम विभाग के उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वर्ष 2015 से वित्त पोषित एवं वर्तमान में समाजशास्त्र विभाग ,लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संचालित विहान बालक- बालिका आवासीय विद्यालय आशियाना कॉलोनी मुरादाबाद में आज दिनांक 2 दिसंबर 2025 को मुरादाबाद के लेबर कमिश्नर/उप श्रमायुक्त श्री दीप्तिमान भट्ट जी के द्वारा विहान बालक /बालिका आवासीय विद्यालय ( निर्माण श्रमिक ) मुरादाबाद में समस्त अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शीतकालीन ड्रेस वितरित की गई। मुख्य अतिथि भट्ट जी के द्वारा बच्चों को ड्रेस, गर्म स्वेटर,जूते मौजे आदि का वितरण करते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की सीख दी साथ ही बच्चों से प्रार्थना, कविता आदि को सुना।

आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं में यूनिफार्म पाकर खुशी का माहौल था। ड्रेस वितरण का कार्यक्रम दोनों विद्यालयों का संयुक्त रूप बालिका विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। इस दौरान बालक विद्यालय के वार्डन असद खान, बालिका विद्यालय प्रभारी वार्डेन मधुरिमा, बालिका विद्यालय के लेखाकार मोहसिन अहमद खान,हिंदी शिक्षिका प्राची वर्मा,अंग्रेजी शिक्षिका जैबुन्निशा, ऊर्दू शिक्षिका नईम फातिमा,शारीरिक शिक्षिका रिंकी चौधरी , कला शिक्षिका आकांक्षी शर्मा, सरन देवी, चंद्रवती और एवं बालक विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक राम सुन्दर सेठ,हिन्दी शिक्षक नरेन्द्र कुमार ,उर्दू शिक्षक मो. ताहिर ,शारीरिक शिक्षक अनुज कुमार, कला शिक्षिका राखी सिंह, धर्मवीर, सीमा, आदि उपस्थित रहे।





सम्पादकीय

बुधवार, 3 दिसम्बर 2025

# आंकड़ों में चेतावनी

पिछले छह महीनों के आईआईपी आंकड़े भी ग्रामीण उपभोग में कमजोरी की ओर इंगित करते हैं। लिहाजा, सावधानी भरे आशावाद का समुचित कारण है। लेकिन सितम्बर-तिमाही का उछाल बेहतर-वेतन वाले औपचारिक क्षेत्रों में केंद्रित लगता है, जबकि निम्न-आय वाले, निर्यात-संबंधी व श्रम-प्रधान खंड जूझ रहे हैं। सितम्बर और अक्टूबर के व्यापारिक आंकड़े पहले ही चेतावनी के संकेत दे रहे हैं, जिसे देखते हुए यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी हो सकती है कि आर्थिक वृद्धि की यह गति बरकरार रखी जा सकती है। यह बात अलग है कि चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सितम्बर-तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। यह 8.2 फीसदी रहा, जो वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के 7.8 फीसदी से भी ज्यादा है और एक साल पहले की समान अवधि से काफी ऊपर है। अक्टूबर माह के व्यापार के आंकड़ों में 41.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक घाटा सामने आया था, जिसका आंशिक कारण सर्राफा आयात तिगुना हो जाना था , जो कि आर्थिक अनिश्चितता का एक संकेत है। इसके चंद दिनों बाद ही, जीडीपी के आंकड़े ने नीति- निर्माताओं को कम -से-कम कुछ समय के लिए आश्वस्त किया है। आर्थिक वृद्धि का नेतृत्व मैन्यूफैक्चरिंग (9.1 फीसदी) और सेवाओं (9.2 फीसदी) ने किया, जिसे निजी उपभोग में सुधार से सहारा मिला। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 6.4 फीसदी की तुलना में, वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में निजी अंतिम उपभोग व्यय 7.9 फीसदी बढ़ा, जबकि सरकारी खर्च से भी थोड़ा समर्थन मिला। कुल मिलाकर, ये वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद घरेलू गतिविधि में व्यापक आधार वाली वृद्धि का इशारा करते हैं। इसके बावजूद, बाहरी झटके के पूरे असर आगामी तिमाहियों में दिख सकते हैं। अगस्त में भारत पर दो चरणों में अमेरिकी टैरिफ मध्य-तिमाही में लागू हुए। इन टैरिफों के लागू होने से पहले निर्यात आर्डरों के कुछ पेशगी- भुगतान (फ्रंट लोडिंग) से भी दूसरी तिमाही का आउटपुट बढ़ा हो सकता है। एक दूसरे सांख्यिकीय प्रभाव की भी भूमिका है। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति गिरकर 0.25 फीसदी पर आ गई, जो वर्तमान सीपीआई सीरीज में सबसे कम है और इसने जीडीपी अपस्फीतिकारक (डिफ्लेटर) को एक फीसदी से नीचे लाने में योगदान दिया। इतना कम डिफ्लेटर नाममात्र के (नामिनल) जीडीपी की बनिस्बत वास्तविक (रियल) जीडीपी को अपने आप बढ़ा देता है नामिनल जीडीपी (8.7 फीसदी) और रियल जीडीपी (8.2 फीसदी) में बहुत कम अंतर इसे रेखांकित करता है। अगर मुद्रास्फीति बढ़ती है या इनपुट लागत ऊपर जाती है, अगर तेल की कीमत चढ़ती है क्योंकि भारत रूसी कच्चे तेल से इतर विविधीकरण कर रहा है, तो समग्र जीडीपी की वृद्धि नरम पड़ सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी मौद्रिक नीति समिति की बैठकें अनिश्चितता बढ़ाएंगी, क्योंकि कोई भी नीतिगत दर मांग से जुड़े दबावों को आकार देगी। सकल मूल्य संवर्धन को बांटकर देखने से पता चलता है कि निर्माण (कंस्ट्रक्शन) में 7.2 फीसदी की वृद्धि हुई है, और सेवाओं के वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा उपखंड में 10.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है , जो इस बात की ओर इशारा करता है कि पूंजी- प्रधान, बुनियादी ढांचे से जुड़े सेक्टर इस रफ्तार के केंद्र में रहे हैं। मासिक औद्योगिक सूचक इस पैटर्न की पुष्टि करते हैं, सितम्बर में आईआईपी 4 फीसदी बढ़ा, जिसमें मुख्य पूंजी-प्रधान श्रेणियों जैसे इस्पात (14.1 फीसदी) और सीमेंट (5.3 फीसदी) ने मजबूत वृद्धि दिखायी। यह इस साल आरबीआई द्वारा तीन रेपो-रेट कटौतियों के असर के अनुरूप है। ये कटौतियां जून में नीतिगत दर को 5.5 फीसदी तक नीचे ले आईं और इससे निवेश गतिविधि को समर्थन मिला हो सकता है।

## सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव



प्रथम पीएम स्व. जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया, नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया, नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी, पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

**–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा!



आज गेहूं दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसलों में से एक है, जो विश्व की बड़ी आबादी के भोजन का आधार बनती है। बढ़ती जनसंख्या, सीमित कृषि भूमि, और जलवायु परिवर्तन के बीच यह आवश्यक हो गया है कि गेंहूं जैसी मुख्य फसलों की उपज और पोषण क्षमता में निरंतर सुधार किया जाए। पारंपरिक खेती में नाइट्रोजन उर्वरक का उपयोग गेंहूं की बढ़ोतरी और उत्पादन के लिए आवश्यक माना जाता है, लेकिन इन उर्वरकों का अत्यधिक इस्तेमाल मिट्टी को खराब करता है, पानी को प्रदूषित करता है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। नाइट्रोजन उर्वरक बनाने की उद्योग दुनिया के कुल ऊर्जा उपयोग का बड़ा हिस्सा लेती है और भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न करती है। इन समस्याओं का सबसे टिकाऊ समाधान यह है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर किया जाए कि वह खुद अपना उर्वरक बना सके, ठीक उसी तरह जैसे कुछ पौधेकृजैसे दालेंकृअपनी जड़ों के माध्यम से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करती हैं। इस विचार पर वैज्ञानिकों का शोध तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह कृषि जगत में क्रांति ला सकता है।

प्रकृति में कुछ बैक्टीरिया, विशेष रूप से राइजो. बियम परिवार के, हवा में मौजूद नाइट्रोजन को पौधों के उपयोग योग्य रूप में परिवर्तित करने की क्षमता रखते हैं। यही कारण है कि दालें बिना बाहरी नाइट्रोजन उर्वरकों के भी अच्छी वृद्धि कर लेती हैं। वैज्ञानिकों का उद्देश्य इन बैक्टीरिया या उनकी क्षमता को गेंहूं में लागू करना है ताकि गेंहूं खुद अपनी खाद बना सके। यह लक्ष्य सरल नहीं है, क्योंकि गेंहूं और दालों की जड़ संरचना, आंतरिक जैविक प्रक्रियाएं और रोग प्रतिरोधक प्रणाली अलग होती हैं। लेकिन जीन इंजीनियरिंग और माइक्रोबियल सिंबायोसिस टेक्नोलॉजी में नए विकास ने इसे संभव बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस विचार को लागू करने के तीन प्रमुख वैज्ञानिक मार्गों पर शोध हो रहा है। पहला तरीका यह है कि गेहूं और कुछ लाभकारी बैक्टीरिया के बीच साझेदारी बनाई जाए, यानी गेंहूं की जड़ें उन बैक्टीरिया को पहचानें और उनकी मदद लें जो हवा से नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में बदल सकते हों। इसके लिए वैज्ञानिक ऐसे बैक्टीरिया खोज रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से गेंहूं की जड़ों में टिककर नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर सकें। कुछ प्रयोगों में यह देखा गया है कि यदि बैक्टीरिया को जेनेटिक रूप से संशोधित किया जाए, तो वे गेंहूं की जड़ों में भी नोड्यूल जैसी संरचनाएं बना सकते हैं, जिससे पौधे को नाइट्रोजन लगातार मिलती रहती है। दूसरा तरीका गेहूं के जीनोम में प्रत्यक्ष बदलाव करना है। वैज्ञानिक यह प्रयास कर रहे हैं कि दालों में पाए जाने वाले वे जीन जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण बैक्टीरिया को अपनी जड़ों में आकर्षित और नियंत्रित करते हैं, उन्हें गेंहूं में डाला जाए। प्रारंभिक परीक्षणों में कुछ ऐसे जीन क्लस्टर पहचाने गए हैं जो जड़ कोशिकाओं को इस उद्देश्य के लिए तैयार कर सकते हैं। यदि यह तरीका सफल होता है तो गेंहूं धीरे-धीरे बाहरी उर्वरकों पर निर्भर होने के बजाय एक आत्मनिर्भर पौधे में बदल सकता है। तीसरा तरीका अधिक उन्नत सिंथेटिक बायोलॉजी का है जिसमें लक्ष्य नाइट्रोजन स्थिरीकरण की पूरी प्रक्रिया को सीधे गेहूं के अंदर सक्रिय करना है। इसका मतलब है कि गेंहूं स्वयं उन एंजाइमों और प्रोटीनों का निर्माण करे जिनकी मदद से वह वायुमंडलीय नाइट्रोजन को अमोनिया में परिवर्तित कर सके। यह सबसे चुनौतीपूर्ण तरीका है क्योंकि यह प्रक्रिया बहुत ऊर्जा-खपत वाली होती है और पौधे की बाकी जैविक प्रक्रियाओं पर भी असर डाल सकती है। फिर भी वैज्ञानिकों के मॉडल संकेत देते हैं कि सही जीन अनुक्रम और ऊर्जा प्रबंधन तंत्र के संयोजन से यह दीर्घकाल में संभव है। यदि इन में से कोई भी तरीका सफलतापूर्वक बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है तो कृषि क्षेत्र में बेहद बड़ा परिवर्तन आएगा। किसानों को महंगे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनकी लागत कम होगी और जल प्रदूषण तथा मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार आएगा। गेंहूं का ऐसा रूप पर्यावरण के लिए भी बहुत फायदेमंद होगा क्योंकि नाइट्रोजन उर्वरकों के निर्माण और उपयोग से होने वाला कार्बन उत्सर्जन कम हो जाएगा। इसके अलावा मिट्टी में जैविक सक्रियता बढ़ेगी, जिससे सूक्ष्मजीव संतुलन और मिट्टी की उर्वरता दीर्घकाल के लिए सुरक्षित रहेगी। मौसम की अनिश्चितताओं और जलवायु परिवर्तन की वजह से जो किसान आर्थिक जोखिम झेलते हैं, उनके लिए यह तकनीक एक स्थाई समाधान बन सकती है। भारत जैसे देशों में जहां गेंहूं बड़ी आबादी के भोजन और किसानों की आय दोनों का आधार है, यह शोध विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारतीय किसान अक्सर उर्वरकों पर भारी खर्च करते हैं और कई बार समय पर उपलब्ध न होने या नकली उर्वरक मिलने की वजह से नुकसान भी झेलते हैं। यदि भविष्य में गेंहूं के बीज ऐसे उपलब्ध होते हैं जो खुद अपना नाइट्रोजन उर्वरक बना सकें तो छोटे और सीमांत किसानों को सीधा लाभ होगा। इससे कृषि उपज में वृद्धि, आय में स्थिरता, और खेती को सतत एवं सस्ती बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि इस तकनीक के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि जेनेटिक इंजीनियरिंग से उत्पादित बीजों को लेकर लोगों में संदेह और भय रहता है। खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, और लंबे समय तक स्वास्थ्य पर प्रभावों को समझने के लिए पर्याप्त परीक्षण और समय की आवश्यकता होती है। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि यह तकनीक बड़ी कंपनियों के नियंत्रण में न जाकर किसानों के लिए सुलभ रहे। यदि बीजों के अधिकार या पेटेंट कुछ चुनिंदा कंपनियों के पास होंगे तो किसान फिर से निर्भरता की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी तकनीकें खुले लाइसेंस, सरकारी संस्थानों, और वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग के तहत विकसित की जाएं ताकि इनका लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके। एक और चुनौती कृषि जैव विविधता की है। यदि एक ही प्रकार के इंजीनियर गेहूं के बीजों का अत्यधिक उपयोग किया गया तो रोगों, कीटों या जलवायु आपदाओं का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि पारंपरिक किस्मों और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रजातियों को बनाए रखा जाए और इंजीनियर बीजों का उपयोग विविधता के साथ किया जाए। वैज्ञानिक इस दिशा में भी काम कर रहे हैं कि नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता को विभिन्न गेंहूं प्रजातियों में अनुकूल रूप से जोड़कर अनेक विकल्प उपलब्ध कराए जाएं। इस तकनीक की सफलता हमारे कृषि और पर्यावरण के भविष्य के लिए बहुत मायने रखती है। आधुनिक विज्ञान ने यह साबित किया है कि कृषि को केवल उत्पादन बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि ग्रह और लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए भी विकसित किया जाना चाहिए। यदि गेहूं जैसा प्रमुख खाद्य पौधा स्वयं अपना उर्वरक बनाने में सक्षम हो जाता है तो यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का भी प्रतीक होगा। यह भविष्य की ऐसी तस्वीर है जिसमें किसान, पर्यावरण और उपभोक्ता तीनों लाभान्वित होंगे। अंत में यह कहा जा सकता है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर करने का लक्ष्य कि वह स्वयं अपना उर्वरक बना सके, मानव इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी कृषि उपलब्धियों में से एक बन सकता है। यह विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और खाद्य सुरक्षा के बीच समन्वय का उदाहरण है। हालांकि यह तकनीक अभी विकास के चरण में है, लेकिन तेजी से हो रहे शोध, वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग और टिकाऊ कृषि की बढ़ती आवश्यकता इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है।

आज हो रहा यह काम भविष्य की पीढ़ियों को एक ऐसे कृषि मॉडल की ओर ले जा सकता है जिसमें फसलें पृथ्वी पर बोझ नहीं बल्कि धरती की जीवनदायिनी प्रणाली के साथ सामंजस्य में काम करें। विज्ञान के जरिए जब प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उनसे प्रेरणा ली जाती है तो संभावनाओं का दायरा व्यापक हो जाता है, और गेंहूं को उर्वरक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हो रहे प्रयास इसी सच का प्रमाण हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की जरूरत

**भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिका. रिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर ( कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमजोर संस्करण नहीं ) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।**

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर संबंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती। गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है और यह संख्या हर साल बढ़ रही है, खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है।

यह परिदृश्य जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है। पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं।

अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं-न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है, लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए।

यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हजारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है। बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिजेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48 प्रतिशत) में सरकारी अस्पतालों (14 प्रतिशत) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीजेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15 प्रतिशत अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में यह कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और जरूरत से ज्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

### रोगियों के अधिकार

रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैं-प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकारय चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकारय दूसरी राय लेने का अधिकारय पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकारय गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकारय और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे।

# गुणों की खान अश्वगंधा सर्दियों में देता है खास लाभ

इन दिनों वैद्य और सेलिब्रिटीज अश्वगंधा का काफी गुणगान कर रहे हैं। यह औषधीय पौधा हजारों वर्षों से पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में उपयोग किया जाता रहा है और कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों ने भी दर्शाया है कि तनाव, चिंता, अनिद्रा तथा समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन में अश्वगंधा उपयोगी है। इन सबके चलते अश्वगंधा में जिज्ञासा स्वाभाविक है। कहना न होगा कि अश्वगंधा सभी समस्याओं का कोई रामबाण इलाज नहीं है। इस बारे में न्यूयॉर्क स्थित प्रेस्बिटेरियन हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिति पारिख के अनुसार इसकी प्रभाविता व्यक्ति के लक्षण, शरीर की संरचना और चिकित्सा इतिहास के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा इसके गलत उपयोग से प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकते हैं। अश्वगंधा जिसे इंडियन जिनसेंग या इंडियन विंटर चेरी के रूप में भी जाना जाता है, एक सदाबहार झाड़ी है जिसका उपयोग सदियों से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए किया जाता रहा है। पारिख इसे एक संतुलनकारी बताती हैं।

संतुलनकारी या एडाप्टोजेन ऐसे पदार्थ होते हैं जो शरीर को तनाव के अनुकूल होने और संतुलन बहाल करने में मदद करते हैं और साथ ही सूजन (शोथ) को कम करने, ऊर्जा बढ़ाने, चिंता को कम करने और नींद में सुधार करने में उपयोगी होते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह पौधा अपने सक्रिय घटकों (जैसे एल्केलॉइड, लैक्टोन और स्टेरॉइडल यौगिकों) के माध्यम से शरीर में तनाव प्रतिक्रिया को नियमित करने और शोथ को कम करने का काम करता है। नैसर्गिक रूप से पाए जाने वाले स्टेरॉइड यौगिक विदानोलाइड्स को एंटीऑक्सीडेंट और शोथ-रोधी प्रभावों का धनी माना जाता है।

कई अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि विदानोलाइड्स के सांद्र अर्क सबसे प्रभावी होते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के ओशर सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव हेल्थ की मेलिंडा रिंग के अनुसार यह जैव-सक्रिय घटक कोशिका क्रियाओं को निर्देशित करने वाले संकेतक मार्गों को प्रभावित कर सकते हैं लेकिन इनकी सटीक क्रियाविधि को समझने के लिए अभी भी शोध चल रहे हैं। कई छोटे पैमाने के शोध अश्वगंधा के लाभों का समर्थन करते हैं। भारत में 2021 के दौरान 491 वयस्कों पर किए गए सात अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि जिन प्रतिभागियों ने अश्वगंधा का सेवन किया उनमें प्लेसिबो (औषधि जैसे दिखने वाले गैर-औषधि पदार्थ) लेने वालों की तुलना में तनाव और चिंता का स्तर काफी कम रहा। भारत में ही 372 वयस्कों पर किए गए पांच अध्ययनों की समीक्षा में नींद की अवधि और गुणवत्ता में मामूली लेकिन उल्लेखनीय सुधार देखा गया। यह खासकर अनिद्रा से पीड़ित लोगों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध हुआ।

इसके अलावा अश्वगंधा की पत्तियों में पाया जाने वाला ट्रायएथिलीन ग्लायकॉल संभावित रूप से GABA रिसेप्टर्स को प्रभावित कर नींद को बढ़ावा देता है, जो तनाव या भय से जुड़ी तंत्रिका कोशिका गतिविधि को अवरुद्ध करके मस्तिष्क में एक शांत प्रभाव पैदा करता है। रिंग यह भी बताती हैं कि अश्वगंधा अर्क नींद से जागने पर बिना किसी गंभीर दुष्प्रभाव के मानसिक सतर्कता में सुधार करता है। कुछ अध्ययन गठिया, यौन स्वास्थ्य, पुरुषों में बांझपन, मधुमेह और एकाग्रता अवधि और स्मृति सुधार में अश्वगंधा को प्रभावी बताते हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश मामलों में और अधिक डैटा की आवश्यकता है।

सुरक्षितता के मामले में यू.एस. नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ की विशेषज्ञ बारबरा सी. सॉर्किन का सुझाव है कि अधिकांश लोगों के लिए लगभग तीन महीने तक अश्वगंधा का सेवन सुरक्षित है, लेकिन गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, प्रोस्टेट कैंसर पीड़ितों और थायराइड हारमोन की दवाओं का सेवन करने वालों को सावधानी बरतनी चाहिए। अश्वगंधा संभवत: यकृत की समस्याएं पैदा कर सकता है, थायरॉइड ग्रंथि के कार्य को प्रभावित कर सकता है तथा थायरॉइड औषधियों व अन्य दवाओं के साथ अंतर्क्रिया भी कर सकता है। यकृत स्वास्थ्य और हारमोन के स्तर पर इसके प्रभाव को देखते हुए डेनमार्क में तो अश्वगंधा पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया है, लेकिन भारत में इसका काफी अधिक उपयोग किया जा रहा है।

चूंकि यूएस में अश्वगंधा जैसे आहार अनुपूरक का नियमन दवाओं की तरह नहीं किया जाता है, इसलिए अनुपूरकों के वास्तविक घटक और गुणवत्ता पता करना मुश्किल होता है। लेकिन कंज्यूमरलैब जैसी स्वतंत्र प्रयोगशाला संस्थाएं उपभोक्ताओं को गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने वाले ब्रांड पहचानने में मदद कर सकती हैं। बहरहाल, विशेषज्ञ अश्वगंधा के सेवन से पहले डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह देते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह आपकी स्वास्थ्य स्थितियों और दवाओं के साथ उपयुक्त है या नहीं।

**( स्रोत फीचर्स )**



## संक्षिप्त समाचार

### 15 देशों का चीन पर मानवाधिकार हनन का आरोप

**न्यूयॉर्क।** 15 देशों के गठबंधन ने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति के दौरान चीन पर गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार हनन का आरोप लगाया है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे राष्ट्रों ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मानवाधिकार रिकार्ड पर गहरी चिंता जताई। फयूल की एक रिपोर्ट के अनुसार इन्होंने अपने बयान में चीन सरकार पर मनमानी हिरासत, जबरन श्रम, अवैध सामूहिक निगरानी, और धार्मिक/सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर महत्वपूर्ण अंकुश लगाने की निंदा की।

### पोलैंड को अमेरिका से अब्राम्स टैंकों की नई खेप हुई प्राप्त

**वारसॉ।** पोलैंड के उप रक्षा मंत्री पावेल बेजदा ने बताया कि सेना को अमेरिका के 32 एम1ए2 अब्राम्स टैंक की खेप मिलने से रक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। बेजदा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि यह नवीनतम अब्राम्स टैंकों की चौथी खेप है। वर्तमान में, 32 एम1ए2 टैंक पोलिश बंदरगाह पर उतारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये टैंक पोलिश सशस्त्र समूह के संयंत्र में संशोधित किए जाने के बाद सेवा में शामिल किए जाएंगे।

### ताकाइची से ताइवान संबंधी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह

**टोक्यो।** जापान के कई विपक्षी दलों के नेताओं ने ताइवान पर प्रधानमंत्री साने ताकाइची की हालिया अनुचित टिप्पणियों की तीखी आलोचना की है और उनसे जापान-चीन संबंधों को और नुकसान से बचाने के लिए अपनी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह किया है। जापान की संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी के नीति प्रमुख, सातोशी होंजो ने एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि सुताकाइची के बयानों से जापानी कानून के तहत 'अस्तित्व के लिए खतरा' वाली स्थिति की अपर्याप्त समझ का पता चलता है।

### होंडुरास में राष्ट्रपति की दौड़ में कांटे का टक्कर

**टेगुसिंगल्पा।** होंडुरस में राष्ट्रपति पद के लिए मतों की गिनती बराबरी पर बनी हुई है। मतदाताओं ने सोमवार को राष्ट्रपति, राष्ट्रीय कांग्रेस के 128 सदस्यों और संसद के 20 प्रतिनिधियों को चुनने के लिए वोट डाले। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को 57.03 प्रतिशत वोटों की गिनती होने तक, नेशनल पार्टी के उम्मीदवार नसरी असफुरा को 749022 मत मिले, जो वैध मतपत्रों का 39.91 प्रतिशत है। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी लिबरल पार्टी ऑफ होंडुरास के सल्वाडोर नसरल्ला को 748507 मत मिले और वह असफुरा के पीछे हैं। यह अंतर केवल 515 मतों का है।

# भारत ने इंसानियत के नाते पाक के लिए एयरस्पेस खोला

## मदद लेकर श्रीलंका जाएगा विमान, पहलगाम हमले के समय बंद किया था



पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी

**नई दिल्ली।** भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की ओवरफ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई। ओवरफ्लाइट यानी, जब कोई विदेशी विमान किसी देश की सीमा के ऊपर से गुजरता है, लेकिन वहां लैंड नहीं करता, तो उसे ओवरफ्लाइट कहते हैं।

सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी। पाकिस्तान ने 1 दिसम्बर को ही ओवरफ्लाइट इजाजत मांगी थी। इसका मकसद श्रीलंका को मानवीय मदद देना बताया गया। इसे देखते हुए भारत ने बहुत तेजी से रिक्वेस्ट प्रोसेस की। इस दौरान सोमवार को 5.30 बजे आधिकारिक चैनलों के जरिए पाकिस्तानी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने की परमिशन दी गई। इसकी जानकारी पाकिस्तान सरकार को दे दी गई। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया था। इसके कारण पहले पाकिस्तान ने फिर भारत ने अपना एयरस्पेस एक-दूसरे के विमानों के लिए बंद कर दिया। अधिकारियों का यह बयान तब आया जब पाकिस्तानी मीडिया ने कहा कि नई दिल्ली ने ओवरफ्लाइट के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने से मना कर दिया है। अधिकारियों ने इन आरोपों को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि यह मंजूरी पूरी तरह से मानवीय कदम था। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखा है इसके बावजूद भारत ने विमान गुजरने की मंजूरी दी। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया था। भारत ने 30 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान में रजिस्टर्ड और आपरेट होने वाले विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करने का निर्देश जारी किया। यह कदम तब उठाया गया, जब दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने 24 अप्रैल 2025 को खुद भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान एयरस्पेस बंद करने से पहले, रोजाना 100/150 भारतीय विमान पाकिस्तानी एयरस्पेस से गुजरते थे। साइक्लोन दितवाह की वजह से श्रीलंका में भारी बाढ़ आई है। श्रीलंका में कम से कम 334 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। भारत ने साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को 53 टन राहत सामग्री भेजी है। कोलंबो में इंडियन नेवी के दो जहाज से 9.5 टन इमरजेंसी राशन भेजा गया है। इनमें टेंट, तिरपाल, कंबल, हाइजीन किट, रेडी-टू-ईट खाने की चीजें, दवाइयां और सर्जिकल इक्विपमेंट समेत 31.5 टन और राहत सामग्री एयरलिफ्ट करने के लिए इंडियन एयर फोर्स के तीन एयरक्राफ्ट तैनात हैं। साथ ही पांच लोगों की मेडिकल टीम, एनडीआरएफ की 80 लोगों की स्पेशल टीम भी भेजी हैं। इसके अलावा, नई दिल्ली ने इंडियन नेवी के जहाज सुकन्या (त्रिंकोमाली में) पर 12 टन और राहत सामग्री भेजी है, जिससे कुल सामग्री 53 टन हो गई है।



चेन्नई। चक्रवात दित्वा के बाद जलमग्न सड़क पर सब्जी बेचता एक व्यक्ति।

### मलेशिया में तीन जापानी नागरिक गांजे की तस्करी में शामिल

**कुआलालंपुर।** मलेशियाई सीमा शुल्क अधिकारियों ने जापान के तीन लोगों पर 40 किलो से अधिक गांजे की तस्करी के प्रयास के आरोप सोमवार को आरोप लगाए। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों में हिरोशिमा प्रांत के वतारू मात्सुकी (42) और ओसाका प्रांत के रयोता युआसा (32) तथा एक 19 वर्षीय व्यक्ति शामिल हैं। कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क जांच के दौरान तीनों के सूटकेस से गांजे की बरामदगी की गई। इसका कुल मूल्य 16 करोड़ जापानी एन आंका गया था। इन तीनों को गत 18 नवम्बर को बैंकॉक से कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया गया था।

# मुश्किल समय में श्रीलंका का सहारा बना भारत

एनडीआरएफ ने नौ महीने की गर्भवती महिला को दिया नया जीवन

**कोलंबो।** श्रीलंका इन दिनों चक्रवात 'दित्वाह' से हुई भारी तबाही से जूझ रहा है। देश में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। ऐसी भयावह स्थिति में श्रीलंका के लिए भारत का राहत अभियान सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरा है।

बाढ़ और भूस्खलन से जूझते कई इलाकों में हालात बेहद गंभीर हैं, वहीं भारतीय एनडीआरएफ टीम ने पुत्तलम जिले में मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए नौ महीने की गर्भवती महिला को सुरक्षित बचाकर तत्काल चिकित्सा सहायता पहुंचाई। बता दें कि 'चक्रवात दित्वाह' के चलते श्रीलंका में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। कई स्थानों पर सड़कें टूट गई हैं और राहत पहुंचाना मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि 16 नवंबर से अब तक 390 लोगों की मौत हो चुकी है और 352 लोग लापता हैं। ऐसे में भारत ने एक अच्छे पड़ोसी होने का परिचय देते हुए मदद का हाथ आगे बढ़ाया और श्रीलंका की मदद के लिए बड़ा राहत अभियान चलाया है, जिसे आपरेशन 'सागर बंधु' नाम दिया गया है।

# पाक ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेजी

बाढ़ राहत के लिए भेजे गए फूड पैकेट की तस्वीर वायरल, इस पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 लिखा हुआ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में आए साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए पाकिस्तान ने मदद भेजी थी, लेकिन उन फूड पैकेट पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 थी।

पाकिस्तान ने पानी, दूध पाउडर और आटे सहित कई पैकेट भेजे थे। पाकिस्तान हाई कमीशन श्रीलंका ने 30 नवम्बर को सोशल मीडिया एक्स पर इससे जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें राहत सामग्री की तस्वीर भी जारी की गई, जिसमें एक्सपायरी डेट लिखी नजर आ रही है। ये पोस्ट वायरल हो रहा है, कई यूजर्स पाकिस्तान की आलोचना कर रहे हैं। हालांकि अब तक पाकिस्तान का रिएक्शन सामने नहीं आया है। श्रीलंका साइक्लोन दितवाह की वजह से भारी बाढ़ का सामना कर रहा है। इससे 390 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। बाढ़ के कारण 2 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रहने को मजबूर हो गए हैं। बाढ़ के चलते श्रीलंका बिजली कटौती का सामना कर रहा है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले भी पाकिस्तान रिलीफ मटेरियल को लेकर विवादों में रह चुका है। साल 2022 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इस दौरान पाकिस्तान ने तुर्की को उसी का भेजा रिलीफ मटेरियल वापस पैक करके भेज दिया था। दरअसल, साल 2021 में पाकिस्तान में बाढ़ के बाद तुर्की ने मदद भेजी थी। तुर्की ने इस हरकत के लिए पाकिस्तान को फटकार भी लगाई थी। तुर्की और सीरिया में भूकंप से 47 हजार लोगों की मौत हुई थी। भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की फ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दी। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई।

# खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक

## चीन से बांग्लादेश पहुंची डॉक्टरों की विशेष टीम, अस्पताल के बाहर सुरक्षा भी बढ़ाई गई



80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था

**ढाका।** बांग्लादेश की तीन बार की प्रधानमंत्री और राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। उन्हें इलाज के लिए ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ऐसे में और बिगड़ते हालात को देखते हुए चीन की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम सोमवार को ढाका पहुंची और रात में अस्पताल में इलाज की प्रक्रिया में शामिल हो गई। इस टीम ने अस्पताल के चिकित्सा बोर्ड से बैठक की, जिसमें उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा हुई। अस्पताल के हृदय विशेषज्ञ और बोर्ड के प्रमुख डा शाहाबुद्दिन तालुकदार ने बताया कि खालिदा जिया की हालत स्थिर नहीं है और वह फिलहाल विदेश में इलाज के लिए यात्रा करने योग्य नहीं हैं। बता दें कि 80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने के बाद उन्हें चार दिन बाद कोरोनरी केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया। रविवार रात से उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है। दूसरी ओर बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अस्पताल के मुख्य गेट पर बैरिकेड लगाकर मरीजों की आवाजाही और सुरक्षा को नियंत्रित किया है। खालिदा जिया के चारों ओर सभी आसपास के कमरे खाली करवा दिए गए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन्हें बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति घोषित किया है। इसके बाद स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) के जवान अस्पताल में तैनात किए गए। खालिदा जिया के स्वास्थ्य को लेकर बीएनपी उपाध्यक्ष एडवोकेट अहमद आजम खान ने बताया कि खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। उन्होंने कहा कि अब कुछ करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है, बस पूरे देश से दुआ की अपील है।

# पूर्वव्यापी हमले वाले बयान पर भड़का रूस

पश्चिमी देशों को दी चेतावनी, तनाव बढ़ने की आशंका, यूक्रेन संकट समाधान की कोशिशों को नुकसान

**मास्को।** रूस ने नाटो के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी द्वारा मास्को पर संभावित पूर्वव्यापी हमले की अनुमति संबंधी टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मास्को ने इसे बेहद गैर-जिम्मेदाराना बयान बताया है और कहा है कि ऐसे वक्तव्य सीधे तौर पर यूरोप और पश्चिमी देशों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि ऐसी भाषा न केवल तनाव बढ़ाती है बल्कि यूक्रेन संकट को सुलझाने की मौजूदा कोशिशों को भी कमजोर करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यह प्रतिक्रिया नाटो मिलिट्री कमेटी के चेयर और इटली के एडमिरल ग्यूसेप्पे कैवो ड्रागोने के उस इंटरव्यू पर दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ परिस्थितियों में रूस पर पूर्वव्यापी हमले को डिफेंसिव एक्शन माना जा सकता है। यह इंटरव्यू लंदन की फाइनेंशियल टाइम्स को दिया गया था। जखारोवा ने कहा कि ड्रागोने का बयान पूरी तरह उकसाने वाला है और इसे नाटो की रूस के खिलाफ आक्रामक नीति के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए।

# पाक सरकार ने इमरान समर्थकों के सामने टेके घुटने

## पाकिस्तान के पूर्व पीएम की बहन उजमा खातून को जेल में मुलाकात की इजाजत मिली



73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को इमरान खान की बहन को जेल में उनसे मिलने की इजाजत दे दी है। सरकार की ओर से यह फैसला तब लिया गया है जब उनकी सेहत को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक जमा हो गए थे। 73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं।

पिछले एक महीने से उनसे किसी को मिलने की इजाजत नहीं दी गई है। लंबे समय से इमरान खान से उनके परिजनों को पाकिस्तान सरकार मिलने नहीं दे रही थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख से उनके परिवारवालों के लगातार मिलने से मना करने के कारण सोशल मीडिया पर यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह जिंदा हैं या मर गए। हालांकि अदियाला जेल अधिकारियों ने दावा किया कि उनकी सेहत अच्छी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान को लगभग एक महीने बाद उनकी बहन डा. उजमा खान से मिलने की इजाजत दी गई है। बताया जा रहा है कि जेल प्रशासन ने डा. उजमा को जेल परिसर के अंदर बुलाया है। जहां वह इमरान खान से मुलाकात करेंगी। अदियाला जेल के बाहर इमरान खान के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद हैं। बहन से मुलाकात के बाद इमरान खान की सेहत की जानकारी सामने आएगी। वहीं दूसरी ओर पीटीआई ने एक बयान में कहा कि इमरान खान की एक बहन डा. उजमा खान को उनसे मिलने की इजाजत दी गई, लेकिन देखते हैं कि सरकार अपना वादा पूरा करती है या नहीं। इस बीच, पंजाब सरकार ने पीटीआई के विरोध को रोकने के लिए अदियाला रोड पर पूरी रावलपिंडी पुलिस फोर्स तैनात कर दी। सरकार ने पहले ही रावलपिंडी और इस्लामाबाद में धारा 144 लगा दी है। रावलपिंडी के आठ पुलिस स्टेशनों के स्टेशन हाउस आफिसर और सीनियर अधिकारी अदियाला जेल के बाहर मौजूद हैं। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया, आठ किलोमीटर का इलाका पूरी तरह से सील कर दिया गया है।

### भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा रूस: पेस्कोव

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले उनके प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ व्यापार असंतुलन के बारे में रूस अवगत है और उनका देश भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा है। पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूस की सरकारी समाचार एजेंसी स्पूतनिक द्वारा यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि पुतिन सरकार डॉलर से इतर व्यापार के विकल्प के समर्थन में है। उन्होंने रूसी तेल की बिक्री पर अमेरिकी प्रतिबंध को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि इस समय दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 63 अरब डॉलर का है जिसे साल 2030 तक बढ़ाकर 100 अरब डॉलर का करने का लक्ष्य है।

# वेनेजुएला पीएम मादुरो को ट्रम्प की चेतावनी

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने फोन करके कहा: देश छोड़ दें, अमेरिका-वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ा



अमेरिका ने मादुरो उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था

**वाशिंगटन।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव एक बार फिर खतरे की रेखा पार करता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से फोन पर बात की और उन्हें तीखा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि वह तुरंत देश नहीं छोड़ते, तो हालात और गंभीर हो जाएंगे।

ट्रम्प की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब कैरेबियन क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ चुकी है और दोनों देशों के रिश्ते पहले से ही बेहद तनावपूर्ण हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फोन काल के दौरान ट्रम्प ने मादुरो से साफ कहा कि आप खुद को और अपने करीबियों को बचा सकते हैं, लेकिन आपको अभी देश छोड़ना होगा। अमेरिका ने मादुरो, उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव मादुरो के कई शीर्ष सहयोगियों तक भी बढ़ाया गया था। लेकिन मादुरो ने इसे ठुकरा दिया। वेनेजुएला की तरफ से दो मुख्य मांगें रखी गईं। पहली, मादुरो और उनके करीबी सर्कल के लिए वैश्विक माफी और दूसरी, वेनेजुएला की सेना पर पूरा नियंत्रण बनाए रखने का अधिकार। अमेरिका ने इन दोनों मांगों को मंजूर करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद बातचीत पूरी तरह टूट गई। ट्रम्प ने रविवार को स्वीकार किया कि उन्होंने हाल ही में मादुरो से बात की है, लेकिन उन्होंने बातचीत की प्रकृति पर कोई जानकारी देने से मना कर दिया। इसके कुछ ही घंटे बाद उन्होंने दुनिया को चेतावनी दी कि वेनेजुएला का एयरस्पेस पूरी तरह बंद माना जाए। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों ने वेनेजुएला के ऊपर से उड़ान भरना बंद कर दिया। फ्लाइटराडार 24 के मुताबिक, देश के ऊपर एक भी विदेशी विमान नहीं देखा गया। कुछ एयरलाइंस ने वैकल्पिक रास्ते अपनाए, जबकि कई ने सेवाएं रोक दीं। रिपोर्ट के अनुसार, काल 16 नवम्बर को हुई थी। इसमें मादुरो ने दो बड़े आश्वासन मांगे पहला, कि उन्हें और उनकी टीम को किसी भी मौजूदा आरोपों से वैश्विक स्तर पर पूरी तरह माफी मिले। दूसरा, वेनेजुएला की सेना पर उनका नियंत्रण बना रहे, भले ही भविष्य में देश में स्वतंत्र चुनाव हों। अमेरिका ने इन दोनों शर्तों को सख्ती से खारिज कर दिया और कहा कि मादुरो को पद तुरंत छोड़ना होगा। बताया गया कि मादुरो सरकार ने अमेरिकी प्रशासन से दोबारा बातचीत की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति मादुरो और उनकी शासन व्यवस्था पर अब तक का सबसे बड़ा दबाव बना रही है।

